






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 282

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 26 जुलाई, 2024


# पुलिस भर्ती परीक्षा 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को

## शासन सख्त, परीक्षाओं की शुचिता से छेड़छाड़ करने पर आजीवन सजा और एक करोड़ का जुर्माना देना होगा

- परीक्षा का आयोजन प्रतिदिन दो पालियों में होगा और प्रति पाली में लगभग पांच लाख अभ्यर्थी परीक्षा देंगे
- पुलिस के 60244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा है
- पेपर लीक के कारण पहले हो चुकी यह परीक्षा निरस्त कर दी गई थी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा दिनांक 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त 2024 को आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा का आयोजन प्रतिदिन दो पालियों में होगा और प्रति पाली में लगभग पांच लाख अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षाओं की शुचिता से छेड़छाड़ करने पर आजीवन सजा और एक करोड़ का जुर्माना देना होगा। पेपर लीक के कारण पहले हो चुकी यह परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि यह परीक्षा छह माह के अन्दर शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को दृष्टिगत रखते हुये पुनः आयोजित करायी जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस परीक्षा को एक निश्चित समय सीमा के अन्तर्गत पारदर्शी तरीके से उच्चतम मानकों के अनुसार आयोजित करने की प्रतिबद्धता के क्रम में यह कार्यक्रम घोषित किया गया है। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से कराये जाने के सम्बन्ध में परीक्षा सम्बन्धित विभिन्न व्यवस्थाओं जैसे-परीक्षा की तैयारियों, परीक्षा केन्द्रों के चयन, परीक्षार्थियों का सत्यापन, छद्मनिरूपण रोके जाने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिनांक-19.06.2024 को जारी किए गये हैं। यह परीक्षा इन सभी मानकों के अनुसार की जा रही है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों, जैसे प्रश्नपत्र लीक होना, उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ आदि को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश-2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-6, सन 2024) दिनांक 01 जुलाई, 2024 को अधिसूचित किया गया है, इस अधिनियम में प्रावधान किया गया है कि इस अधिनियम के अन्तर्गत परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना या नकल कराना, प्रश्न पत्र का प्रतिरूपण करना या प्रकट करना या प्रकट करने का षड्यंत्र करना आदि कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं। जो इस अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय है। ऐसे प्रकरणों में एक करोड़ तक का जुर्माना और आजीवन कारावास तक की सजा दोनों ही हो सकती है।



### प्रवेश पत्र दिखाकर अभ्यर्थी कर सकेंगे निशुल्क बस यात्रा

परीक्षा का आयोजन प्रतिदिन दो पालियों में होगा और प्रति पाली में लगभग पांच लाख अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की नि:शुल्क बस सेवा की सुविधा रहेगी। अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार इसका लाभ ले सकते हैं जिसके लिए बस से यात्रा करने वाले अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र की अतिरिक्त दो प्रतियां डाउनलोड करनी होंगी तथा उसकी एक प्रति परीक्षा केन्द्र के जनपद तक की यात्रा एवं दूसरी प्रति परीक्षा उपरान्त अपने जनपद तक की यात्रा के लिए बस कंडक्टर को प्रस्तुत करना होगा।

### इस बार परीक्षा 5 दिन में कराई जाएगी

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने गुरुवार को नया टाइम टेबल जारी करते हुए कहा- इस बार परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सख्त नियम बनाए हैं। एग्जाम के दिन अभ्यर्थियों के लिए रोडवेज की बस सेवा फ्री रहेगी। इसके लिए अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड दिखाना होगा। पिछली बार 50 लाख परीक्षार्थियों की परीक्षा 2 दिन में करवाई गई थी, लेकिन इस बार परीक्षा 5 दिन में कराई जाएगी। ताकि अव्यवस्था न हो और सुरक्षा बनी रहे। बोर्ड ने बताया कि यूपी सरकार की तरफ से पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून लागू किया गया है। इसमें पेपर लीक जैसे मामलों में एक करोड़ तक का जुर्माना और आजीवन कारावास तक की सजा या दोनों हो सकती है।

### परीक्षा सेंटर बदलेंगे, नए एडमिट कार्ड जारी होंगे

पुलिस भर्ती बोर्ड ने पेपर लीक रोकने के लिए परीक्षा व्यवस्था में कई बदलाव किए हैं। प्रदेशभर में 1200 एग्जाम सेंटर बनाए जाएंगे। सरकारी और एडेड स्कूलों को ही सेंटर बनाया जाएगा। यानी, प्राइवेट स्कूलों को सेंटर नहीं बनाया जाएगा। अभ्यर्थियों के नए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। ऐसे में नए एडमिट कार्ड जारी होंगे। एग्जाम में नए छात्र शामिल नहीं होंगे, जो पिछली परीक्षा में शामिल हुए थे। वही, इस बार भी शामिल होंगे। रोडवेज बस में फ्री सफर के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र की दो प्रतियों अतिरिक्त डाउनलोड करनी होगी। एक प्रति परीक्षा सेंटर तक पहुंचने और दूसरी प्रति घर तक सफर के दौरान कंडक्टर को देनी होगी।

### अब तक 287 सॉल्वर पकड़े गए

फरवरी में पेपर होने के बाद छात्रों का आरोप था कि परीक्षा से 1 दिन पहले ही पेपर वॉट्सएप और टेलीग्राम ग्रुपों में सर्कुलेट हो रहा था। टेलीग्राम पर 100-100 रुपए में परीक्षा के पेपर बेचे गए। पेपर लीक के सबूत मिलने के बाद योगी ने सरकार ने एग्जाम कैंसिल कर दिया था। पुलिस ने 287 सॉल्वर और उनकी गैंग से जुड़े लोग पकड़े थे।

# संसद में गूंजा पुरानी पेंशन और सब्जियों के बढ़ते दाम का मुद्दा

- मानसून सत्र: चन्नी ने मूसेवाला हत्याकांड का जिक्र किया
- बोले, युवाओं को मारा जा रहा, किसानों को खालिस्तानी बता रहे, मणिपुर हिंसा, ये सब इमरजेंसी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के मानसून सत्र का गुरुवार को चौथा दिन दोनों सदनों में बजट पर बहस जारी है। पंजाब के पूर्व सीएम और जालंधर से कांग्रेस सांसद ने कहा, पंजाब में सिद्धू मूसेवाला जैसे युवाओं को मारा जा रहा है। किसानों को खालिस्तानी बताया जा रहा है। मणिपुर हिंसा, हाथरस रेप केस, पहलवानों से हिंसा सब इमरजेंसी ही है। इससे पहले लोकसभा में संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा- बजट सत्र में सिर्फ बजट पर चर्चा होनी चाहिए। जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनादेश दिया है, आप इसका अपमान करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बिल्कुल ठीक नहीं है। रिजिजू के यह बोलते ही विपक्ष के सांसद हंगामा करने लगे। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने सभी सांसदों से मर्यादा बनाए रखने की अपील की।

### चन्नी ने सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुद्दा उठाया

पंजाब के पूर्व सीएम और जालंधर के सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने बजट पर चर्चा के दौरान कहा- सदन में प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री कहां है? हमें जानना है कि हमें बजट में आपने क्या दिया। सरकार रोज इमरजेंसी की बात करती है। लेकिन पंजाब में सिद्धू मुसेवाला जैसे युवाओं को मारा जा रहा है, यह भी इमरजेंसी है। किसानों को खालिस्तानी बताया जा रहा है, यह भी इमरजेंसी है। मणिपुर हिंसा, हाथरस रेप केस, पहलवानों से हिंसा सब इमरजेंसी ही है।



### सभापति ने महिला सांसद से कहा, आप हरी साड़ी पहनकर आई हैं, सदन के माहौल को शांत करिए

टीएमसी सांसद साकेत गोखले केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र सिंह से मिले जवाब के बाद हंगामा करने लगे। जिस पर स्पीकर ने उन्हें संसद में अनुशासन में अनुशासन बनाए रखने की बात कही। गोखले के बाद सवाल पूछने उठी बीजेडी सांसद सुलता देवी से सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आप हरी साड़ी पहने हुए हैं, ऐसे में अपने सवाल से संसद के तापमान को कम कीजिए और शांति का माहौल बनाइए। सुलता देवी ने मयूरभंज की संस्कृति और धरोहर के संरक्षण से जुड़ा सवाल पूछा।

### 'विपक्ष जनादेश का अपमान कर रहा, इसके बाद हंगामा'

लोकसभा में किरण रिजिजू ने कहा, संसदीय कार्य मंत्री होने के नाते मैं फिर अपील करता हूं कि बजट सत्र में बजट पर चर्चा होनी चाहिए। विपक्ष छोटे किसानों, आदिवासियों के लिए किए गए प्रावधानों पर चर्चा क्यों नहीं करता? जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनादेश दिया है, आप इसका अपमान करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बिल्कुल ठीक नहीं है। बजट सत्र में बजट पर चर्चा होनी चाहिए। रिजिजू के यह बोलते ही विपक्ष के सांसद हंगामा करने लगे। इस पर स्पीकर ओम बिड़ला ने सभी सांसदों से मर्यादा बनाए रखने की अपील की।

### कांग्रेस ने खड़गे के बयान का बचाव किया

राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को माताजी कहा था। कांग्रेस ने उनके बयान पर अपना पक्ष रखा। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा- खड़गे कर्नाटक के हैं। वहां महिलाओं को अम्मा कहकर संबोधित किया जाता है। माताजी सिर्फ अम्मा का अनुवाद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इसके लिए सम्मानित महसूस करना चाहिए।

# खनिजों पर टैक्स के मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## कहा, मिनरल्स पर दी जाने वाली रॉयल्टी टैक्स नहीं, राज्यों को टैक्स लगाने का हक है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

खनिजों पर टैक्स वसूलने के मामले पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने फैसला सुनाया है। सीजेआई ने कहा है कि बेंच ने 8:1 के बहुमत से फैसला किया है कि खनिजों पर लगने वाली रॉयल्टी को टैक्स नहीं माना जाएगा। सीजेआई ने कहा है कि माइंस और मिनरल्स डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन एक्ट राज्यों की टैक्स वसूलने की शक्तियों को सीमित नहीं करता है। राज्यों को खनिजों और खदानों की जमीन पर टैक्स वसूलने का पूरा अधिकार है। खदानों और खनिजों पर केंद्र की ओर से अब तक टैक्स वसूली के मुद्दे पर 31 जुलाई को सुनवाई होगी। दरअसल, अलग-अलग राज्य सरकारों और खनन कंपनियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में 86 याचिकाएं पहुंची थीं। कोर्ट को को तय करना था कि मिनरल्स पर रॉयल्टी और खदानों पर टैक्स लगाने के अधिकार राज्य सरकार को होने चाहिए या नहीं। सुप्रीम कोर्ट में 8 दिन तक चली सुनवाई में केंद्र ने कहा था कि राज्यों को यह अधिकार नहीं होना चाहिए। अदालत ने 14 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था।



### टैक्स लगाने का अधिकार राज्यों को भी: कोर्ट

पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- संविधान में खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने का अधिकार केवल संसद को ही नहीं है, बल्कि राज्यों को भी दिया गया है।

### केंद्र की दलील, राज्यों को टैक्स लगाने का अधिकार दिया तो महंगाई बढ़ेगी

केंद्र ने कहा था कि अगर राज्यों को टैक्स लगाने का अधिकार दिया तो राज्यों में महंगाई बढ़ेगी। खनन क्षेत्र में एफडीआई में दिक्कतें आएंगी। इससे भारतीय मिनरल्स महंगे होंगे और इंटरनेशनल मार्केट में कॉम्पिटिशन घटेगा। केंद्र सरकार ने अपने हलफनामा में खनिज पर रॉयल्टी से अधिक टैक्स लगाने का विरोध किया था। केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने सुनवाई के दौरान तर्क दिया था, केंद्र के पास खदान और खनिजों पर टैक्स लगाने की ज्यादा शक्तियां हैं। वहीं, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि खदान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम राज्यों को खनिजों पर टैक्स लगाने से रोकती है।

# घुप अंधेरा, तेज बहाव, 40 मिनट का रेस्क्यू ऑपरेशन और 4 को मिली नई जिंदगी

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

- संकट की घड़ी में साथी बन कुशीनगर जिला प्रशासन के देवदूतों ने सीएम योगी के कथन को किया चरितार्थ
- अदम्य साहस का परिचय देते हुए देर रात बड़ी गंडक नदी के तेज बहाव में फंसे चार लोगों की बचाई जान
- जिलाधिकारी, एडीएम एफआर, खड्डा एसडीएम और एसडीआरएफ ने कड़ी मशक्कत के बाद दिया रेस्क्यू को अंजाम
- वर्ष 2003 में इसी स्थान पर तेज बहाव के चलते चली गयी थी 16 लोगों की जान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संकट की घड़ी में हर प्रदेशवासियों की मदद को तत्पर रहते हैं। वह हमेशा प्रदेशवासियों से कहते भी हैं कि संकट की घड़ी में प्रदेश सरकार उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्हे किसी भी चीज की चिंता करने की जरूरत नहीं है। सीएम योगी के इस कथन को बुधवार देर रात कुशीनगर जिला प्रशासन ने चरितार्थ करके दिखाया है। कुशीनगर जिला प्रशासन ने खड्डा तहसील की बड़ी गंडक नदी में अचानक बढ़े हुए जलप्रवाह के बीच फंसे चार लोगों को अदम्य साहस का परिचय देते हुए रेस्क्यू किया। टीम ने देर रात घुप अंधेरे और तेज बहाव के बीच महज कुछ मिनटों में रेस्क्यू ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए सभी को सुरक्षित बचा लिया। इस पर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के रेस्क्यू ऑपरेशन की काफी तारीफ की। बता दें कि वर्ष 2003 में यहां पर तेज बहाव की वजह से 16 लोगों की जान चली गयी थी। राहत आयुक्त जीएस नवीन के मुताबिक बुधवार रात आठ बजे कुशीनगर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि खड्डा तहसील के एसडीएम ऋषभ पुंडीर और एडीएम एफआर वैभव मिश्रा ने बड़ी गंडक नदी में अचानक तेज बहाव की वजह से एक नाव पलटने की सूचना दी। इस हादसे में चार लोग पुनियावन पुल के पास तेज बहाव के बीच फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने रात में रेस्क्यू ऑपरेशन की परमीशन मांगी। इस पर तत्काल परमीशन देते हुए एसडीआरएफ के कमांडेंट को रेस्क्यू का आदेश दिया। एडीएम एफआर वैभव मिश्रा ने बताया कि ऑपरेशन की परमीशन मिलते ही एसडीआरएफ मौके पर पहुंची। एडीएम एफआर ने बताया कि घुप अंधेरा होने की वजह से एसडीआरएफ ने ऑपरेशन चलाने में असमर्थता जतायी। इसपर तत्काल प्रकाश की व्यवस्था कराई गई। इसके बाद रेस्क्यू शुरू किया गया। एडीएम एफआर वैभव मिश्रा, एसडीएम खड्डा ऋषभ पुंडीर और एसडीआरएफ की टीम ने अदम्य साहस का परिचय देते में हुए कड़ी मशक्कत के बाद महज 40 मिनट में पानी के तेज बहाव में फंसे चारो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।



### रेस्क्यू किए गये लोग बिहार के हैं निवासी

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि बड़ी गंडक नदी के तेज बहाव में फंसे चारो लोग बिहार के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि चारो लोग देर रात नदी में मछली पकड़ने गये थे। इस दौरान अचानक नदी का बहाव तेज हो गया और नाव पलट गयी। वहीं नदी में तेज बहाव होने की वजह से वह बहते हुए पुनियाहवा पुल के पास फंस गये। ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिलने पर एसडीएम खड्डा ऋषभ ने एडीएम एफआर वैभव मिश्रा को रात 8 बजे जानकारी दी। इसके बाद ऑपरेशन शुरू किया गया और 40 मिनट में सफलतापूर्वक सभी को सुरक्षित बचा लिया गया। एडीएम एफआर ने बताया कि नदी के तेज बहाव में राजकुमार सहानी, भुवाली सहानी, सुभाष साहनी और शैलेश कुमार फंस गये थे। उन्होंने बताया कि चारो बिहार के बगाह नारायणपुर घाट के रहने वाले हैं। ऑपरेशन के बाद सभी का मेडिकल चेकअप कराया गया। इसके बाद गाड़ी से सभी को उनके घर पहुंचाया गया।


## कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** सरकार ने 15 अगस्त के बाद 12520 स्कूली बसों को कबाड़ में भेजकर स्क्रैप कराने का फैसला किया है

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार सख्त

**जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा**

- स्कूल बसों की 20 साल चलने के बाद आयु पूरी मानी जाती है
- 15 अगस्त के बाद स्कूली वाहनों को रजिस्ट्रेशन, फिटनेस या इंश्योरेंस की वैधता नहीं मिली है, तो उन्हें कबाड़ घोषित कर दिया जाएगा

**लखनऊ।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार जमीनी कदम उठा रही है। सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाली और पुरानी हो चुकी स्कूली बसों को नियमानुसार सख्ती के साथ स्क्रैप करने पर काम चल रहा है। फिलहाल विभागीय अफसरों ने 12520 ऐसी बसों को चिन्हित किया है।

प्रदेश में अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान तेज हो गया है। सरकार ने 15 अगस्त के बाद 12520 स्कूली बसों को कबाड़ में भेजकर स्क्रैप कराने का फैसला किया है। स्कूल बसों की 20 साल चलने के बाद आयु पूरी मानी जाती है। जिसको देखते हुए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि 15 अगस्त के बाद स्कूली वाहनों को रजिस्ट्रेशन, फिटनेस या इंश्योरेंस की वैधता नहीं मिली है, तो उन्हें कबाड़ घोषित कर दिया जाएगा।



### क्षमता से ज्यादा बच्चे बैठाए जाते हैं

आरटीओ से नोटिस मिलने के बाद भी स्कूल संचालकों ने इन वाहनों को फिटनेस नहीं कराया है। स्कूल बसों में मानकों पर कोई ध्यान नहीं देता है। वैन में क्षमता से ज्यादा बच्चे बैठाए जाते हैं। ज्यादातर बसों में फर्स्ट एड बॉक्स नहीं है और कोई दवा भी नहीं है। वहीं, स्कूल मालिकों का कहना है कि स्कूल की गाड़ी में नियमों का पूरा ध्यान रखा जाता है।

### मुख्य सचिव ने दिए विशेष निर्देश

सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर स्कूली वाहनों की जांच कराने का निर्देश मुख्य सचिव ने दिया है। 22 जुलाई तक सभी जिलों को पोर्टल पर उपलब्ध सूचना भी भेजी गई है। इसमें राज्य के सभी 75 जिलों में 57310 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं, जिसमें से 44790 प्रपत्र वैध हैं, जबकि 12520 वैध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि स्कूली वाहन मालिकों के साथ एक बैठक होनी चाहिए, जिसमें उन्हें जागरूक किया जाएगा और 15 अगस्त से पहले नियमानुसार वैध प्रपत्र प्राप्त करने को कहा जाएगा।

### लापरवाही देखकर लिया गया है फैसला

पोर्टल पर बिना वैध प्रपत्रों के संचालित स्कूली वाहनों की संख्या शून्य हो सके, अनधिकृत और बिना वैध प्रपत्रों के संचालित स्कूली वाहनों पर नियमानुसार स्क्रैपिंग की कार्रवाई की जाएगी। स्कूल बसें बहुत कम चलती हैं, इसलिए 20 साल चलने पर उनकी आयु पूरी मानी जाती है। ऐसी बसों को अब बेकार करार दिया गया है। ऐसी कई बसें अभी भी सड़कों पर दौड़ रही हैं जिनको देख कर यह फैसला लिया गया है।

### वैधता के बाद भी कई स्कूल बस चल रही हैं

12520 स्कूली बसों के इन प्रमाणपत्रों की वैधता फिलहाल परिवहन पोर्टल पर समाप्त हो चुकी है। वैधता के बाद भी कई स्कूल बस चल रही हैं। यही कारण है कि उन्हें चिन्हित किया जाएगा।

## गोंडा रेल हादसा: बोगियों को हटाकर लापता यात्री की तलाश शुरू, नौ अफसरों के साथ कुल 70 कर्मचारी जुटे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मोतीगंज-झिलाही रेल खंड पर पिकौरा गांव के पास बीते 18 जुलाई को हुए गोंडा रेल हादसे में लापता यात्री की तलाश बृहस्पतिवार को रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने किया। पिकौरा गांव पहुंची टीम ने हादसे के बाद पलटी बोगियों को सीधा कराया। आशंका थी कहीं बोगियों के नीचे तो कोई शव नहीं दबा है। तलाश कर रही टीम को अभी कोई शव नहीं मिला है। बीते दिनों तरबगंज थाना क्षेत्र के उमरापुर उदवतनगर निवासी रामा देवी ने फरियाद लगाई कि उसका बेटा रामधन भी चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस पर सवार हुआ था लेकिन अभी तक वह घर नहीं पहुंचा, जबकि वही ट्रेन पिकौरा गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी।

# राष्ट्र निर्माण में श्रीरामचन्द्र के जीवन मूल्यों के संदर्भ में रामभद्राचार्य महाराज का है अभिनव योगदान: प्रो शिशिर पाण्डेय

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार में स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में श्री राम सापेक्ष राष्ट्र निर्माण में स्वामी रामभद्राचार्य का अवदान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने किया। उद्घाटन सत्र का प्रारंभ संगीत विभाग की सहायक आचार्य डॉ ज्योति विश्वकर्मा की सरस्वती वंदना से हुआ।

कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने श्री राम सापेक्ष राष्ट्र निर्माण में स्वामी रामभद्राचार्य की कृतियां एवं उनके वाचिक परंपरा तथा लेखन परंपरा में उत्कृष्ट योगदान को व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान युग के प्रख्यात मनीषी के रूप में राष्ट्र निर्माण में श्री रामचन्द्र के जीवन मूल्यों के संदर्भ में रामभद्राचार्य महाराज का अभिनव योगदान है। उनके द्वारा बताए गए श्री राम चंद्र के जीवन मूल्यों से ओतप्रोत विचार आज के समय में न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि नए भारत के निर्माण में अनूठी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की डॉ अमिता दुबे ने बताया कि हिंदी संस्थान न केवल हिंदी भाषा बल्कि अन्य भाषाओं को साथ लेकर भारतीय संस्कृति के संवाहक के रूप में कार्य कर रही है। इस संस्थान द्वारा पुरस्कारों के अतिरिक्त विभिन्न भाषाओं की उन्नति के लिए भी सतत रूप से प्रयास किए जाते हैं। अधिष्ठाता डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय ने राष्ट्र निर्माण में स्वामी रामभद्राचार्य के योगदान को विस्तार से वर्णित किया। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ प्रमिला मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन संगीत विभाग के सहायक आचार्य डॉ गोपाल कुमार मिश्र ने किया।

इसके बाद संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र का प्रारंभ डॉ सभापति मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। सत्र में डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ विश्वेश दुबे, डॉ राम बहादुर मिश्र, डॉ संजय कुमार मिश्र, डॉ रजनीश कुमार सिंह ने अपने शोध परक आलेखों को प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन शिक्षा संकाय की सहायक आचार्या डॉ रीना पांडेय ने किया। इस अवसर पर डॉ तरुण कुमार मिश्र, डॉ सत्या सिंह, अधिष्ठाता डॉ निहाल रंजन मिश्र, डॉ गुलाब धर, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ अमित अग्निहोत्री उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी भव्य आयोजन किया गया, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान लखनऊ तथा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ के सहयोग से गीत संगीत के कार्यक्रमों का मंचन भी किया गया। जिसमें प्रथम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय रामायण में वैदिक शोध संस्थान लखनऊ की ओर से प्रस्तुत प्रस्तुतियों में मिर्जापुर से पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव का कजरी गायन श्रोताओं को श्रावण मास के भाव में भाव विभोर कर दिया। इसके बाद बांदा के दिवारी नृत्य के कलाकार कृष्ण पाल ने दिवारी नृत्य की संगीतमय प्रस्तुति की। यह जानकारी पीआरओ सुधीर कुमार ने दी। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, विश्ववि।ालय के कुलाधिपति के निजी सचिव रमापति मिश्रा, कुलसचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत, हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ किरण त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## अवैध तमंचे संग एक युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कालपी

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक के निर्देशन पर टरननगंज चौकी इंचार्ज विनोद कुमार सिंह, सिपाही अभिषेक कुमार, सुनील सिंह के साथ देर रात नगर में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना मिलने पर वनखंडी देवी मंदिर के समीप काशीखेड़ा रोड में देर रात साढ़े 10 बजे घेराबंदी कर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे आरोपी युवक शोएब उर्फ़ देवा पुत्र नईम निवासी मोहल्ला कागजीपुरा कालपी को एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया और सुसंगत धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस की इस कार्यवाही से अपराधिक तत्वों में हड़कम्प मच गया।

## प्रसव के बाद हालत बिगड़ने से महिला की मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

एट थाना क्षेत्र के ग्राम ईंगुई खुर्द में प्रसव के बाद हालत बिगड़ने से महिला की मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एट थाना क्षेत्र के ग्राम ईंगुई खुर्द निवासी सुरेंद्र कुमार की 28 वर्षीय पत्नी आरती गर्भवती थी। जिसे बुधवार की शाम को अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी। जिससे पति अन्य परिजनों के साथ उसे लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिंडारी पहुंचा। जहां पर रात करीब 9 बजे महिला ने एक पुत्र को जन्म दिया। इस दौरान वहां मौजूद स्टाफ ने प्रसूता का खून बहुत कम होने की बात कहते हुए उसे तुरंत मेडिकल कालेज ले जाने की सलाह दी। आरोप है कि इतना जानने के बाद परिजनों ने इसमें कुछ देर की, जिससे उसकी हालत और भी बिगड़ गई। हालत बिगड़ते देख परिजन उसे मेडिकल कालेज जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जब परिजन उसे लेकर मेडिकल कालेज पहुंचे तो चिकित्सकों ने जांच पड़ताल कर उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही मृतका के फूलपुरा से मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान मौजूद मृतका के पिता परमानंद ने बताया कि उन्हें जब सूचना मिली तब उनकी बेटी की मौत हो चुकी थी। उसकी पहले से दो बेटियां प्रियंका व परी थीं, जिनके सिर से अब मां का हाथ उठ चुका है और उनका रो रोकर बुरा हाल है। मामले में एट थाना प्रभारी विमलेश कुमार ने कहा कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# डीएम ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अस्पताल की ओपीडी व वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों से मिल रहे उपचार के संबंध में जानकारी ली, साथ ही चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी में सबसे पहले पर्चा काउंटर पर मरीजों की संख्या को लेकर जानकारी ली। इनके उपरांत उन्होंने बारी-बारी से चिकित्सकों के कक्ष में पहुँचकर पूछताछ की। जिलाधिकारी ने इस दौरान कई मरीजों के पर्चे देखकर उन्हें अस्पताल में मिल रही सुविधाओं एवं बाहर के लिए लिखी जा रही दवा के संबंध में सवाल किए। जिस पर मरीजों ने जिलाधिकारी को बताया कि सभी दवाएं अस्पताल से मिल रही हैं। जिलाधिकारी ने अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्सरे, पैथालाजी व विभिन्न वार्डों का भी निरीक्षण किया। महिला वार्ड व चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती मरीजों से कुशलक्षेम जाना, साथ ही सम्बंधित चिकित्सको को वार्डों में बेहतर साफ सफाई के निर्देश। सिटीस्केन में क्रेक दीवार को देखकर त्वरित निर्माण के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, सीएमएस आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## सम्मानजनक मातृत्व देखभाल को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था द्वारा चलाये जा रहे प्रोजेक्ट जागृति के अंतर्गत सम्मानजनक मातृत्व देखभाल पर पहारी एवं मानिकपुर ब्लाक में एएनएम के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

लखनऊ से आये डॉ निपेंद्र सिंह ने बताया कि सम्मानजनक मातृत्व देखभाल बच्चा पैदा करने वाली प्रत्येक महिला का व्यापक एवं मूलभूत अधिकार है। महिला की मर्यादा, स्वतन्त्रता, सहानुभूति, गोपनीयता, विश्वसनीयता, भावनाएं, विकल्प और पसंद का सम्मान करना, जिसमे मातृत्व देखभाल के दौरान दोस्ती एवं प्रसव पीड़ा और प्रसव के दौरान लगातार देखभाल शामिल है, उसे कोई भी नुकसान नहीं पहुचाया जाना चाहिए और न ही गलत उपचार किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जागरूकता एवं कम शिक्षा की वजह से अपमान एवं दुर्व्योहार की महिलाएं शिकायत नहीं कर पाती है। उन्होंने बताया कि जब महिला प्रसव कराने के स्थान सम्बन्धी निर्णय महिला द्वारा खुद न लेकर किसी दुसरे व्यक्ति द्वारा लिया जाता है तो शोषण का मामला काफी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि पित्रसत्ता, निम्न सामाजिक, आर्थिक स्थिति, कम महिला सशक्तिकरण और महिलाओं में निर्णय लेने के कम अधिकार, उनके संवेदनशील समय जैसे मातृत्व के दौरान ऐसे व्यवहारों को प्रायः बढ़ावा देते है। पहाडी ब्लाक के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक उदय प्रताप सिंह व मानिकपुर ब्लाक के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक मनीष सिंह ने सभी एएनएम (।छडे) को निर्देशित किया।

# ज्वारा विसर्जन के साथ हुआ गौरी एवं जया पार्वती व्रत का उद्यापन



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

परमहंस संत श्री रणछोड़दास महाराज की तपस्थली बड़ी गुफा जानकीकुंड स्थित रघुवीर मन्दिर के तत्त्वावधान में गौरी एवं जया पार्वती व्रत में 125 से अधिक कन्याओं ने सहभागिता की। आषाढ़ शुक्ल त्रयोदशी से श्रावण कृष्ण द्वितीया तक चलने वाले इस पाँच दिवसीय व्रत को ट्रस्ट द्वारा विगत चार दशक से मनाया जा रहा है। महिला समिति की अध्यक्ष उषा जैन ने बताया कि यह व्रत गुजरात में बड़ी मात्रा में मनाया जाता है, चित्रकूट में इस व्रत की शुरुवात स्व. अरविन्द भाई मफतलाल एवं स्व. सुशीलाबेन मफतलाल की प्रेरणा से हुई थी, जो परम्परा आज भी कायम है। उन्होंने इस व्रत की महत्ता को बताते हुए बताया कि त्रेता युग में मां जानकी गौरी पूजन करने जा रही तभी एक सखी ने मां जानकी को बताया की फुलवारी में दो बहुत ही सुंदर राजकुमार आए हुए है, उनको देखने की लालसा से मां जानकी फुलवारी पहुंचती है और भगवान राम पर उनकी नजर पडती है, नजर पडते ही मां गौरी का पूजन कर उनसे प्रार्थना करती है कि भगवान राम ही मुझे पति रूप में मिले और मां गौरी उन्हें आशीर्वाद प्रदान करती है कि भगवान राम ही तुम्हे पति रूप में मिलेंगे। तब से इस व्रत को अविवाहित महिलाएं मनचाहा वर पाने के लिए यह व्रत रखती हैं। साथ ही इस व्रत से हिंदू सनातन धर्म को हमारी आने वाली पीढियां में जानेगी। प्रतिवर्ष इसकी संख्या में वृद्धि हो रही है। व्रत के अन्तिम चरण में माता गौरी-पार्वती की आराधना में रात्रि जागरण का एवं धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का विधान हैं। इस वर्ष विद्याधाम सभागार में गुरुभाई-बहनों एवं सदगुरु परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित नयनाभिराम कार्यक्रम की प्रस्तुति बालिकाओं ने दी।

## कारगिल विजय दिवस मनाकर, वीरों को किया याद



जन एक्सप्रेस। कालपी

एनसीसी के कमांड अधिकारी कर्नल दुष्यंत सिंह चौहान के निर्देशन पर एनसीसी यूनिट ने कारगिल विजय दिवस मनाया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को कारगिल युद्ध में सैनिकों के शौर्य एवं बलिदान की डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी शिक्षक लेफ्टिनेंट राजमणि सिंह ने कारगिल युद्ध के विषय पर कैंडिडेटों से निबंध प्रतियोगिता कराई तथा शहीदों की याद में बाल पेंटिंग कर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि सभी कैंडीडेट्स कारगिल के वीर सपूतों के अदम्य साहस से प्रेरणा लें। उन्होंने बताया कि एनसीसी के एडम अधिकारी नीलेश कुमार झा की प्रेरणा से छात्र-छात्राओं के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार शाक्य ने कारगिल की विभीषिका का स्मरण करते हुए कहा कि इस युद्ध में 571 वीर सैनिक शहीद हुये थे तथा 1150 सैनिक घायल हुए थे।

### वातानुकूलित बनेगा, ओपीडी पर्चा काउंटर कक्ष

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगाकर पसीना बहा रहे मरीजों को अब काफी सहूलियत होगी। जिला अस्पताल की ओपीडी में बने पर्चा काउंटर को जल्दी ही वातानुकूलित किया जाएगा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की पहल पर इसको लेकर मंजूरी प्रदान कर दी गई है। जल्दी ही मरीजों और तीमारदारों को इसका लाभ मिलेगा। जिला अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते लेकिन ओपीडी में बने पर्चा काउंटर पर लंबी लाइन लगाने से भीषण गर्मी में उनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस उमस भरी गर्मी में तो मरीज और तीमारदारों के पसीने छूट रहे हैं लेकिन जल्दी ही उनको अब इस समस्या से निजात मिलेगी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय की पहल पर ओपीडी में पर्चा काउंटर कक्ष जल्दी ही वातानुकूलित किया जाएगा। इससे यहां पर आने वाले मरीजों का सहूलियत होगी। अस्पताल में मरीजों को हरसंभव सहायता मुहैया कराई जाएगी।

### कैदी की बिगड़ी हालात, अस्पताल में भर्ती

**जन एक्सप्रेस/उरई।** मर्डर के केस में विचाराधीन चल रहे कैदी की अचानक जेल के अंदर हालत बिगड़ गई और उसको तेज बुखार चढ़ आया। जेल में उपचार सही न मिलने के कारण उसको पुलिस जिला अस्पताल लेकर आई। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक जिला हमीरपुर के कस्बा वह थाना जरिया निवासी सुनील कुमार पुत्र भास्कर जो की मर्डर के मामले में विचाराधीन कैदी जिला जेल में बंद था। उसकी बुधवार की दोपहर अचानक हालत बिगड़ गई और वह गंभीर रूप से बीमार हो गया। जब इसकी जानकारी जेल प्रशासन को हुई तो उन्होंने देर शाम पुलिस अभिरक्षा में उसको जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। इस बारे में जब डॉक्टर से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि तेज बुखार होने के कारण वह बीमार हो गया है। जल्दी स्वस्थ हो जाएगा।

# डीएम ने ली आत्मा शासी निकाय की बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में गुरूवार को आत्मा शासी निकाय की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना, डिस्ट्रिक एग्रीकल्चर एक्शन प्लान 2024-25, राष्ट्रीय खा। सुरक्षा मिशन योजना की प्रगति, नेशनल मिशन ऑन एडबिल ऑयल सीड्स योजना की प्रगति, परंपरागत कृषि विकास योजना, प्राकृतिक खेती की कार्य योजना, सब मिशन आंन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इनसीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेजिड्य योजना, उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम, प्रशिक्षित कृषि उ।मी स्वावलंबन योजना, भूमि संरक्षण अनुभाग योजनाएं एनएमएसए के अंतर्गत आरएडी राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन आदि योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

उप निदेशक कृषि ने बताया कि फसलों के उत्पादन को बढावा देने एवं कृषकों को अन्य लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पशुपालन, उ।ान, मत्स्य, कृषि के माध्यम से इस योजना के तहत लाभ दिलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि से कहा कि आत्मा योजना के अंतर्गत गत वर्षों पर कितने किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया है और उसमें किसानों को क्या लाभ हुआ है, उसका विवरण उपलब्ध कराएं। साथ ही इस वर्ष में जो कार्य योजना बनाई जा रही है, उसमें ब्लॉक वार, ग्राम वार किसानों के नाम सहित सूची प्रस्तुत करें, जिन योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जाना है, उसका प्रचार प्रसार भी कराया जाए। मिलेट्स के अंतर्गत जिन किसानों को मिनीटिक दिया जाना है, उसका सही तरीके से वितरण होना चाहिए। उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने विभागीय योजनाओं का लाभ कृषकों को अधिक से अधिक दिलाए, जिन किसानों का चयन करें, उसमें पारदर्शी तरीके से किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि शासनादेश के अनुसार आत्मा योजना के अंतर्गत जो विभिन्न विभागों द्वारा कृषकों के हित में लाभ पहुंचाने की योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, इसकी लगातार समीक्षा अवश्य करें।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, जिला उ।ान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने आरोपी पर 15 हजार का इनाम किया घोषित, खोजबीन में लगी चार टीमें

जन एक्सप्रेस। जालौन

करीब 23 दिन बीतने के बाद भी युवती की बरामदगी व आरोपी की गिरफ्तारी न होने से नाराज हिंदू संगठन के लोगों ने भूख हड़ताल व अनशन की घोषणा कर दी। मामले में एसपी ने आरोपी पर 15 हजार का इनाम घोषित कर दिया, और चार टीम में गठित कर उसकी गिरफ्तारी के लिए लगा दी है। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारो भास्कर निवासी युवक अकरम सिद्दीक पुत्र अब्दुल वहीद 3 जुलाई को दूसरे समुदाय की युवती को बहला-फुसलाकर कर अपने साथ भगा ले गया है। युवती का 14 जुलाई को शादी थी, और शादी से पूर्व बेटी को भगाकर ले जाने की घटना से पिता ने परेशान हो गया। बेटी की शादी की तारीख से एक दिन पहले पिता की 13 जुलाई को मौत हो गई। दो धर्मों से मामला जुड़े होने के बाद भी पुलिस रिपोर्ट दर्ज होने के बाद हीलाहवाली करती रही। 15 जुलाई को हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने एस डी एम अतुल कुमार को ज्ञापन देकर युवती को बरामद करने व लव जिहाद के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। इसके बाद भी जब 24 जुलाई तक युवती बरामद नहीं हुई तो हिन्दू संगठनों के नेताओं ने नारेबाजी करते हुए कोतवाली पहुंच कर आन्दोलन की घोषणा कर दी। 27 जुलाई से तहसील परिसर क्रमिक भूख हड़ताल व अनशन की घोषणा के बाद पुलिस मुस्तैद दिखा रही है।

वहीं प्रशासन की मुस्तैदी को देखते हुए परिवार के लोग घर में ताला डालकर चले गये हैं। मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने युवती को भगाने के मामले में फरार चल रहे आरोपित पर 15 हजार का ईनाम घोषित कर दिया है। इसके साथ ही चार टीमें लगातार युवती की तलाश करने में लगी हुई है। वहीं घटना के खुलासे के लिए पूर्व में रहे निरीक्षकों को भी इस काम में लगाया गया है । सी ओ रामसिंह ने बताया कि युवती की बरामदगी के लिए 4 टीमें काम कर रही है। इतना ही नहीं बल्कि फरार आरोपित पर 15 हजार का ईनाम भी घोषित कर दिया गया है। जिसे जल्द गिरफ्तार करने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं।

# प्राकृतिक खेती को अपनाकर किसान अपनी आय करें दोगुनी: डीएम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एवं कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेला का आयोजन राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर एवं प्रदर्शनी का फीता काटकर किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में यह खरीफ गोष्ठी का आयोजन करके कृषि विभाग सहित अन्य सभी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, फसल बीमा योजना का आप लोग लाभ लें। प्रशासन की तरफ से किसानों की फसलों को बढावा देने के लिए बैठक करके कार्य योजना बनाई जाती है। किसानों के फसलों को बचाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से अन्ना गोवंशों को गौशालाओं पर संरक्षित कराया जा रहा है। विद्युत समस्या का निस्तारण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री अन्न की फसलों को बढावा दें, नैनो यूरिया व डीएपी का प्रयोग करें, आधुनिक तकनीक अपनाकर खेती करें, कृषि यंत्रों का लाभ लें, कृषि विभाग की जो योजनाएं हैं, उनका प्रथम आवक प्रथम पावक के माध्यम



से लाभ प्राप्त करें, साधन सहकारी समितियां में जहां पर खाद बीज आदि की समस्या है, उसका निस्तारण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाकर अपनी आय दोगुनी करें, आने वाला समय प्राकृतिक खेती का ही है। जैविक खाद का प्रयोग करते हुए मोटे अनाज का उत्पादन करके किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकते हैं।

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि खरीफ गोष्ठी के माध्यम से जो आप लोगों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषि की तकनीकी के बारे में जानकारी दी गई है, उसका आप लोग लाभ ले। किसान मिट्टी के साथ मिट्टी होकर कार्य करते हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र में चित्रकूट के लिए धान की फसल अनुकूल भविष्य की पीढी के लिए नहीं है। इसमें पानी बहुत लगता है, फसल के चयन से जो परिस्थितियां बनती जा रही हैं, आपको पानी का संचय करना बहुत जरूरी है। जनपद दलहन के लिए जाना जाता था, दलहन व तिलहन मिलेट्स को बढावा दें। किसान धान की खेती कम करके जो इस क्षेत्र के अनुकूल हो वह फसले पैदा करें, पर्यावरण को देखते हुए खेती की जाए। भारत सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले।

भाजपा जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि कृषि गोष्ठी के माध्यम से किस तरह से खेती करें, उसके लिए प्रचार प्रसार करना पड रहा है। पहले कृषि हुआ करती थी, उर्वरक को बढावा मिला और शुगर कैंसर जैसी बीमारियां फैली इसलिए सरकार द्वारा मिलेट्स को बढावा देने के लिए किसानों को समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। जिसमें किसानों को अच्छा मूल्य भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसान श्री अन्न को अपनाए और अपनी आय दोगुनी करें। उर्वरक का प्रयोग कम करके प्राकृतिक खेती करें। उप निदेशक कृषि राजकुमार ने कहा कि जनपद का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 340801 हेक्टेयर है, जिसमें कृषि योग्य भूमि का क्षेत्रफल 173802 हेक्टेयर है, जिसमें खरीफ लगभग 88752 हेक्टेयर क्षेत्रफल में खरीफ फसलें की जाती है। इसके अतिरिक्त लगभग 46000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में औ।ानिक एवं अन्य फसलों से आच्छादित होता है। जनपद में मात्र 43 प्रतिशत क्षेत्रफल ही सिंचित है, जिसके कारण अधिकांश फसलें कृषि वर्षा पर आधारित है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 19 से 21 जुलाई, 2024 के मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.0 (+0.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.0 (+0.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 88 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 69 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.9 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 14.2

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# मुहर्रम के जुलुस में सिर तन से जुदा के नारे लगाने वाले चार गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी

**कानपुर नगर।** शहर के थाना रावतपुर क्षेत्र में मोहर्रम की नवीं तारीख को जुलूस में विवादित नारे लगाने वाले चार युवकों को सीसीटीवी फुटेज से पहचान करने के बाद रावतपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजने की वैधानिक कार्रवाई की गई है। इसके साथ-साथ अभी अन्य आरोपियों की भी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस पहचान करने में जुटी हुई है और पूरा का पूरा खुफिया तंत्र भी सक्रिय कर दिया गया है। ज्ञातव्य हो कि बीती 16 जुलाई की रात्रि को थाना रावतपुर क्षेत्र में मुहर्रम की नवीं तारीख का जुलूस निकालने के दौरान गुस्ताखे रसूल की एक ही सजा सिर तन से जुदा सिर तन से जुदा के भड़काऊ अराजक नारे लगाकर शहर में माहौल बिगड़ने का प्रयास किया गया था। इस मामले का वीडियो वायरल होने के बाद उच्च अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया था और 22 जुलाई को थाना रावतपुर में जुलुस संचालक आसिफ शाह ऊर्फ टीटू समेत 40 से 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। मुखबिर तंत्र और सीसीटीवी के माध्यम से आरोपियों की पहचान कर गुरूवार को रावतपुर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



अली अनस फहीम मुन्ना

**कौन कौन हुए गिरफ्तार**

- फहीम अली पुत्र स्वर्गीय सैयद मुस्ताक अली निवासी 116 / 382 हवा महल के पास रावतपुर गांव थाना रावतपुर कानपुर नगर उम्र 21 साल
- अली वारिस पुत्र मोहम्मद फहीम निवासी 116/421 अंसारी मोहल्ला थाना रावतपुर उम्र 20 वर्ष।
- मुन्ना पुत्र रफी अहमद 116/ 930 रोशन नगर थाना रावतपुर कानपुर नगर उम्र 25 वर्ष।
- मोहम्मद अनस पुत्र मोहम्मद शमसुद्दीन निवासी 116 /843 रावतपुर थाना उम्र 23 वर्ष।

**सीसीटीवी और वायरल वीडियो के कारण दबोचे गए**

एसीपी कल्याणपुर अभिषेक कुमार पांडे ने बताया कि थाना रावतपुर क्षेत्र में 16 जुलाई की रात को डाक खाने वाली गली से मोहर्रम का जुलूस निकल रहा था। हनुमान मंदिर के सामने जुलूस में शामिल लोगों ने इलाके का माहौल बिगड़ने का प्रयास करते हुए गुस्ताखे रसूल की एक ही सजा सिर तन से जुदा,सिर तन से जुदा, जैसे भड़काऊ नारे लगाए थे इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एडिशनल सीपी हरिश्चंद्र ने जांच बैठा दी थी साथ में वायरल वीडियो सही पाया गया है और 22 जुलाई को रावतपुर थाने में आयोजन कर्ता आसिफ शाह उर्फ टीटू समेत 50 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई। जांच के बाद गुरुवार को पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है इन सभी की पहचान सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के आधार पर की गई है इसके बाद इन सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा अन्य की पहचान के लिए पुलिस की टीमे प्रयास कर रही हैं।

## मेहंदी प्रतियोगिता में बेटियों ने किया अपनी कला का प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस कानपुर नगर

खुशाल बेटियां खुशहाल समाज समिति राष्ट्रीय संस्था द्वारा कैलाश नाथ बालिका इंटर कॉलेज सरसैया घाट कानपुर में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 40 छात्राओं ने अपनी कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में 40छात्राओं ने भाग लिया और अपने हाथों पर विभिन्न डिजाइनों को बनाया। प्रतियोगिता का विषय सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए और छात्राओं ने अपनी कला के माध्यम से इसका प्रतिनिधित्व कर समाज में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। सभी प्रतिभावान बेटियों को संस्था की तरफ से साधना दीक्षित और रीता दीक्षित ने रजिस्टर पेन वितरित किया

**निर्णय**

तियोगिता के निर्णायक डॉक्टर कामिनी दीक्षित, रश्मि मिश्रा, चित्रा निगम ने विजेताओं का चयन किया और प्रथम स्थान साक्षी यादव क्लास 11ह्लद्ध द्वितीय स्थान अंशिका कश्यप क्लास 8ह्लद्ध तृतीय स्थान स्ड्डद्बद्धड्ड स्द्बद्धद्ध क्लास 10ह्लद्ध सातवां स्थान प्रियल वर्मा, वैष्णवी ने प्राप्त किया।
संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष एकता मिश्रा एडवोकेट ने कहा मेहंदी प्रतियोगिता हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और हमें अपनी परंपराओं को संजो कर रखना चाहिए।
इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर कामिनी दीक्षित रश्मि मिश्रा, एकता मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष साधना दीक्षित, रीता दीक्षित, चित्रा निगम, सुषमा यादव, शांति शुक्ला, भरत कौशिक आदि लोग उपस्थित रहे

## दबंग पड़ोसियों ने पूरे घर को मारपीट कर किया घायल

जन एक्सप्रेस कानपुर नगर



शहर के थाना गोविंद नगर क्षेत्र स्थित कच्ची बस्ती में रहने वाले गरीब परिवार को दबंगों के कोप का भजन बनना पड़ा। आरोप है कि दबंगों ने घर भीतर घुसकर पूरे परिवार को इतना मारा की पूरा परिवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया है लेकिन दबंगों के हौसले अभी भी बुलंद है।
पीड़ित महिला सविता पत्नी श्रीधर ने जानकारी देते हुए बताया कि वह गोविन्द नगर थाना क्षेत्र स्थित जय मेडिकल स्टोर के सामने कच्ची बस्ती में निवास करती हैं। 21 जुलाई को समय करीब रात 2 बजे उनके पड़ोसी सोनू नीरज व चाचा का लड़का मुकेश उनके घर घुस आए और उनके पति से गाली गलोज करने लगे जब मना किया तो ये लोग मारपीट करने लगे, मुहल्ले के लोग आ जाने से ये लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित महिला का कहना है कि पूरा परिवार घायल है मुकदमा तो दर्ज कर लिया गया है लेकिन दबंगों के हौसले अभी भी बुलंद है वह जान से मारने की धमकी दोबारा दे रहे हैं।

## कानपुर में कैसे बस गए हैं रोहंगिया और बांग्लादेशी : सुरेन्द्र मैथानी

जन एक्सप्रेस कानपुर नगर



थाना कल्याणपुर क्षेत्र से बांग्लादेशी महिला की गिरफ्तारी के साथ रोहिंग्याओं की घुसपैठ का मामला भी सुर्खियों में आ गया है। गुरूवार को गोविंदनगर विधान सभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने भी जिला व पुलिस प्रशासन से शिकायत की है कि सीएसए की जमीन पर रोहिंग्याओं के आशियाने तन रहे हैं। इनकी आमद से इस इलाके में नशे का धंधा भी पनप रहा है। इसकी जांच कराके तुरंत कार्रवाई की जाए। ज्ञातव्य हो कि कई सालों से रोहिंग्या की तलाश में जुटी एलआईयू, आईबी व लोकल पुलिस कुछ दिन की जांच पड़ताल के बाद शांत बैठ जाती है लेकिन एक बार फिर देश की सुरक्षा से जुड़े इस मुद्दे को लेकर सुरक्षा एजेंसिया सतर्क हो गयी हैं। कानपुर पुलिस ने भी एक्टिव हुई है। कानपुर के आउटर एरिया से लेकर शहर के बीचोबीच रोहिंग्या मुसलमानों ने बड़े स्तर पर घुसपैठ कर रखी है, जिसकी जानकारी लोकल खुफिया को भी है। समय समय पर कई लोग पकड़े भी गये।
इस बीच विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने बताया कि वह चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय के बोर्ड मेंबर भी हैं। इस नाते बोर्ड की बैठक में शामिल हुए। बैठक में ही उन्हें सीएसए की जमीन पर रोहिंग्याओं के बसे होने की जानकारी मिली। उन्हें पता चला कि सीएसए की जमीन पर व जीटी रोड से लगे हुए काफी बड़े भूभाग पर रोहिंग्या आकर बस गए हैं, जिन्होंने प्लास्टिक की मोमिया लगाकर अपने घर बना लिए हैं। कुछ ने छप्पर आदि डालकर निवास बना लिया है। यह भी जानकारी आई कि वहां पर सूखे नशे का कारोबार हो रहा है तथा आसपास के क्षेत्र में क्राइम भी बढ़ रहा है।

## विश्वविद्यालय में एन्टी रैगिंग स्काड का किया गया गठन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।
विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का नया सत्र प्रारंभ होने के साथ ही प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की भी कक्षायें प्रारंभ हो चुकी है। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को रैगिंग से बचाने एवं परिसर को रैगिंग निषेध बनाने के लिए विश्वविद्यालय ने यूजीसी रेगुलेशंस आन कर्विंग द मीनेस रैगिंग इन हायर एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, 2009 के अनुसार एन्टी रैगिंग स्काड का गठन किया है। इस एन्टी रैगिंग स्काड के चेयरमैन छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.नीरज कुमार सिंह है। डॉ. प्रवीन कटियार ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों से रैगिंग के संबंध में समन्वय स्थापित करने के लिये यूजीसी रेगुलेशंस के अनुसार एक मॉनिटरिंग सेल आन रैगिंग का गठन भी किये जाने केसाथ यूजीसी रेगुलेशंस के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर के समस्त शैक्षणिक संस्थान/विभाग द्वारा एक मॉनिटरिंग सेल गठित की जायेगी। उन्होंने बताया कि रैगिंग की रोकथाम के लिए विश्वविद्यालय में एन्टी रैगिंग कमेटी, प्राक्टोरियल बोर्ड एवं पूर्व से ही कार्यरत है और विश्वविद्यालय को रैगिंग मुक्त बनाने के लिए कार्य कर रहा है।

# सीसामऊ विधानसभा को जीतने की रणनीति तैयार कर गए सुरेश खन्ना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**सीसामऊ सीट पर इस प्रकार हैं मतदाता**

- मुस्लिम- 111000
- ब्राह्मण- 70,000
- दलित- 60,000
- कायस्थ- 26,000
- सिंधी और पंजाबी- 6000
- क्षत्रीय- 6000
- अन्य पिछड़ा वर्ग- 12411

सपा विधायक इरफान सोलंकी को आगजनी मामले में सजा होने के बाद सीसामऊ विधानसभा में उपचुनाव को लेकर भाजपा सरकार के दो प्रभारी मन्त्रियों ने शहर के सभी वर्गों से मिलकर जीत के लिए मन्त्रणा तो की साथ ही वोटरों की नब्ज भी टटोलने का काम किया। गुरुवार को दोनों मंत्री शहर पहुंचे और कई जगह बैठकें की। भाजपा ने सरकार में सबसे वरिष्ठ मंत्री सुरेश खन्ना के साथ ही आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल को इस सीट के लिए उम्मीदवार चुनने की जिम्मेदारी सौंपी है।
वर्ष 2012 में इस विधानसभा क्षेत्र का नया परिसीमन हुआ। उसके बाद से यह सीट सपा के पास है। भाजपा के पास ये सीट जीतने का बड़ा मौका है। इसे भाजपा खुद समझ रही है और इस मौके को अब भाजपा गंवाना नहीं चाहती है।
भाजपा पदाधिकारियों व मंत्रियों के साथ विधानसभा में रहने वाले सिख, सिंधी, वैश्य और एससी समाज के लोगों के साथ बैठक की। जबकि मुस्लिमों के साथ बैठक को एजेंडे में नहीं रखा गया था। सभी वर्गों से मुलाकत करने के बाद बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में दोनों प्रभारी मन्त्रियों ने संगठन की बैठक में हिस्सेदारी की। एजेंडे के मुताबिक 80 फीट रोड में एससी समाज के साथ पहली बैठक में उन्होंने सभी से जीत के लिए आवश्यक सुझाव मांगे। नेहरू नगर में सम्राट गेस्ट हाउस में सिख समाज के लोंगों से भी सीट की जीतने की मन्त्रणा की। सूटरगंज में वैश्य समाज के लोगों से मिलकर दोनों ने जीतने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ ही समाज के वरिष्ठ नेताओं से सुझाव मांगे।
वहीं पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस बार पार्टी यहां से दलित चेहरे को टिकट दे सकती है।
ये सीट वर्ष-1991 से 2002 तक लगातार तीन बार भाजपा के पास ही रही है।
यहां से तीन बार राकेश सोनकर विधायक रहे। जबकि इसके बाद 2002 से 2012 तक कांग्रेस से संजीव दरियाबादी के पास रही। दोनों ही विधायक दलित चेहरे के रूप में यहां से जीत कर आए। भाजपा बीते चुनावों में ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगा रही है, लेकिन हार का मुंह ही देखना पड़ रहा है।
इस बार पार्टी दलित चेहरे पर दांव लगा सकती है। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा सीसामऊ विधानसभा बुरी तरह हार चुकी है। ऐसे में भाजपा को मुस्लिम वोटबैंक को साधने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी।

## ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को दी नए सत्र की जानकारी



जन एक्सप्रेस कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजिनेस मैनेजमेंट विभाग के बी.काम.आनर्स प्रोग्राम के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिये बुधवार को ओरिएटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल ऑफ बिजिनेस मैनेजमेट की निदेशिका प्रो.अंशू यादव, प्रो. सुधांशु पाण्डया, प्रो.नीरज कुमार सिंह, डॉ.सुदेश कुमार श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नये सत्र के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आई.स.एस.आई. चेयरमैन नीना जकोडिया एवं बिजिनेस डेवलपमेंट एण्ड टैलेन्ट सक्सेज द इगी.काई.लैब निदेशक विनय सिंह उपस्थित रहे। जिन्होने छात्र/छात्राओं को उत्साहित व प्रेरित किया।
कार्यक्रम में डॉ.मृदुलेश सिंह, डॉ.विवेक सिंह सचान, डॉ. सिधांशु राय, अर्पणा कटियार, डॉ.प्रशान्त त्रिवेदी, पल्लवी मिश्रा, प्रकाश नारायण पाण्डेय, डॉ.मयंक जिंदल, मान्सी बाजपेयी, राहूल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# ऋतु के अनुसार सभी फलों और सब्जियों का प्रतिदिन करें सेवन : कुलपति



जन एक्सप्रेस कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के फल विज्ञान विभाग तथा फ्लोरी कल्चर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह एवं समिति की अध्यक्ष उषा झुनझुनवाला, सचिव राजश्री डालमिया, सीएसजेएमयू के डॉ. हिमांशु त्रिवेदी, डॉ.आर पी सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रो. वी के त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने कहा कि हमको अपने घर में पर्यावरण को बचाते हुए अपने घर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए विभिन्न शोभाकारी पौधों को रोपित करने के साथ उनका उचित प्रबंध करना अवश्य करना चाहिए ।उन्होंने ऋतु के अनुसार सभी फलों और सब्जियों का प्रतिदिन सेवन करने की सलाह दी। जिससे हम स्वस्थ रहते हुए अपने अंदर प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर सकते हैं और संभव हो सके तो सब्जियां अपने घर में ही उगाकर सेवन में ले तो ज्यादा अच्छा रहता है। इस अवसर विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान डॉ.वी के त्रिपाठी, ने ऋतु के अनुसार घर में उगाये जाने वाले शोभाकारी पौधों के प्रबंधन, उनके उत्पादन की विभिन्न बारिकियों पर जानकारी दी। डॉ.हिमांशु त्रिवेदी ने पौधों से बोनसाई बनाने के विभिन्न तरीकों और समय के बारे में जानकारी दी। डॉ. आर पी सिंह ने अपने-अपने बंगले में लॉन को कैसे रोपित कर सुंदर बनाएं, के बारे में जानकारी दी। डॉ.राजीव ने पोषण वाटिका को बनाने, सब्जियों को उगाने की तकनीक के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उषा झुनझुनवाला ने बताया कि हम सभी अपने-अपने घरों, बंगलो पर स्वयं से तथा अपने सहयोगियों की मदद से विभिन्न पौधों को रोपित कर शहर में पर्यावरण के प्रति मुहिम चलाते रहते हैं। संस्था की सचिव राजश्री डालमिया ने बताया कि हम सब 2007 में स्थापित की गई इस संस्था के द्वारा शहर में पर्यावरण और सुन्दरता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम करते रहते हैं। इस कार्यक्रम में आभा अग्रवाल, कंचन गर्ग सहित संस्था के 30 सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

## नगर आयुक्त ने संभाला चार्ज, महापौर और अधिकारियों संग की बैठक



जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** शहर में गुरूवार को नगर आयुक्त सुधीर कुमार गहलोत ने अपना कार्यभार संभाला लिया। इससे पहले वह जिले में सीडीओ थे। नगर आयुक्त का चार्ज संभालते ही उन्होंने अधिकारियों और महापौर के साथ बैठक की।

**अतिक्रमण के खिलाफ चलाया जायेगा अभियान**

नगर आयुक्त सुधीर कुमार शहर की स्थितियों से भली भांति वकीफ हैं। उन्होंने कहा कि शहर में राजस्व वसूली, सफाई और अतिक्रमण पर फोकस रहेगा। कानपुर में जाम की सबसे बड़ी समस्या अतिक्रमण है, जिसे चिन्हित करने के साथ ही अभियान चलाया जाएगा। बारिश को देखते हुए जलभराव की समस्या का त्वरित निदान और एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग का कार्य भी तेज किया जाएगा।
नगर आयुक्त ने बताया कि 500 करोड़ से रेवेन्यू को बढ़ाकर 700 करोड़ तक बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा पूरे शहर में सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त किया जाएगा। वहीं शहर में धड़ल्ले से बन रहे फ्लैट्स के नामांतरण की प्रक्रिया दुरुस्त की जाएगी।
जगह-जगह सड़कें खराब हो गई हैं। ऐसे में शहर की सड़कों का सर्वे कराकर उन्हें गड्ढामुक्त कराया जाएगा। साथ ही, बिलिंग की समस्या को दूर करने के लिए कैंप लगाया जाएगा। चार्ज लेने के बाद उन्होंने महापौर प्रमिला पांडेय और अधिकारियों से मुलाकात की।

## विद्यालय में आयोजित किया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

जन एक्सप्रेस कानपुर नगर



रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 के मंडलाध्यक्ष रो नीरव निमेष के आह्वान पर पूरे डिस्ट्रिक्ट में आरोग्यम कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जा रहा है तथा डिस्ट्रिक्ट के सभी रोटरी क्लबो द्वारा किसी ना किसी स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगवाये जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स द्वारा दो द्विवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जयनारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, विकास नगर में लगाया गया। जिसके पहले दिन गुरुवार को शिविर में बच्चो के सामान्य स्वास्थ्य जैसे लंबाई, वजन, दांत, आंख और हेमोग्लोबिन का परीक्षण किया गया।शिविर का उदघाटन क्लब के चार्टर अध्यक्ष डॉ. भक्ति विजय शुक्ला, अध्यक्ष डॉ. बी यन आचार्य तथा जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. संतराम द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। डॉ.भक्ति विजय शुक्ला ने बताया कि आज 245 बच्चो की आंखों का ,दांतो का तथा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 25 प्रतिशत बच्चो के दांतों में कैविटी पाई गई, 50प्रतिशत बच्चे ठीक से ब्रश नही करते हैं व 10 बच्चो के दांत टेढ़े मेढे थे। 20 से 25 प्रतिशत बच्चो के आंखों से संबंधित समस्या से ग्रसित पाए गए। इस शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण पारस हॉस्पिटल, बिठूर और आंखों की जांच सेंटर फॉर साइत के सौजन्य से किये गए।
इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ.पुष्पा यादव, क्लब अध्यक्ष डॉ.बी यन आचार्य, दंत चिकित्सक डॉ साक्षी पांडेय, विशाल सिंह यादव, हर्षिता यादव, प्रतीक तिवारी, डॉ. राखी आंखों की जांच सेंटर फॉर साइत की टीम ने किया। इस परीक्षण शिविर में सहयोग विज्ञान भारती, कानपुर प्रान्त का रहा। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के कौस्तुभ ओमर, सुशील शुक्ला, अवधेष मिश्रा, अनिल कुमार त्रिपाठी, क्लब के अध्यक्ष डॉ. बी यन आचार्य, क्लब चार्टर अध्यक्ष डॉ.भक्ति विजय शुक्ला चार्टर सचिव मयंक गहोई आदि मौजूद रहे।



### महिला ने ससुर और जेठ पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** शास्त्री नगर निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुर और जेठ पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। जेठानी पर भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कानपुर नगर, काकादेव थाना शास्त्री नगर निवासी महिला ने बताया ने डीसीपी स्वरूप नगर में प्रार्थना पत्र देते हुए कि ससुर और जेठ दोनो के द्वारा आए दिन छेड़छाड़ की जाती है। 23 तारीख शाम को ससुर और जेठ उसके कमरे में घुस आए और छेड़छाड़ करने लगे। यह भी बताया कि जेठानी भी उसको प्रताड़ित करती है। डीसीसी सेंट्रल ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया है।

# डीएम-सीडीओ ने कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी निशा अनंत ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं और कार्यों की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान एआरटीओ कार्यालय में कई जगह गंदगी पाई गई।जिसको लेकर डीएम द्वारा कार्यालय परिसर में पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही पत्रावलियों के रखरखाव को सुव्यवस्थित ढंग से करने का सख्त निर्देश दिया गया।इसके अलावा डीएम द्वारा एआरटीओ कार्यालय में सभी पटल सहायकों से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली गई।उन्होंने कि कार्यालय परिसर में दलाल और बिचौलियों का बोलबाला ना रहे।डीएम ने स्पष्ट कहा कि जन सामान्य के काम को सीधे तौर पर किया जाए। उसमें किसी दलाल व बिचौलियों की संलिप्तता न रहे। इसके बाद डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय परिसर में पत्रावलियों के रखरखाव, साफ- सफाई की व्यवस्था को देखा। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा भी किया।और सभी योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, एआरटीओ सर्वेश सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सात्विक श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा जिला पंचायतराज अधिकारी और एआईजी स्टाम्प कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी मनोज त्यागी और अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान कार्यालय की साफ-सफाई की व्यवस्था,पत्रावली और अभिलेखों का रखरखाव सुव्यवस्थित नहीं था। इस पर सीडीओ ने डीपीआरओ को निर्देश दिया कि वे तत्काल अभिलेखों और पत्रावलियों को व्यवस्थित कराएं।और पत्रावलियों के संकेत अलमारी पर लगाने की व्यवस्था हो। जिससे उनके ट्रैकिंग में सुविधा हो। सीडीओ ने यह भी निर्देश दिया कि कार्यालय के सभी कर्मचारियों के परिचय पत्र या कार्यालय के आईडी कार्ड जारी किए जाएं।जिससे आमजन को उनकी पहचान में आसानी हो सके। इसके अलावा, कार्यालय में आने वाले आगंतुकों का विवरण रखने के लिए आगंतुक रजिस्टर बनाने और कार्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने को कहा गया।इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने एआईजी स्टाम्प कार्यालय का निरीक्षण किया।यहां कार्यालय की साफ-सफाई की स्थिति ठीक नहीं पाई गई। सभी कर्मचारियों को अपने पटल पर नाम,पदनाम और दूरभाष नंबर के साथ नाम पट्टिका रखने के लिए कहा गया।जिससे कार्यालय में आने वाले लोगों को उनकी पहचान में आसानी हो।



एआईजी स्टाम्प कार्यालय में भी कर्मचारियों को आईडी कार्ड या पहचान पत्र धारण करने और आगंतुक रजिस्टर बनाने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान दोनों कार्यालयों में कोई मिडिलमैन या अराजक व्यक्ति नहीं पाया गया। सीडीओ ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पंचायती राज विभाग की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक शासनादेशों के अनुसार पहुंचता रहे।इस औचक निरीक्षण का उद्देश्य कार्यालयों की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था।जिससे प्रशासनिक कार्यों में सुधार हो सके और जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

# नौजवान-विकसित भारत और खुशहाल भारत के निर्माण में योगदान दें: नवीन जिंदल

**जन एक्सप्रेस । अयोध्याधाम**



कामता प्रसाद सुन्दरलाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या के 74 वे स्थापना दिवस पर 108 फीट गगनचुंबी स्तंभ पर राष्ट्रीय ध्वज का आरोहण कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैंने अमेरिकियों को अपने देश के झंडे के प्रति दीवानगी देखी है। मुझे 1990 में नेशनल फ्लैग कोड के उल्लंघन पर राजगढ़ में अपनी फैक्ट्री में इस तिरंगे को फहराने से रोक दिया गया था। फ्लैग कोड के अनुसार केवल राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त,26 जनवरी पर ही राष्ट्रीय ध्वज फहराया जा सकता था । मैंने उसी दिन संकल्प लिया कि अब यह तिरंगा हर दिन, हर घर-घर फहराऊंगा और एक एक भारतीयो के दिल पर तिरंगा लाऊंगा। संयोगवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के दिन 23 जनवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19( 1)क में प्रत्येक भारतीय को प्राप्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, के मौलिक अधिकार के अंतर्गत प्रत्येक भारतीय को तिरंगा फहराने का अधिकार प्रदान किया गया। जो मेरे लिए गर्व की बात रही कि मैं नियमित अपने घर, ऑफिस, फैक्ट्री पर तिरंगा फहराता हूं। हर सुबह मैं अपने जैकेट पर इस तिरंगे पिन को धारण करता हूं, जिससे मुझे अपने उत्तरदायित्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण का बोध होता है। आज गरीबी, भूख, शिक्षा, पेयजल, पर्यावरण विनाश, शोषण, कुपोषण, प्रदूषण और आतंकवाद जैसे महाभारत चल रहे है। मैं अपने नौजवान भाइयों-बहनों से अपेक्षा करता हूं कि इस महाभारत को जीतने में विकसित भारत के निर्माण में, खुशहाल भारत के निर्माण में अपना योगदान दे। देश में रामराज्य स्थापित करने का समर्थ अयोध्या से मिल सकता है । यह संपूर्ण जिम्मेदारी अयोध्या वासी के कंधों पर है। तिरंगा हमारी राष्ट्रीय विकास और एकता का प्रतीक है यह हमें प्रेरणा देता है कि आजादी हमारे पूर्वजों के लंबे संघर्ष और बलिदान के बाद मिली। तिरंगा हमारी संप्रभुता ,एकता का प्रतीक है। किसी देश का ध्वज यह संकेत देता है कि उसके नीचे विभेद समाप्त हो जाते हैं। अमीर-गरीब, पुरुष-महिला, किसान, कामगार, सेना के जवान, विद्वान का विभेद मिट जाते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अभय कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारे लिए बहुत ही गौरव का पल है। आज हम सभी, अपने बीच देश के महान विभूति को पाकर, हमारा महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है, जिन्होंने इस राष्ट्रीय ध्वज को प्रत्येक घर पर प्रत्येक ऑफिस में और प्रत्येक भारतीय को किसी भी दिन कहीं भी तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाया। मैं उनको अपने बीच में पाकर प्रसन्नता व्यक्त किया।

# व्यापारी की फर्म पर एसबीआई का छापा, बाजार में मचा हड़कंप, एक दर्जन अधिकारी व पुलिस फोर्स रही मौजूद

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

अमेठी जिले के बाजार शुकुल स्थित कटरा बाजार में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक बड़े लोहा कारोबारी के यहां एसआईबी की विशेष टीम ने छापेमारी कर जांच शुरू कर दी। जांच टीम ने कारोबारी की गोदाम के स्टॉक आदि की जांच के साथ ही खरीद-फरोख्त के दस्तावेज भी तलब किए। कारोबारी के गैर मौजूदगी में उनके अधिवक्ता व सीए ने टीम को जांच के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराए। हालांकि जांच टीम का दावा है कि प्राथमिक जांच में कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। दस्तावेजों की गहन जांच के बाद ही स्थिति साफ होगी। जिले के बाजार शुकुल कटरा में करीब एक दर्जन दुकानों में एक ही परिवार दो फर्म के नाम से लोहे का बड़ा कारोबार करता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक बुधवार की देर शाम आयरन स्टोर पर अयोध्या की एसआईबी की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन ब्रांच ने छापेमारी की। जिससे बाजार में हड़कंप मच गया। कई घंटे तक टीम जांच पड़ताल करती रही। टीम ने गोदाम का शटर खुलवाकर मौके पर मौजूद स्टॉक की जांच की। मौके पर जो भी सामान मिला, उसकी फोटो और वीडियो ग्राफी भी कराई। छापेमारी के वक्त दुकान स्वामी मौके पर मौजूद नहीं थे। सूत्रों के मुताबिक दुकान के कर्मचारियों ने टीम को बताया कि कारोबारी वर्तमान में प्रदेश से बाहर गए हैं। जांच अधिकारियों ने फोन से ही उनसे बात की और उन्हें जांच के बारे में जानकारी दी। देर बाद वहां दुकान स्वामी के अधिवक्ता और चार्टर्ड एकाउंटेंट पहुंचे। जांच अधिकारियों ने अधिवक्ता व सीए से आवश्यक दस्तावेज तलब किए। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन ब्रांच के उपायुक्त प्रशांत सिंह ने बताया कि उन्होंने फर्म से स्टॉक का मिलान किया है। बाकी कागजात मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी तक किसी तरह की गड़बड़ी नहीं पाई गई है। खरीद, बिक्री के कागजात मिलने के बाद सही आंकड़ा पता चल पाएगा। कारोबारी पिंकू गुप्ता का कहना है कि दो साल पहले भी उनकी दुकान पर जीएसटी का छापा पड़ चुका है जिसमें अधिकारियों ने दुकान की जांच के बाद उन्हें नोटिस दिया था जिसमें बाद में नोटिस का विस्तृत जवाब दिया गया था, तब से मामला शांत हो गया था। इसके बाद अब दोबारा से कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में हर तरह का सहयोग दिया जा रहा है।

**बाजार में हो रही तरह-तरह की चर्चाएं**

लोहा कारोबारी के यहां छापामारी के बाद बाजार में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, जिसमें देर रात निरीक्षण के बाद अफवाह रही कि आयकर विभाग का छापा पड़ा है। वहीं, सुबह होने तक स्थिति स्पष्ट हुई कि मामला वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम के स्पेशल इन्वेस्टिगेशन ब्रांच से जुड़ा हुआ है जिसमें इनपुट मिलने के बाद विभागीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। फिलहाल इस मामले की चर्चा जिले के व्यापारियों में जोरों से चल रही है।

# भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ रायबरेली के जिला संयोजक ने नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह का किया स्वागत



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ रायबरेली के जिला संयोजक दिलीप द्विवेदी के नेतृत्व में जनपद रायबरेली के नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह का भव्य स्वागत,बुके देकर,माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया तथा संगठन के सभी पदाधिकारियों का जिला विद्यालय निरीक्षक ने परिचय प्राप्त किया 7 जिला संयोजक ने जिला विद्यालय निरीक्षक का स्वागत करते हुए कहा जिला संगठन रायबरेली जनपद आगमन पर आपका स्वागत एवं अभिनंदन करता है 7 इस अवसर पर जिला सहसंयोजक नागेंद्र सिंह , जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर कमलाकांत, सुनील कुमार द्विवेदी, जिला संयोजक शिक्षणेत्तर महासभा मनीष मिश्रा, जिला संयोजक उच्च शिक्षा महासभा डॉक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह , रतन सिंह, संजय त्रिवेदी, अजय अवस्थी, चंद्रधर शर्मा, जगदंबा सिंह, हीरालाल, अनिल कुमार वर्मा एवं अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धूम-धाम से मनाया जन्मोत्सव

**जन एक्सप्रेस । बीकापुर -अयोध्या**

नंदीग्राम भारत कुंड में पूर्व आयोजित भरत कुंड उत्सव न्यास के सचिव अंम्बरीश चंद्र पांडे का जन्मदिन गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। भरतकुंड महोत्सव न्यास एवं मांडवी मंच फाउंडेशन परिवार के लोगों ने अपनी अपनी कलाओं से उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुक्त कर दिया है। पूर्व आयोजित कार्यक्रम की देख-रेख कर रहे डॉक्टर अंजनी कुमार पांडेय एवं प्राचीन मंदिर के प्रशासक अरविंद तिवारी की देख-रेख में काफी रात तक जन्मोत्सव का कार्यक्रम चला रहा है। पूर्व प्रधान राम कृष्ण पाण्डेय जन्मोत्सव के व्यवस्थापक रहे है। तथा माडंवी मंच की प्रबंधक रीता तिवारी एवं अजय सिंह की उपस्थिति में मुख्य अतिथि डॉक्टर एस के पाठक द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का संचलन किया गया।तथा कार्यक्रम का संचालन सफल संचालक अंकित उपाध्याय द्वारा किया गया।शुरुआत मे प्रमुख बिरहा गायक छविलाल पाल अपने बिरहा से जन्मोत्सव में आशीर्वाद देते हुए बिरहा सुनाया है। कवियों द्वारा जन्मोत्सव को अपने कविता से समा बांधने का कार्य किया गया। तो सांस्कृतिक कार्यक्रम में तरह-तरह की गीतों पर अपनी कलाओं का प्रदर्शन करके मंच की शोभा इस तरह बढ़ा दिया। कि उपस्थित जनसमूह का चेहरा जन्मोत्सव के कार्यक्रमों को देखकर प्रसन्नता से खेल उठा है। प्रमुख रूप से कार्यक्रम मे रहकर पूर्व प्रमुख सतीश पांडे ,ओम प्रकाश मिश्रा, विवेक पांडे, अमरनाथ वर्मा आदि सैकड़ो लोगो ने आशीर्वाद दिया है।

## आईटीआई सलोन में रोजगार मेला 29 जुलाई को

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली** जिला सेवायोजन कार्यालय रायबरेली के तत् बीबीवाधान में 29 जुलाई 2024 को रोजगार मेले का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सलोन, रायबरेली में किया जाना प्रस्तावित है जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग हेतु आयु 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थी हाई स्कूल, इंटर, स्नातक व आई.टी.आई योग्यता के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल https://roj-gaarsangam.up.gov.in/ पर नियोजकों व अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण करवाना अनिवार्य है पंजीकरण में किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली में संपर्क किया जा सकता है।

## हलवाई ट्रेड के आवेदकों का साक्षात्कार 26 जुलाई को

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 शासन द्वारा प्रदेश में प्रचलित वर्तमान रोज़गार योजनाओं में उ0प्र0 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग हेतु लक्ष्यों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत ट्रेडवार अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभान्वित किया जाना है। हलवाई ट्रेड के सभी ऑनलाइन प्राप्त आवेदकों का साक्षात्कार किया जा रहा है। उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने हलवाई ट्रेड के सभी आवेदकों से कहा है कि आवेदकों का साक्षात्कार 26 जुलाई 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कार्यालय, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, रायबरेली में किया जायेगा। उन्होंने सभी आवेदकों से कहा है कि अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ साक्षात्कार में समय से उपस्थित हों।

# डॉक्टर रिजवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल को चार खेलों की मेजबानी करने का मिला मौका

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

लालगंज माध्यमिक विद्यालययी खेल कूद प्रतियोगिता के लिए डा. रिज़्वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज को चार खेलो की मेजाबानी करने की मिली जिम्मेदारी,जिसमे वुशू, ताइक्कांडो, जुडो, और बॉक्सिंग खेल की प्रतियोगिताये कराएगा विद्यालय! डा. रिज़्वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अताउर रहमान ने जानकारी देते हुए बताया की सत्र 2024-25 की माध्यमिक विद्यालयीय खेल कूद प्रतियोगिताये शुरू हो रही है जिसमे हमारे विद्यालय को जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने चार खेलों वुशू, ताइक्कांडो, जुडो, और बॉक्सिंग खेल की जिला स्तरीय प्रतियोगिताये कराने की जिम्मेदारी सौपी है हमारी कोशिश रहेगी की जिले के खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए! यह प्रतियोगिताये अलग अलग तारीखों मे माध्यमिक विद्यालय के जिला खेल सचिव अजय सिंह चंदेल की देख रेख मे सम्पन्न होंगी!

खेलों मे 26 जुलाई को वुशू की 17 वर्ष और 19 वर्ष बालक /बालिका की प्रतियोगिता होंगी और 11 तथा 12 सितम्बर को जुडो और ताइक्कांडो की 14,17,19 वर्ष के बालक /बालिका खिलाड़ियों की प्रतियोगिता तथा 30 सितम्बर और 1 अक्टूबर को बॉक्सिंग की 14,17,19 वर्ष के बालक तथा 17 और 19 वर्ष की बालिकाओ की प्रतियोगिता कराई जाएगी यह सारी प्रतियोगिताये डा. रिज़्वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज मे प्रातः 9 बजे से शुरू होंगी! जनपद के यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त राजकीय, अशासकीय, वित्तविहीन, मान्यता प्राप्त हाई स्कूल, इण्टर कॉलेज के कक्षा 6 से 12 मे अध्यानरत्न छात्र छात्राएं प्रतिभाग करें! प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ी को अपने विद्यालय से 6 प्रतियों में पात्रता फार्म कंप्लीट करवा कर उसमे आधार कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र,पिछले वर्ष की मार्क सीट (विद्यालय का यू डायस कोड खिलाड़ी का पिन नम्बर लिखा हुआ) साथ लाना अनिवार्य होगा।

# गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए 30 सितंबर तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार दिये जाने हेतु जनपद के पात्र व्यक्तियों के आवेदन पत्र 30 सितम्बर 2024 तक चार प्रतियों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। शासन द्वारा पूर्व में परिचालित किये गये मार्गदर्शी सिद्धान्त के अनुसार पुरस्कार प्राप्त करने की अर्हताए निर्धारित की गई है जिसमें भारत का मूल नागरिक हो। उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हो। मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण



के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो। गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में इस राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत न दिया जा चुका हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों में से कोई एक व्यक्ति, जिसने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया हो तथा इस हेतु पूर्णतः समर्पित रहे हो, को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस 5 जनवरी पर गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किया जाता है जिसके अन्तर्गत चयनित व्यक्ति को एक लाख रूपये का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति-पत्र दिये जाने की व्यवस्था है।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की संयुक्त आख्या में व्यापक जांच कर तथ्यात्मक विवरण अभिलेखीय साक्ष्यों सहित यह भी प्रमाण-पत्र अंकित किया जाये कि उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला प्रचलित /लंबित नहीं है और किसी भी अपराधिक मामले में किसी न्यायालय द्वारा उन्हें दण्डित नही किया गया है।

# मकान कब्जा को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट युवती घायल, जिला चिकित्सालय में भर्ती

**जन एक्सप्रेस । अयोध्याधाम**



मकान कब्जा को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट इसमें एक पक्ष की दो युवती व दो पुरुष को चोटें आई हैं। लहूलुहान हालत में घायल युवती को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां जनरल वार्ड में उसका इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नाका हनुमानगढ़ी परिक्रमा मार्ग पर स्थित मकान को लेकर हुई मारपीट की तहरीर कोतवाली में दी गई।शिकायती पत्र में कहा गया है कि पीड़ित आशीष यादव पुत्र स्व अशोक कुमार यादव निवासी नाका हनुमानगढी परिक्रमा मार्ग, थाना कोतवाली नगर स्थाई निवासी है 24 जुलाई को समय लगभग सुबह 9~45 पर अपने घर के पीछे की दिवाल पर खिड़की लगवाने के लिए तोड़ावा रहा था, तभी विपक्षी दिनेश यादव, रविन्द यादव, महेन्द्र यादव पुत्रगण नरसिंह यादव व नरसिंह यादव पुत्र स्व महाराजदीन यादव दो अज्ञात व्यक्तियों को लेकर आये और माँ-बहन की भद्दी-भद्दी गाली देते हुए, घर में घुस कर पीड़ित को जमीन पर गिराकर लात-घुसे तथा धारदार हथियार से मारने लगे बीच बचाव करने आयी पीड़ित की बहन समृद्धी यादव के सिर पर कुल्हाडी से वार किये जिसमे समृद्धी के सिर में गभीर चोटें आ गयी जिससे समृद्धी बेहोश होकर गिर गयी इसी बीच पीड़ित के भाई-बहन सागर यादव आकाश यादव, त्रिशा यादव को विपक्षीगणो ने लात-घूसे तथा लाठी- डंडो में मारा। हल्ला गुहार होने पर जब मोहल्ले के लोग आ गये तब विक्षपीगण जाते जाते यह धमकाकर गये की अगर पुलिस के पास जाओगे तो तुमको व तुम्हारे परिवार को जान से मरवा दूगां। पीड़ित का कहना है कि विपक्षीगण मेरी बुआ के लड़के हैं जो दर्शन नगर स्थित तिहुरा मांझा के स्थाई निवासी हैं मेरी बुआ कुछ दिनों से यहां रह रही थी अब वह हमारा घर कब्जा करने के लिए अमादा है जिसको लेकर आए दिन मारपीट गाली गलौज करते रहते हैं इसको लेकर कोतवाली में तहरीर दी गई जहां पर विपक्षियों पर बी एन एस 2023 के तहत 191(2) 115(2) 352, 351,(2) 110, 333 मुकदमा दर्ज किया गया।

## निषादराज बोट सब्सिडी योजना हेतु 31 जुलाई तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण रायबरेली ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत निषादराज बोट सब्सिडी योजना हेतु अर्ह मत्स्य पालकों एवं मछुआरा समुदाय के इच्छुक व्यक्ति विभागीय पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्य-//द्घद्बह्यद्धद्गह्लद्गह्ल.द्वश्1.द्बठ्ठ पर 01 जुलाई से 21 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन आवेदन के लिए खोला गया था। पुनरू उक्त योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 तक मत्स्य निदेशालय द्वारा बढ़ा दी गई है। योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया आवेदन के साथ संलग्न किए गए अभिलेख व विस्तृत विवरण भी उक्त विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, रायबरेली से किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता हैं।

# पीड़िता ने पुलिस से की शिकायत

**जन एक्सप्रेस । बीकापुर -अयोध्या**

कोतवाली क्षेत्र के तोरो माफी दराबगंज निवासी अशोक कुमार पुत्र राधेश्याम प्रतिदिन दराब गंज बाजार मैं पकड़ के पेड़ के नीचे ठेले पर चार्ट की दुकान करते हैं। दुकान पर शनिवार को रात लगभग 8~30 बजे गोहटा पुत्र राम पदारथ एवं साधु पुत्र अज्ञात आकर चाट लिए और पीछे जाकर चाट के साथ शराब पीकर आए। और गाली गुप्ता देते जान से मारने की धमकी देने लगे हैं। जिसे सुनकर आस -पास के लोग बीच बचाव के बाद जान से मारने की धमकी देते चले गए जिसकी शिकायत पीड़ित की पत्नी लक्ष्मी द्वारा कोतवाली में करने पर उक्त दोनों लोगों के खिलाफ धारा 352, 351( दो ) मे मुकदमा पंजीकृत करके स्थानीय पुलिस जांच में लग गई है।

# सांप के डसने पर जिला अस्पताल रिफर

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

कोतवाली क्षेत्र के भावपुर कोडरा निवासी फुलवा पत्नी जगराम को रात लगभग दश बजे सांप के काट लेने की संदेह पर सी एच सी बीकापुर लाया गया! जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर संत कुमार मौर्य द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गहन छानबीन के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। जहां रात में इलाज के बाद सुबह डॉक्टर द्वारा देखने के बाद डिस्चार्ज करने पर घर लाया गया है। घर आने पर स्वस्थ बताया जा रहा है जिससे परिवार के लोग खुशियों से झूम उठे हैं।

# सरकार से समान कार्य समान वेतन देने की मांग: जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्र

**जन एक्सप्रेस । अयोध्याधाम**

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के सैकड़ो शिक्षामित्र गांधी पार्क में एकत्रित होकर समायोजन निरस्त होने से आहत साथियो की आत्मशान्ति के लिए हाथों में काली पट्टी बांधकर उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित की। ज्ञात हो कि विगत 25 जुलाई 2017 में शिक्षामित्र से शिक्षक पद पर समोयोजित 1 लाख 37 हजार लोगों का मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर समायोजन निरस्त हो गया था जिससे सभी प्रशिक्षित स्नातक शिक्षामित्र मे से लगभग 8 हजार शि.मि. अकाल काल के गाल में अर्थिक तंगी और मानसिक अवसाद से सभा गये।श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कर रहे शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्र ने कहा कि विगत वर्ष सरकार द्वारा शिक्षामित्रों की समस्या निस्तारण के लिए एक कमेटी बनाई थी, परन्तु उसका अभी तक कोई निदान नहीं हुआ संघ मांग करता है कि 23 वर्ष तक अनुभवी प्रशिक्षित की समान कार्य समान वेतन देने की सरकार से मांग की। मंडल अध्यक्ष रामतीरथ बनौधिया ने बताया कि शिक्षामित्र आर्थिक संकट से विवश होकर अपना व अपने परिवार का इलाज नहीं करवा पा रहे है इन्हे तत्काल आयुष्मान योजना से जोड़ने की मांग की। कार्यक्रम के समापन पर शिक्षामित्रों ने




गांधी प्रतिमा पर कैडिल जलाकर अपने दिवंगत शिक्षामित्र साथियो को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात् मुख्यमंत्री को सम्बोधित सात सूत्रीय मांग पत्र दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्र सहित रामतीरथ बनौधिया राम दर्शन यादव आशुतोष सिंह विजय कुमार संतोष तिवारी मोबीन अहमद सत्यपाल शिव कुमार यादव रामकरन भारती रंजीत तिवारी रामशंकर, राम प्रगट शर्मा, मो0 हिलाल सईद, रेखा शुक्ला, डॉ0 शबनम बानो, प्रेम द्विवेदी, शिवा नन्द तिवारी, राजेश तिवारी, मुनीष वर्मा, विनय मिश्रा, राम कुमार, ईश कुमार वर्मा, साधना सिंह, साधना पाण्डेय, साधना पाण्डेय, कल्पना पाण्डेय, डॉली सिंह, संगीता गुप्ता आदि सभी अयोध्या जनपद के सैकड़ो शिक्षामित्र साथी मौजूद रहे।

# लखनऊ में यूपी की सबसे बड़ी फूल-मंडी पर चला बुलडोजर

## प्रशासन ने नहीं मानी डिप्टी सीएम की बात, राम मंदिर के लिए यहीं से भेजे गए थे फूल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ की सबसे बड़ी फूल मंडी पर प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया। हुसैनाबाद ट्रस्ट की जमीन को 100 साल के लिए 2001 में लीज पर दी गई थी। लेकिन प्रशासन ने 26 जून 2024 तक खुद से खाली करने का नोटिस जारी कर दिया था। गुरुवार दोपहर प्रशासन की टीम चौक स्थित कंचन मार्केट के सामने फूल मंडी में बुलडोजर के साथ पहुंची। यहां सुबह से ही व्यापारी फूल बेच रहे थे। बुलडोजर देख व्यापारियों में अफरातफरी मच गई। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस भी मौजूद रही। इसी मंडी से अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए फूल भेजे गए थे। मंडी को बचाने के लिए व्यापारी ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से भी अपील की थी। डिप्टी सीएम ने दुकान नहीं हटाए जाने का आश्वासन भी दिया था। बावजूद प्रशासन ने मंडी पर बुलडोजर चला दिया। वहीं 29 सितंबर 2019 को फूल मार्केट को विभूति खंड में शिफ्ट करने का फैसला किया गया था फूल मंडी में करीब 120 से ज्यादा दुकानें थीं।



### नवंबर 2001 में लीज पर दी गई थी जमीन

प्रशासन ने हुसैनाबाद ट्रस्ट की जमीन को 9 नवंबर 2001 में फूल व्यापार कल्याण समिति को लीज पर दी थी। यह लीज 100 साल के लिए थी। लेकिन 2024 में अचानक प्रशासन ने लीज कैंसिल कर दी। नगर निगम ने फूल मंडी को हटाने के लिए पहले ही नोटिस दिया था। वहीं हुसैनाबाद ट्रस्ट ने भी मंडी हटाने के लिए समिति को नोटिस दिया था। ट्रस्ट का कहना है कि यह संपत्ति हमारी है।

### 4 दशक से चल रहा कारोबार उजड़ा

दुकानदार अयाज ने कहा- बीते चार दशक से हमारा परिवार यहां पर फूल का कारोबार करता आ रहा है। प्रशासन ने नोटिस देकर कहा कि सभी की दुकानें किसान बाजार में शिफ्ट कर दी गई हैं। वहां पर केवल 7 दुकानें हैं। न तो वहां पर आने-जाने का कोई साधन है। न ही कोई सुविधा। ऐसे में केवल 7 दुकानों में कैसे 120 परिवार फूल का कारोबार करेंगे। अयाज ने कहा- प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर हमारी छत छीन ली है। हम सभी खुले आसमान के नीचे अपनी दुकान लगाएंगे। हमारी मांग है कि फूल मंडी दुबग्गा सब्जी मंडी में या चौक के किसी बाजार में शिफ्ट कर दी जाए। मंडी परिषद वाले तानाशाही रवैया अपना रहे हैं।

### नेताओं के स्वागत के लिए यहीं से जाते थे फूल

फूल व्यापारी मोहम्मद अयाज ने बताया कि उत्तर प्रदेश की यह सबसे पुरानी और बड़ी फूल मंडी है। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान दो बार यहां से फूल भेजा गया था। इसके अलावा लखनऊ के जो भी पुराने मंदिर हैं, जैसे- हनुमान सेतु, मनकामेश्वर महादेव, बुद्धेश्वर महादेव, कालीबाड़ी मंदिर समेत तमाम मंदिर और दरगाहों पर यहीं से फूल जाता है।

### 3 लाख रुपए से ज्यादा का रोजाना कारोबार

स्थानीय कारोबारियों ने बताया कि रोजाना सुबह तीन से चार घंटे तक फूल मंडी लगती थी। यहां पर रोजाना लगभग 3 लाख रुपए का कारोबार होता था। यहां के फूल शहर के सभी लोकेशन पर भेजे जाते थे।

### 2010 में मिला था पहला नोटिस

फूल व्यापारी कल्याण समिति के सचिव मोहम्मद अय्यूब ने बताया- बड़े इमामबाड़ा के पीछे वाली गली में फूल मंडी लगती थी। 2001 में फूल वाली गली से निकलकर हुसैनाबाद ट्रस्ट की जमीन पर मंडी लगने लगी। 2010 में शासन की ओर से पहला नोटिस दिया गया था। तब कहा गया था कि मंडी को किसान बाजार में शिफ्ट किया जाए। उस समय किसानों के विरोध से मामला शांत हो गया था। नवंबर 2023 में हुसैनाबाद ट्रस्ट की ओर से नोटिस जारी हुआ था।

### डिप्टी सीएम से लगाई थी मदद की गुहार

1 महीने पहले डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से किसानों ने मुलाकात कर अपनी समस्या बताई थी। पाठक ने किसानों और व्यापारियों को आश्वासन दिया था कि मंडी नहीं हटेगी लेकिन अब तो बुलडोजर चला दिया गया।

चौक की फूल मंडी प्रदेश की सबसे पुरानी फूल मंडियों में से एक है। यहां की दुकानों को विभूति खंड में किसान बाजार में शिफ्ट कर दिया गया है। हालांकि फूल मंडी के किसानों का कहना है कि यहां के कारोबार से 120 परिवार जुड़े हैं, लेकिन सिर्फ 7 दुकानें ही आवंटित की गई हैं। ऐसे में कैसे व्यापार संभव हो पाएगा।

# लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन और टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय के मध्य समझौता ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ मैनेजमेण्ट एसोसिएशन ने टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय, लखनऊ उत्तर प्रदेश के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिससे दो प्रसिद्ध संस्थानों के बीच औपचारिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर श्री कपिल मिश्रा, वाइस चांसलर डॉ. प्रशांत त्रिवेदी, डीन डॉ. हेमेन्द्र शर्मा सहित अन्य शिक्षकगण तथा एसोसिएशन की ओर से सचिव श्री राहुल दत्त, टेज़रर श्री राजीव प्रधान, एवं जनरल मैनेजर सुश्री रेनू चैधरी, मौजूद थे। नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक उल्लेखनीय पहल टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय लखनऊ के कैंपस में 24 जुलाई, 2024 को लखनऊ मैनेजमेण्ट एसोसिएशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, इस समझौते से एक ऐसा वातावरण स्थापित होगा जहां छात्रों के विचारों को पंख लग सकें, उन्हें उनकी आकांक्षाओं को साकार करने के लिए आवश्यक उपकरण, ज्ञान और समर्थन से लैस करना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय तथा एलएलएम के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। यह विश्वविद्यालय भारत का प्रमुख अनुसंधान और नवाचार-संचालित निजी विश्वविद्यालय है, जो लखनऊ में एक अत्याधुनिक उच्च तकनीक परिसर के रूप में विकसित किया गया है। इस समझौते का उद्देश्य दोनों पक्षों की सहयोग से ऐसी पाठ्यक्रम सामग्री विकसित करना है जो वर्तमान उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप हो। छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं लाइव कार्यक्रमों में भी शामिल कराया जाएगा। विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर श्री कपिल मिश्रा ने कहा कि समझौता ज्ञापन ÷सभी के विकास÷ का समर्थन करते हुए परियोजनाओं को महत्वपूर्ण रूप से बढाएगा। इस तरह के सहयोग से उद्योग को सही प्रतिभा हासिल करने में मदद मिलेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि 2-3 वर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पर्याप्त युवा पेशवर तैयार होंगे।

# खबर का हुआ असर: मोटरसाइकिल चोरी की खबर छापने के बाद हुई कार्रवाई, दो गिरफ़्तार



- इटौंजा पुलिस टीम ने दो युवकों को चोरी की मोटरसाईकिल के साथ महोना पुलिया से किया गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते 6 दिनों पहले अमानीगंज गांव में प्रमोद कुमार बाजपेई पुत्र शिवराम बाजपेई निवासी ग्राम अमानीगंज की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस सिल्वर रंग की घर के बाहर खड़ी थी जोकि बीते शुक्रवार रात 10 बजे घर के बाहर खड़ी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी हो गईं थीं जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाने पर की थी। बता दे कि सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी सुजीत कुमार दुबे के निर्देशन में इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम उ0नि0 रमेश सिंह यादव, उ0नि0 तेजवीर सिंह, कांस्टेबल सिद्धार्थ,चिराग त्यागी ने मुखबिर खास की सूचना पर महोना की तरफ से आ रहे दो व्यक्तियों को रोका और नाम पता पूछा तो अंकित उर्फ कार्तिक पुत्र गया प्रसाद उम्र करीब 20 बर्ष निवासी ग्राम नयागंज रहोपुरवा थाना अटरिया व जागेश्वर उर्फ गोलू यादव उम्र करीब 19 बर्ष निवासी ग्राम नयागंज रहोपुरवा थाना अटरिया जनपद सीतापुर बताया तथा दोनो व्यक्तियों से वाहन कागजात मांगे गये तो उपलब्ध नहीं करा सकें। पुलिस के मुताबिक पूछ-ताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि मोटरसाईकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस दोनों व्यक्तियो द्वारा अमानीगंज गांव प्रमोद के घर के बाहर से चोरी की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 117/24 धारा 303 (2) बीएनएस पूर्व से पंजीकृत है। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर पूछताछ की गई तो पता चला कि अंकित उर्फ कार्तिक पर एक मुकदमा अटरिया थाने में भी दर्ज है। जिन पर मु0अ0सं0 117/24 धारा 303 (2)/317 (2) बीएनएस से सम्बन्धित दोनों व्यक्ति को चोरी की 01 मोटर साईकिल के साथ गिरफ़्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# ग्रेटर नोएडा में सिक्वेंशियल बैच रिएक्टर टेक्नोलॉजी बेस्ड सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना करेगी योगी सरकार

- 79.57 करोड़ रुपए की लागत से होगा ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने शुरू की तैयारियां
- 85 क्यूसेक कैपेसिटी वाले गंगा जल प्रोजेक्ट को भी गति देगी योगी सरकार, 3 जोनल रिजरवॉयर में इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल व अन्य सिविल वर्क्स को जल्द पूरा करने पर फोकस

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश की प्रगति व उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर उसे उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा में विकास को गति देने के लिए दो प्रमुख योजनाओं पर कार्य शुरू कर दिया है। ग्रेटर नोएडा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना व संचालन के साथ ही गंगा जल प्रोजेक्ट से संबंधित परियोजनाओं को गति देने का कार्य शुरू हो गया है। सीएम योगी के विजन अनुसार, ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-1 में में %सिक्वेंशियल बैच रिएक्टर टेक्नोलॉजी% बेस्ड सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना किया जाना निर्धारित है। 79.57 करोड़ की लागत से बनने वाले 45 एमएलडी कैपेसिटी युक्त सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व वॉटर रीक्लेमशन फैसिलिटी की स्थापना, संचालन व टेस्टिंग की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी प्रकार, 85 क्यूसेक कैपेसिटी वाले गंगा जल प्रोजेक्ट के अंतर्गत 3 जोनल रिजरवॉयर में इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल व अन्य सिविल वर्क्स को जल्द पूरा करने के लिए एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। इस कार्य में कुल मिलाकर 11.44 करोड़ रुपए का व्यय अनुमानित है। इन दोनों ही कार्यों को पूरा करने के लिए ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से प्रक्रिया शुरू हो गई है और सभी कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा के समेकित विकास के लिए सीएम योगी के विजन में तैयार की गई विस्तृत कार्ययोजना के अनुसार, ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-1 में 79.57 करोड़ रुपए की लागत से सिक्वेंशियल बैच रिएक्टर (एसबीआर) टेक्नोलॉजी युक्त सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का विकास किया जाएगा। यह 45 एमएलडी कैपेसिटी वाला एसटीपी होगा जिसे एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के बाद 15 महीनों में पूरा किया जाएगा। वहीं, ऑपरेशन व मैनेजमेंट के लिए 120 महीनों की कार्यावधि निर्धारित की गई है। इस प्लांट के निर्माण को लेकर पहले एजेंसी द्वारा साइट एनवॉयरमेंट प्लान (एसईपी) तैयार किया जाएगा। सभी निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न मानकों का ध्यान रखा जाएगा जिसमें वायु प्रदूषण व ध्वनि प्रदूषण के स्तर को भी मॉनिटर करते हुए कम से कम रखा जाएगा।

### एक साथ कई प्रकार के अपशिष्टों का हो सकेगा निस्तारण

प्लांट में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सीवरेज आउटकम को गहरे गुरुत्वाकर्षण आउटफॉल सीवर द्वारा प्राप्त किया जाएगा, जो रॉ सीवेज को एक रिसीविंग चैंबर में डिस्चार्ज करेगा, जहां से इसे डाउनस्ट्रीम मोटे स्क्रीन में ले जाया जाएगा। सीवेज के साथ आने वाली सामग्रियों को हटाने के लिए उसे गीले कुएं के ऊपर मोटे स्क्रीन चैनल में छाना जाएगा। स्क्रीनिंग के बाद सीवेज वेट वेल में प्रवेश करेगा। प्लांट वेट वेल युक्त होगा जिसकी क्षमता औसत और पीक फ्लो स्थितियों के दौरान पर्याप्त हाइड्रोलिक प्रतिधारण करने की होगी। प्लांट में फ्लो मैनेजमेंट, इनलेट चैंबर, फाइन स्क्रीनिंग व डी-ग्रिटिंग व्यवस्था को भी पूर्ण किया जाएगा। प्लांट में उपचारित सीवेज में से बीओडी, सीओडी, निलंबित ठोस, नाइट्रोजन और फॉस्फोरस को हटाने तथा बायोलॉजिकल ऑर्गैनिक रिमूवल के लिए एसबीआर इकाइयों में डाला जाएगा। एसबीआर बेसिन को दो क्षेत्रों में विभाजित किया जाएगा, जोकि सिलेक्शन जोन व एरेशन जोन युक्त होंगे। एसबीआर एकल चरण में चक्रीय/बैच मोड में काम करेगा। यह जैविक कार्बनिक निष्कासन, नाइट्रीकरण, विनाइट्रीकरण और जैविक फॉस्फोरस निष्कासन करेगा और एक साथ अपशिष्ट स्थिरीकरण करने में सक्षम होगा।

## आईटीआई अलीगंज में कोर्स ऑन कंप्यूटर कॉन्सेप्टस की शुरुआत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

केंद्र सरकार के स्किल इंडिया प्रोग्राम कौशल भारत-कुशल भारत और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत युवाओं के कौशल उन्नयन के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई अलीगंज में नए कोर्स की शुरुआत की जा रही है।प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई अलीगंज लखनऊ ने बताया कि कोर्स का नाम कोर्स ऑन कंप्यूटर कॉन्सेप्टस है, जिसे आईटीएस सेक्टर के तहत 7 अगस्त से संचालित किया जाएगा। इस कोर्स में पंजीकरण की अंतिम तिथि 29 जुलाई है।

# महोना चौराहे रोड पर हुई जमकर मारपीट, वीडियो वायरल

- मारपीट कर रहे दोनों पक्षों ने थाने पर की शिकायत, तीनों पर हुई कार्यवाहीं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत महोना चौकी क्षेत्र महोना कुर्सी रोड पर चौराहे के पास बृहस्पतिवार सुबह 9 बजे राजेश कुमार वर्मा को प्रमोद सोनी व नरेंद्र सोनी से कहा सुनी को लेकर जमकर मार-पीट हों गई। बता दे कि इटौंजा के महोना चौकी इलाके में बृहस्पतिवार को कुछ दबंगों ने राजेश वर्मा नामक युवक को बीच सड़क पर पिटाई कर दी। इस पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें दो लोगों ने मिलकर राजेश वर्मा बब्लू को जम कर पीटा। पीड़ित की पत्नी का आरोप है कि उसने पुलिस को फोन किया लेकिन पुलिस मौके पर तब पहुची जब आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद वह अपने पति को लेकर इटौंजा थाने आ गई। जहां पर पुलिस ने मारपीट कर रहे तीनों व्यक्ति कों गिरफ्तार कर लिया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने बताया कि मारपीट कर रहे राजेश कुमार वर्मा बबलू निवासी वार्ड नं0 8 शेख टोला महोना, प्रमोद सोनी नि0 ग्राम कसाई टोला वार्ड नं0 10 महोना, नरेन्द्र सोनी नि0 ग्राम कसाई टोला वार्ड नं0 10 महोना को हिरासत में लेकर चालान धारा 170/126/135 के तहत कार्यवाहीं की गई है।

# 50 प्रतिशत से अधिक राजस्व वृद्धि करने वाले नगर निगमों को मिलेगा 100 करोड़ रुपए तक का अनुदान

- मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के क्रियान्वयन के लिए जारी एसओपी में विशेष परिस्थितियों के तहत योगी सरकार ने किया प्राविधान
- 25 प्रतिशत टैक्स वृद्धि करने वाले नगर निगमों को न्यूनतम 2.5 करोड़ और अधिकतम 50 करोड़ रुपए का मिल सकेगा अनुदान
- 1 लाख से अधिक जनसंख्या वाली नगर पालिका व जिला मुख्यालयों में 15 प्रतिशत टैक्स वृद्धि वाले निकायों को मिलेंगे 20 करोड़
- 1 लाख से कम जनसंख्या वाली नगर पालिका, जिला मुख्यालयों व नगर पंचायतों में 10 प्रतिशत टैक्स वृद्धि वाले निकायों को 5 करोड़ तक का अनुदान
- प्रदेश में नगरों के सर्वांगीण विकास और नगरीय स्थानीय निकायों के रेवेन्यू कलेक्शन में वृद्धि को लेकर योगी सरकार कर रही प्रयास

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में नगरों के सर्वांगीण विकास और नगरीय स्थानीय निकायों के रेवेन्यू कलेक्शन में वृद्धि को लेकर योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में नगर विकास विभाग ने राज्य की समस्त नगरीय स्थानीय निकायों में संचालित विभिन्न योजनाओं और अन्य मिशनों को मिशन टू मूवमेंट के रूप में विस्तारित कर मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना की शुरुआत की है। योजना के अंतर्गत नगर निगमों में न्यूनतम 25 प्रतिशत टैक्स/नॉन टैक्स में वृद्धि करने वाले नगर निगमों को न्यूनतम 2.5 करोड़ और अधिकतम 50 करोड़, नगर पालिका परिषदों व जिला मुख्यालयों (एक लाख से अधिक जनसंख्या) में न्यूनतम 15 प्रतिशत टैक्स/नॉन टैक्स में वृद्धि करने वाले निकायों को न्यूनतम 25 लाख रुपए और अधिकतम 20 करोड़ रुपए और नगर पालिका परिषद व जिला मुख्यालय (एक लाख से कम जनसंख्या) व नगर पंचायतों में न्यूनतम 10 प्रतिशत टैक्स/नॉन टैक्स में वृद्धि करने वाले निकायों को न्यूनतम 10 लाख और अधिकतम 5 करोड़ रुपए अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा। विशेष परिस्थितियों में 50 प्रतिशत से अधिक राजस्व वृद्धि करने, नवोन्मेषी परियोजनाएं, राजस्व उत्पादक परियोजनाएं एवं राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं के लिए प्रति नगर निगम अधिकतम 100 करोड़ रुपए की निधि जारी की जा सकती है। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के क्रियान्वयन के लिए जारी एसओपी में इसका प्राविधान किया गया है।

### 5 वर्षों के लिए लागू रहेगी योजना

योजना के तहत, सेल्फ रेवेन्यू कलेक्शन को आधार वर्ष 2022-23 की तुलना में 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ाया जाएगा, जो पात्रता मानदंड होगा। यह योजना 2024-25 से शुरू होकर पांच वर्षों के लिए लागू रहेगी। 2024-25 में इस योजना के लिए 500 करोड़ रुपए की धनराशि की व्यवस्था की गई है। इस योजना से उत्तर प्रदेश के समस्त 762 नगरीय स्थानीय निकायों को आच्छादित किया जाएगा। यह योजना राज्य के समस्त नगरीय क्षेत्रों में सतत आर्थिक वृद्धि, समानता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ाने के लिए 3ई दृष्टिकोण अपनाएगी। योजना के प्रयोजन के लिए नगरीय स्थानीय निकाय के प्रकार, जनसंख्या और क्षेत्रफल के आधार पर नगरीय स्थानीय निकाय को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। श्रेणी-1 में नगर निगम (3 लाख से अधिक जनसंख्या), श्रेणी-2 में नगर पालिका परिषद एवं जिला मुख्यालय (1 लाख से अधिक जनसंख्या) और श्रेणी-3 में नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतें और जिला मुख्यालय (1 लाख से कम जनसंख्या) को शामिल किया गया है। इन श्रेणियों के तहत विभिन्न परियोजनाएं अनुमन्य की गई हैं।




### पंचवर्षीय विजन प्लान के तहत तैयार होगी वार्षिक कार्ययोजना

योजना के लिए उपलब्ध बजट व्यवस्था के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति के लिए आवंटित संरचना श्रेणी-1 के लिए आवंटन का 40 प्रतिशत, श्रेणी-2 के लिए कुल आवंटन का 40 प्रतिशत एवं श्रेणी-3 के लिए कुल आवंटन का 20 प्रतिशत तक आरक्षित किया गया है। नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के लिए अनुमोदित बजट आवंटन की धनराशि में मंत्री नगर विकास विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकेगा। प्रत्येक नगरीय स्थानीय निकाय की आवश्यकता के दृष्टिगत स्टेकहोल्डर्स से परामर्श करते हुए दिशा निर्देशों के अनुरूप एक पंचवर्षीय विजन प्लान तथा इस विजन प्लान के अंतर्गत वार्षिक कार्ययोजना तैयार की जाएगी। पहले वर्ष की कार्ययोजना विजन प्लान के साथ ही निदेशालय को प्रस्तुत की जाएगी। योजना से संबंधित सभी गतिविधियों के संचालन करने में सहयोग के लिए निदेशालय स्तर पर एक पीएमयू का गठन किया जाएगा।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# गठबंधन धर्म निभाते हुए अमृतकाल के संजोए सपने को पूरा करेगा आम बजट 2024

**पंजाब से लेकर महाराष्ट्र तक केंद्रीय बजट 2024 की आलोचना हो रही है। जहां पंजाब के संसद सदस्यों ने केंद्रीय बजट में धन आवंटन के मामले में उनके राज्य को अनदेखा करने का आरोप लगाया और विरोध प्रदर्शन तक किया। वहीं, महाराष्ट्र के महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने भी ताजा बजट में उनके राज्य की उपेक्षा करने का आरोप मढ़ते हुए संसद के बाहर प्रदर्शन तक किया। जबकि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई को देश की आर्थिक राजधानी कहलाने का गौरव प्राप्त है। बजट में महाराष्ट्र को नजरअंदाज करना भाजपा को विधानसभा चुनाव में भारी पड़ सकती है।**

*केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जब 23 जुलाई मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया तो किसी को अमृतकाल और विकसित भारत की आहट मिली, तो किसी को वही रटी रटाई पश्चाताप जो पिछले 10 सालों से होती आई है और अगले 15 सालों तक रहने वाली है, यदि इस बीच गठबंधन की गांठ नहीं खुली तो। भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बजट को अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट बताया और कहा कि यह अगले पांच साल के लिए हमारी दिशा तय करने के साथ ही 2047 तक विकसित भारत की आधारशिला रखेगा। लेकिन उनकी बातों में, बजट अभिभाषण में, और बजट प्रस्तावों में मीन मेख निकालने वाले नेताओं की कमी नहीं दिखी। बावजूद इसके केंद्रीय बजट 2024 एक संतुलित बजट है, क्योंकि इसमें महिलाओं, युवाओं, गरीबों, किसानों के हित को सामने रखकर विभिन्न आवश्यक व लोकहितकारी घोषणाएं की गई हैं। देखा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी के अमृत काल वाले विकसित भारत के संकल्प की प्रतिबद्धता को दोहराता हुआ बजट है। जिससे पूरी उम्मीद है कि यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के मिशन को पूरा करेगा। वहीं, इस केंद्रीय बजट में क्षेत्रीय असंतुलन को संतुलन में लाने की कोशिश की गई है, जो आगे भी जारी रखी जायेगी, ऐसे संकेत मिले हैं। क्योंकि देश के कुछ पिछड़े क्षेत्र हैं जिन्हें पिछली सरकारों ने नजरअंदाज किया है, इसलिए विकास की गंगा वहां तक पहुंचाना समावेशी विकास की सबसे बड़ी जरूरत है। शायद इसी नजरिए से बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए की गई विभिन्न घोषणाओं से पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इस लिहाज से बजट में 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया है। केंद्रीय बजट में एक तरफ आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ रुपए और आगामी वर्षों में अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था की घोषणा की गई, जो अच्छी बात है। तो दूसरी तरफ बिहार को 26 हजार करोड़ रुपये देने का ऐलान किया गया है। ऐसा करके वित्त मंत्री ने अपने दोनों गठबंधन साथियों टीडीपी और जदयू को साधने की पहल की है, जो समझदारी भरा कदम है। इन दोनों राज्यों के आर्थिक हितों का ख्याल रखने से एनडीए सरकार पांच सालों तक चलती रहेगी और आगे के भी चुनावों में उम्दा प्रदर्शन करती रहेगी। इस आम बजट को युवाओं और महिलाओं के सपनों का बजट भी करार दिया गया है। क्योंकि इनके दृष्टिगत कौशल विकास और रोजगार सृजन की जो घोषणाएं हुई हैं, वह ऐतिहासिक हैं। इस प्रकार इस बजट में पीएम मोदी का विकसित भारत का सपना पूरी तरह से झलकता है। वहीं, अगर विपक्ष ने इस बजट की आलोचना की है तो इसका मतलब यह भी लगाया जा रहा है कि बजट अच्छा है, क्योंकि आलोचना करना तो उनका विपक्ष धर्म है। जिसका निर्वहन करने के लिए भी यह सरकार पूरे मौके देती है। इस बारे में एक तरफ सत्ताधारी टीडीपी कहती है कि वाईएसआर कांग्रेस के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी दिल्ली जाकर राज्य की छवि को खराब करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के विकास और कल्याण को लेकर वित्तीय सहायता के लिए दो बार दिल्ली गए और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए 15000 करोड़ का विशेष पैकेज लेकर आए।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत का रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने जैसी पहल के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आधुनिक सैन्य साजो-सामान न केवल भारत में निर्मित हो, बल्कि उन्हें मित्र देशों को भी निर्यात किया जाए। पहले भारत को हथियार आयातक राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। लेकिन, आज भारत अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आ गया हैं और हमने हथियार निर्यातक शीर्ष-25 देशों की सूची में जगह बना ली है। कुछ साल पहले तक भारत के रक्षा क्षेत्र का निर्यात 1,000 करोड़ रुपये तक भी नहीं पहुंच पाता था, जबकि आज यह 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।**

# बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ हुआ न्याय



आर.के. सिन्हा

**भारत की पाकिस्तान से 1947, 1965, 1971 और फिर करगिल में जंग हुई। चीन से भी हमारी भीषण जंग 1962 में हुई। कुछ साल पहले चीन से दोकलम में भी लड़ाई की ही नौबत आ चुकी थी । लेकिन, भारत की कुशल कूटनीति से युद्ध टल गया था। भारत के चीन और पाकिस्तान से कई विषयों पर विवाद हैं। इसीलिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने समझदारी पूर्वक रक्षा बजट के लिए एक बड़ी राशि देने का प्रस्ताव रखा।**

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का साल 2024-25 का बजट पेश करते हुए रक्षा क्षेत्र के लिए 4.54 लाख करोड़ का प्रस्ताव किया। यह संयोग ही है कि कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) से चंदेक दिन पहले ही संसद में पेश आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए ठीक-ठाक राशि का ही प्रस्ताव किया गया। भारत अपने रक्षा बजट की किसी भी सूरत में अनदेखी नहीं कर सकता। कारण हम सबको पता है। हमारे दो गैर-जिम्मेदाराना हरकतों के लिये कुख्यात पड़ोसी- चीन और पाकिस्तान भारत के कट्टर शत्रु देश हैं। इनसे भारत के कई युद्ध भी हो चुके हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान तो भारत में आतंकवाद को लगातार हवा-पानी देता रहता है। यह हमने हाल ही में जम्मू में भी देखा। जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमलों में वृद्धि के मद्देनजर, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने विगत 20 जुलाई को जम्मू का दौरा भी किया था। वह वहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए गए थे। इस दौरान उन्होंने आला सैनिक अफसरों के साथ आतंकवाद को कुचलने की रणनीति पर भी बातचीत की थी। जम्मू में इस साल छह अलग-अलग आतंकी हमलों में 11 सशस्त्र बल कर्मियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, पिछले महीने आतंकियों ने रियासी में एक बस पर फायरिंग की थी। इसके बाद बस के खाई में गिरने से 9 यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके अलावा अक्टूबर 2021 से आतंकवादी डोडा, कठुआ और रियासी जैसे क्षेत्रों में और भी अंदर तक पहुंच गए हैं। पिछले महीने जनरल मनोज पांडे से सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभालने के बाद से जनरल द्विवेदी का जम्मू क्षेत्र का यह दूसरा दौरा था। तो बहुत साफ है कि भारत के रक्षा क्षेत्र के सामने बहुत चुनौतियां है। उसे पाकिस्तान और चीन की करतूतों से लगातार लड़ना पड़ता है। भारत की पाकिस्तान से 1947, 1965, 1971 और फिर करगिल में जंग हुई। चीन से भी हमारी भीषण जंग 1962 में हुई। कुछ साल पहले चीन से दोकलम में भी लड़ाई की ही नौबत आ चुकी थी । लेकिन, भारत की कुशल कूटनीति से युद्ध टल गया था। भारत के चीन और पाकिस्तान से कई विषयों पर विवाद हैं। इसीलिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने समझदारी पूर्वक रक्षा बजट के लिए एक बड़ी राशि देने का प्रस्ताव रखा। चीन ने 1962 की जंग के बाद हमारे अक्सईचिन पर अपना जबरदस्ती कब्जा जमा लिया था। यह क्षेत्र 37,244 वर्ग किलोमीटर है जिसमें अनेक गलैशियर भरे पड़े हैं। यह पूरे कश्मीर घाटी जितना बड़ा इलाका है। भारत को उस चीन द्वारा जबरदस्ती ढंग से कब्जाए क्षेत्र को वापस तो लेना ही है। चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश पर भी गिद्ध दृष्टि रखता है। तो भारत को अपने रक्षा बजट को निरंतर बढ़ाने के साथ सेना के सभी अंगों को और मजबूत तो करना ही होगा। इस बारे में कोई बहस संभव नहीं है। भारत लगातार अपने रक्षा क्षेत्र को बदलते वक्त के साथ तैयार भी कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीए) पद सर्जित करने की घोषणा की थी। यह कदम भारतीय सशस्त्र बलों में आपसी तालमेल को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। हालांकि यह पहल कारगिल युद्ध के 18 साल बाद हुई। आप जानते हैं कि कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान के गले में अंगूठा डाल दिया था। कारगिल युद्ध भारतीय सेना और राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों के लिए एक बड़ा झटका था। 84 दिनों तक चला यह युद्ध 15,000 फीट की ऊँचाई पर 200 किलोमीटर लम्बी सीमा पर लड़ा गया। यह युद्ध भारतीय सेना के लिए प्रमुख सुधारों और नवीनीकरण का उत्प्रेरक बना । देश की सरहदें की निगाहबानी करने वालों के लिए कारगिल का सबसे बड़ा सबक था - अप्रत्याशित की उम्मीद करना। भारतीय सेना ने कभी नहीं सोचा था कि जनरल परवेज मुशर्राफ के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना कारगिल सेक्टर में घुसपैठ करेगी।कारगिल युद्ध का एक महत्वपूर्ण सबक यह भी था कि भारत को आधुनिक हथियारों और गोला-बारूद में आत्मनिर्भर होना होगा। यह तो जाहिर है कि भारत सरकार रक्षा क्षेत्र के सामने कभी धन की कमी महसूस नहीं होने देती। जब देश के इर्द-गिर्द दो बड़े शत्रु राष्ट्रों की सरहदें मिलती हो तब भारत से यह अपेक्षा करना उचित ही नहीं होगा कि वह अपने रक्षा बजट में कटौती करने की सोचे भी। अगर बात आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए धन की आवंटन से हटकर करें, तो भारत को अपने रक्षा क्षेत्र में लगातार सुधार करते ही रहना होगा। यह अच्छी बात है कि सरकार सेना, नौसेना और वायु सेना के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो संकट के समय में उनके बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगा। पहले तीनों सेनाएं अपने-अपने स्तर पर काम करती थीं। मौजूदा सरकार ने उनके एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया, जो लीक से हटकर कर एक अलग कदम था और यह समय की मांग भी थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा भी था सेना के तीनों अंगों में समन्वय का काम थोड़ा कठिन था; लेकिन, अब हमारी सेना बेहतर समन्वय के साथ हर चुनौती से निपटने के लिए मिलकर काम करने को तैयार रहती है। कुछ लोगों का विचार था, स्वदेशी हथियार विश्व स्तरीय नहीं होंगे; लेकिन, वर्तमान सरकार घरेलू उद्योग की क्षमताओं में विश्वास करती है। यह जान लीजिए कि कोई भी सेना बाहर से आयातित उपकरणों से अपने देश की रक्षा नहीं कर सकती है और आज के समय में भारत के लिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता आवश्यक है। आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत सरकार के लगातार प्रयास अब लाभ देने लगे हैं, क्योंकि; भारत का रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने जैसी पहल के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आधुनिक सैन्य साजो-सामान न केवल भारत में निर्मित हो, बल्कि उन्हें मित्र देशों को भी निर्यात किया जाए। पहले भारत को हथियार आयातक राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। लेकिन, आज भारत अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आ गया हैं और हमने हथियार निर्यातक शीर्ष-25 देशों की सूची में जगह बना ली है। कुछ साल पहले तक भारत के रक्षा क्षेत्र का निर्यात 1,000 करोड़ रुपये तक भी नहीं पहुंच पाता था, जबकि आज यह 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सरकार को 2028-29 तक वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशा है। संक्षेप में इतना ही कहना काफी होगा कि भारत सरकार को अपने रक्षा क्षेत्र पर लगातार फोकस देते रहना ही उचित होगा।




**सरकार को 2028-29 तक वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशा है। संक्षेप में इतना ही कहना काफी होगा कि भारत सरकार को अपने रक्षा क्षेत्र पर लगातार फोकस देते रहना ही उचित होगा।**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 23:32 तक |
| नक्षत्रः | उत्तरभाद्रपदा 14:23 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | सुकर्माण, 25:30 |
| सूर्योदयः | 05:43 |
| सूर्यास्तः | 19:11 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 10:46-12:27 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:00-12:54 |

## जन एक्सप्रेस

### हो ऐसे तैयारी !

*मिल रही नसीहत ।
हो ऐसे तैयारी ।।
रणनीति पर काम ।
होगा रखना ज़ारी ।।
गुरु मंत्र मिल रहा ।
पल पल हो सुधार ।।
कैसे भी बढ़ाना है ।
अपना ये आधार ।।
झोंकनी है ताक़त ।
आ गया वो वक्त ।।
ना बनना है ढ़ीला ।
हो जाना है सख्त ।।
बढ़ते जाना आगे ।
हों विरोधी पस्त ।।
सीटें बढ़ने वाली ।
हैं करते आश्वस्त ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मानसून में स्वस्थ रहने के लिए अपनाएं आयुर्वेदिक टिप्स, रहेंगे हेल्दी

**मौसम** में परिवर्तन के साथ शरीर को उसके अनुसार ढालना मुश्किल हो जाता है। किसी भी मौसम में आपको स्वस्थ रहने के लिए उस मौसम के अनुसार तालमेल बैठाना जरूरी होता है। मानसून के मौसम में भी व्यक्ति का बार-बार बीमार पड़ना, बुखार, खांसी और जुकाम जैसे वायरल इंफेक्शन होने का जोखिम बढ़ जाता है। इसलिए, इस मौसम में इम्यून सिस्टम को मजबूत रखना जरूरी होता है। आयुर्वेदिक एक?सपर्ट डॉ दीक्सा भावसार सावलिया के अनुसार, ÷आयुर्वेद में, बरसात के मौसम में वात दोष बढ़ जाता है और वात का बढ़ना ज्यादातर बीमारियों के लिए जिम्मेदार होता है। इसलिए, बारिश के दौरान अपने वात को संतुलित रखने, इम्यून सिस्टम को मजबूत रखने और पाचन को बेहतर बनाए रखने के लिए खान-पान में कुछ आयुर्वेदिक नियमों का पालन करना जरूरी है।



**पूरे दिन शुंठी सिद्ध पानी पिएं:** सारा दिन शुंठी सिद्ध पानी पीने से आपकी भूख, इम्यूनिटी और चयापचय को बेहतर रखने में मदद मिलती है। यह पानी बनाना बहुत आसान हैं, शुंठी सिद्ध जल बनाने के लिए 1 लीटर पानी लें, इसमें आधा चम्मच सूखा अदरक पाउडर यानी शुंठी या ताजे अदरक का एक छोटा डंठल डालें। इसके बाद मध्यम आंच पर 10 मिनट तक इस पानी को उबालें। पानी में अच्छी तरह उबाल आने के बाद इसे छान लें और कमरे के तापमान पर ठंडा होने के लिए रख दें और फिर इस पानी को स्टील की बोतल में भरकर रख दें। आप सारा दिन इस पानी का सेवन करें।

**शहद खाना:** रोजाना सुबह उठने के बाद या सोने से पहले 1 चम्मच शहद का सेवन करें। सुबह या रात को शहद खाने से कफ को संतुलित करने में मदद मिलती है, जो आपके वजन को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। शहद का सेवन आपको मानसून में होने वाली बीमारियों जैसे जुकाम और खांसी से बचाता है।

**पुराने अनाज का सेवन:** मानसून के दौरानआप पुराने अनाज जैसे पुराने चावल, पुरानी दाल या पुराने बाजरे का सेवन करें, जो ताजी उपज न हो, बल्कि एक या दो साल पहले की उपज हो। आयुर्वेद में मानसून के दौरान पुराने अनाज का सेवन करने की सलाह दी जाती है, क्योंकि यह पचाने में आसान होते हैं और वात या पाचन संबंधी समस्याओं को बढ़ाने से रोकते हैं, जबकि नए अनाज का सेवन आप में पाचन संबंधित समस्याओं का कारण बन सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# अमृत काल के बजट प्रस्ताव



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**बजट किसानों की समृद्धि में बड़ी भूमिका का निर्वहन करने वाला हैं। किसानों की समृद्धि, कृषि व सहायक सेक्टरों के लिए डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक और महिला सशक्तिकरण के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है।**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा में प्रस्तुत बजट का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नई संसद में वित्त मंत्री ने देश का आम बजट प्रस्तुत किया है। यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुख,भारतवासियों की आशा, आकांक्षा और अमृतकाल के संकल्पों को पूरा करने वाला सिद्ध होगा। आम बजट आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है।**

**भारत** आत्मनिर्भर, स्वावलंबी, और विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है। मोदी सरकार का प्रत्येक निर्णय लोक कल्याण और राष्ट्रीय हित के अनुरूप है। लोकसभा में प्रस्तुत बजट विकसित भारत की नींव को मजबूत सम्बन्धी मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समावेशी और अभिनव बजट है। इसमें निरंतरता का आत्मविश्वास है। ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा। सरकार ने उन चुनौतियों पर सही तरीके से काबू पाया है.कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी। मगर भारत की अर्थव्यवस्था अब विकास की राह पर है। आत्मनिर्भर भारत पैकेज के सहारे भारत की विकास यात्रा को नई गति मिली है। देश आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ा है।इस दशक के अंत तक भारत, जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा। राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए कहा था कि सरकारी योजनाओं के एक रुपये में से केवल पन्द्रह पैसा ही गरीबों तक पहुंचता है। लेकिन वे बस कहकर ही रह गए, समाधान की दिशा में कुछ नहीं किया। समाधान मोदी ने किया है। आज सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ सीधे लोगों के खातों में पहुंच रहा है।भारत का डिजिटली लेनदेन ऐतिहासिक है। उसने दुनिया को नई दिशा दिखाई है। रिकॉर्ड सैटेलाइट्स का प्रक्षेपण अंतरिक्ष में बढ़ती शक्ति का शानदार उदाहरण है। शांति और सौहार्द का संदेश दुनिया को मुरीद बना रहा है। भारत ने दुनिया की सबसे ज्यादा सुधारात्मक कर प्रणाली जीएसटी लागू की है। उसका अभूतपूर्व फायदा आज देश देख रहा है।इंडिया विजन में विकास और लोक कल्याण का समावेश है। भारत को विकसित बनाने का संकल्प है। संकल्प को सिद्ध करने की इच्छाशक्ति है। दस साल में तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं को सत्तर प्रतिशत आवास महिलाओं को मिले हैं। सरकार ने उभरती प्रौद्योगिकी में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कोष बनाने का प्रस्ताव रखा है. महिला उद्यमियों को तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिये गये हैं। दस वर्षों में उच्च शिक्षा में महिला नामांकन में अट्ठाइस प्रतिशत की वृद्धि हुई है. तकनीकी पाठ्यक्रमों में लड़कियों और महिलाओं का नामांकन तैतालिस प्रतिशत है.जो दुनिया में सबसे अधिक है. प्लेटफॉर्मों पर बैठने के लिए बेहतर सीटें लग रही हैं। अच्छे वेटिंग रूम बनाए जा रहे हैं। हजारों रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाईफाई की सुविधा है। सरकार ने स्टेशनों को शहर और राज्यों की पहचान से जोड़ने के लिए वन स्टेशन,वन प्रॉडक्ट योजना भी शुरू की है। इससे पूरे इलाके के लोगों,कामगारों और कारीगरों को लाभ होगा। जिले की ब्रांडिंग भी अमृत रेलवे स्टेशन विरासत के प्रति गर्व की अनुभूति कराने वाले होंगे। इन स्टेशनों में देश की संस्कृति और स्थानीय विरासत की झलक दिखेगी। पूंजीगत व्यय के लिए 11,11,111 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। यह हमारी जीडीपी का 3.4 प्रतिशत होगा। राज्यों को उनके संसाधन आवंटन में सहायता करने के लिए इस वर्ष भी दीर्घावधि ब्याज रहित ऋण का प्रावधान किया गया है। यह बजट समाज के हर वर्ग को सशक्त करेगा। पिछले दस वर्षों में पच्चीस करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकले हैं। ये जो नव मध्यम वर्ग बना है, ये बजट उनके सशक्तिकरण की निरंतरता का बजट है। प्रधानमंत्री ने बजट में युवाओं पर जोर दिए जाने का हवाला देते हुए कहा कि इसके उपायों से युवाओं के लिए कई नए अवसर खुलेंगे। इस बजट से शिक्षा और स्किल को नई स्केल मिलेगी। ये मीडिल क्लास को नई ताकत देने वाला बजट है। ये जनजातीय समाज, दलितों और पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजनाओं के साथ आया है। इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। शहर, गांव, हर घर उद्यमी बनाना है। इसी उद्देश्य से बिना गारंटी के मुद्रा लोन की लिमिट को दस लाख रुपये से बढ़ाकर बीस लाख रुपये किया गया है। इससे छोटे कारोबारियों, विशेष रूप से महिलाओं, दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवारों में स्वरोजगार को बल मिलेगा।सुनिश्चित किया है कि गरीब और मध्यम वर्ग को लगातार टैक्स से राहत दी जाए। इस बजट में भी इनकम टैक्स में कटौती और स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी का बहुत बड़ा फैसला लिया गया है। टीडीएस के मानकों को पूरा करना भी आसान है। इन स्टेप्स से हर टैक्सपेयर को अतिरिक्त बचत होने वाली है।

# स्वच्छकार जातियों का मकड़जाल पुस्तक का विमोचन श्रीराम चौहान ने किया

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** चंदन लाल वाल्मीकि की दलित विमर्श पर लिखित पुस्तक स्वच्छकार जातियों का मकड़जाल का विमोचन श्रीराम चौहान सभापति उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधित संयुक्त समिति विधान भवन में किया। सुरेश सौरभ साहित्यकार ने बताया पुस्तक की समीक्षा सुधि पाठकों और साहित्य में रुचि रखने वाले विद्वानों के समक्ष शीघ्र लखीमपुर में किया जाएगा। पुस्तक के लेखक चंदन लाल वाल्मीकि ने बताया कि स्वच्छकार जातियों का मकड़जाल पुस्तक में वाल्मीकि समाज की सौ से अधिक सफाई पेशे की जातियों को अलग अलग नाम के कारण होने वाले सामाजिक राजनैतिक नुकसान का उल्लेख किया है। पुस्तक में वाल्मीकि समाज के लोगों के द्वारा जन्म से लेकर मोक्ष तक के सारथी की भूमिका निभाने वाले जैसे जन्म के समय दाई के रूप में सेवा, आकस्मिक रूप से मृत्यु होने पर पोस्टमार्टम हाउस में मृत शरीर को क्रिया करम से पूर्व की सेवा, मृत्यु के बाद अग्नि देकर मोक्ष दिलाने की सेवा, सफाई कार्य पर्यावरण सेवक जैसे पेशे को अपनाने से होने वाली छुआछूत और सामाजिक भेदभाव का शिकार हो जाना। इसी कारण देश की कई वाल्मीकि बस्तियों में आज भी कई चर्च और गुरुद्वारे का उल्लेख किया गया है। कश्मीर में धारा 370 हटने से पहले और बाद की वाल्मीकि समाज की स्थिति का उल्लेख के साथ कई प्रदेशों में आज भी इस उपेक्षित जाति जाति के लोगों के जाति प्रमाण पत्र न बनने से सरकार के आरक्षण और जन कल्याण की योजनाओं से वंचित रहना। कोरोना काल में जान देकर भारत के लोगों की जान बचाने की राष्ट्र सेवा को वर्णित किया है। पुस्तक के कवर पेज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कुम्भ में वाल्मीकि समाज के सफाई कामगारों के पैर पखारने चित्र को प्रकाशित किया है। पुस्तक विमोचन के अवसर पर पुस्तक के लेखक चंदन लाल वाल्मीकि, दिनेश चंद्रा सेवानिवृत विशेष सचिव सचिवालय उत्तर प्रदेश एवं प्रदेश अध्यक्ष वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ महादलित परिसंघ अवध क्षेत्र, श्री आर.सी. वाल्मीकि प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ, श्री दुर्गेश कुमार वाल्मीकि कार्यालय प्रभारी अनुसूचित मोर्चा उत्तर प्रदेश लखनऊ, श्री पंकज धर्मानी प्रदेश सचिव परिसंघ, रवि वाल्मीकि प्रदेश अध्यक्ष भारतीय स्वच्छकार समाज मुक्ति मिशन, कुंवर विकेंस प्रदेश अध्यक्ष युवा विंग, श्री राजेंद्र धानुक मण्डल प्रभारी अवध, श्री सुशील कुमार एड. मौजूद रहे।

# मैलानी शाहजहांपुर रेल मार्ग स्वीकृत होने से गोला मोहम्मदी में मायूसी, खीरी पर भारी पड़ी शाहजहांपुर की राजनीति


भारत सरकार
नई दिल्ली-110001
Minister for Railways
Government of India
New Delhi-110001

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ/लखीमपुर खीरी

### अंग्रेज काल में मैलानी शाहजहांपुर रेल मार्ग हुआ था बंद

गोला गोकर्णनाथ खीरी। एक शतक पूर्व मैलानी से शाहजहांपुर तक नैरो गेज रेल मार्ग था जो घाटे में चलने के कारण अंग्रेज शासन काल में ही उखाड़ लिया गया था बंद हुए रेल मार्ग को पुनः चलाए जाने की मांग मैलानी के वाशिंदे करते रहे।

### छोटी काशी को बनाना चाहिए था जंक्शन

गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी विकास संघर्ष समिति कहना है कि गोला गोकर्णनाथ से वाया मोहम्मदी शाहजहांपुर फर्रुखाबाद तक नवीन रेल मार्ग बनने से छोटी काशी को शिव दर्शन के लिए दूर-दूर से गंगाजल लेकर आने वाले लाखों कांवडियों और दर्शनार्थियों के लिए रेल मार्ग से आवागमन सुगम होता अब उन्हें इसके लिए फिर यात्री बसों से ही यात्रा करनी पड़ेगी। लखीमपुर के लोगों को भी गोला होकर यात्री बस से नहीं जाना पड़ता उन्हें भी रेल की यात्रा मिल सकती थी।

### मैलानी से 67 किमी है पीलीभीत शाहजहांपुर रेल मार्ग

गोला गोकर्णनाथ खीरी। मैलानी जंक्शन से पीलीभीत जंक्शन सिर्फ 67 किलोमीटर दूर है जहां से शाहजहांपुर के लिए रेल गाड़ियां चलती हैं तो मैलानी से शाहजहांपुर जाने वाले यात्री पीलीभीत होकर भी शाहजहांपुर फर्रुखाबाद की सीधी यात्रा कर सकते थे। वैसे लखनऊ मैलानी बरेली रेल मार्ग ब्रॉड गेज है किंतु मैलानी वाया पलिया बहराइच मीटर गेज है।

दशकों से गोला वाया मोहम्मदी शाहजहांपुर फर्रुखाबाद तक नवीन रेल मार्ग बनने की प्रतीक्षा कर रहे गोला और मोहम्मदी के वाशिंदे मैलानी वाया शाहजहांपुर फर्रुखाबाद रेल मार्ग स्वीकृत होने से मायूस हुए हैं और इसे खीरी पर शाहजहांपुर की नेतागिरी भारी पडना कह रहे हैं वैसे वर्ष 1998 में गोला फर्रुखाबाद रेल मार्ग को सर्वेक्षण के बजट में शामिल किया गया था। पंडित अटल बिहारी वाजपेई के प्रधानमंत्रित्व काल में तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार ने पीलीभीत की सांसद और केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को उनके पत्र के जवाब में पत्र संख्या 98/ डब्ल्यू 11/03 एन/ 56 दिनांक 23-9 -1998 लिखकर बताया था कि बरहन एटा लाइन का शाहजहांपुर तक विस्तार करने संबंधी सर्वेक्षण को वर्ष 1998- 99 के बजट में शामिल कर लिया गया है और शाहजहांपुर के रास्ते फर्रुखाबाद से गोला गोकर्णनाथ नई लाइन बिछाने के लिए सर्वेक्षण को आद्तन किया जा रहा है। मैलानी और गोला गोकर्णनाथ पहले से ही रेल लाइन से जुड़े हुए हैं जब कभी यह लाइन तैयार हो जाएगी तो वांछित संपर्क भी स्थापित हो जाएगा।

नगर की सामाजिक संस्था छोटी काशी विकास संघर्ष समिति काफी अरसे से गोला गोकर्णनाथ वाया मोहम्मदी शाहजहांपुर फर्रुखाबाद तक नवीन रेल मार्ग निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री, खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा, शाहजहांपुर की तत्कालीन सांसद केंद्रीय मंत्री कृष्णा राज, सांसद अरुण सागर, फर्रुखाबाद सांसद मुकेश राजपूत को ज्ञापन भेजकर मांग उठाती रही।

धौरहरा की सांसद रेखा अरुण वर्मा ने अपने पहले कार्यकाल में संस्था की इस मांग को सदन में भी उठाया था किन्तु कुछ नहीं हुआ दूसरी ओर शाहजहांपुर के सांसद अरुण सागर और राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार मैलानी वाया शाहजहांपुर फर्रुखाबाद रेल मार्ग निर्माण के मुद्दे पर डटे रहे अब रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मैलानी वाया शाहजहांपुर फर्रुखाबाद रेल मार्ग को मंजूरी दे दी है।

# राम सेवक यादव को निघासन का नया पूर्ति निरीक्षक बनाया गया



जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

निघासन पूर्ति निरीक्षक साधना श्रीवास्तव के जाने के बाद राम सेवक यादव को निघासन का नया पूर्ति निरीक्षक बनाया है। गोला से स्थानांतरित होकर आये है। उन्होंने चार्ज ग्रहण कर लिया है। पूर्ति निरीक्षक रामसेवक यादव ने बताया कि उनकी प्राथमिकता होगी कि वह जनता के रुके कार्य करा सकें। गरीब एवं मजदूरों को समय से राशन मिल सके। नागरिक, राशन कार्ड संबंधी कार्यों के लिए दफ्तर में आ सकते हैं। रामसेवक यादव ने कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता राशन वितरण प्रणाली को दुरुस्त करना है राशन प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए एक कमेटी का गठन करने की योजना बनाई जाएगी जिसमे विभिन्न क्षेत्रों के कोटेदारों व सेक्टरों को शामिल किया जाएगा हर हफ्ते कमेटी की बैठक होगी कमेटी द्वारा राशन वितरण पर नजर रखी जाएगी कि कितने लाभार्थियों को राशन मिला और जिन लाभार्थियों को राशन नहीं मिला है उसके पीछे क्या कारण है इससे पहले वो गोला में तैनात थे पूर्व में रामसेवक यादव ने एलआईयू में भी सेवा दे चुके है।

# जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल में स्टाफ नर्सो के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल में स्टाफ नर्सो के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक सीएमएस डॉ आर के कोली ने की। बैठक में वार्ड में आ रही समस्याओं और उनके निराकरण पर चर्चा की गई।इस दौरान सीएमएस डॉ आरके कोली ने कहा कि शाम और रात की ड्यूटी के समय कई बार मरीज व उनके तीमारदारों द्वारा सही देखरेख न होने को लेकर शिकायत आती है जो की बेहद गलत है। उन्होंने सभी स्टाफ नर्सो को निर्देश दिया कि वह प्रत्येक दशा में हर मरीज के पास जाकर उसे दी जाने वाली दवाओं का अवलोकन करें। किसी भी दशा में अपने वार्ड को छोड़कर ना जाए। साथ ही सहयोगी वार्ड बॉय, गार्ड, एमरजेंसी डॉक्टर और इलाज करने वाले डॉक्टर का नंबर अपने पास अवश्य रखें। जिस किसी भी तरह की समस्या होने पर उन्हें तत्काल बुलाया जा सके। डॉक्टर द्वारा लिखे गए प्रिसक्रिप्शन का मिलान अवश्य करें। दिए गए उपकरणों की सही से देखरेख करें। लगातार दिए गए छोट-छोटे उपकरण जिसमें पल्स ऑक्सीमीटर, बीपी मशीन, ग्लूकोमीटर मशीन जैसे छोटे- छोटे उपकरणों को लेकर लगातार मांग पत्र आते हैं। कई बार यह पाया गया है कि सही देखरेख न होने के चलते यह टूट जाते हैं जो बेहद खेत का विषय है। उपकरणों की सही देखरेख करना भी आपकी जिम्मेदारी है। इस दौरान वार्ड इंचार्ज द्वारा बताई गई समस्याओं पर भी चर्चा हुई। जिनमें प्रत्येक वार्ड में पल्स ऑक्सीमीटर, बीपी मशीन और ग्लूकोमीटर के लिए सेल की आवश्यकता, वार्डों में स्टाफ के पीने के पानी की अलग से वयवस्था न होने की समस्या, सैनिटाइजर की कम उपलब्धता, महिला स्वीपर की कमी व अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। जिनके समाधान के लिए भी उनके द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया है।

# तेज तर्रार जिलाधिकारी नेलिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट साइट का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



अभिषेक आनंद ने ग्राम टेढ़वा चिलौला स्थिति देहात कोतवाली के पीछे बने लिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट साइट का किया औचक निरीक्षण। वर्ष 2021 में रीजनल सेन्टर फार अर्बन एंड एनवायरनमेंट स्टडीज (ऋष्टश्वस्) द्वारा आगणित 20282 मीट्रिक टन के ठोस अपशिष्ट के ट्रीटमेंट एवम डिस्पोजल की कार्यवाही नगर पालिका परिषद सीतापुर द्वारा की गई। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को बताया कि पूर्व में यह जमीन निःशुल्क ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु नगर पालिका परिषद सीतापुर को प्रदान की गई थी किंतु बाद में देहात कोतवाली एवम मदर्स प्राइड स्कूल के निर्माण हो जाने के कारण एन0जी0टी0 द्वारा स्कूल से 200 मीटर दूर ठोस अपशिष्ट निस्तारण के निर्देश दिए गए। एन0जी0टी0 के निर्देश की अनुपालन नगर पालिका परिषद सीतापुर द्वारा करते हुए बाउंड्रीवाल का निर्माण कराकर अपशिष्ट निस्तारण की कार्यवाही की जा रही है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर ने जिलाधिकारी महोदय की यह भी बताया कि लिगेसी वेस्ट साइट घोषित हो जाने कारण लीगेस्ट वेस्ट का कार्य करा दिया गया है। अब किसी भी प्रकार का कूड़ा नही डाला जा रहा है।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया कि पूर्व में डाले गए कूड़े को ऋष्टश्वस् द्वारा पुनः सर्वे कराकर कूड़े का निस्तारण करने हेतु डी0पी0आर तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

उक्त कूड़ा निस्तारण स्थल पर जिलाधिकारी को मिट्टी खनन का गड्ढा मिला जहाँ की मिट्टी गायब थी। जिलाधिकारी महोदय ने इस खनन की जानकारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका वैभव त्रिपाठी से लिया तो वैभव त्रिपाठी ने उत्तर देते हुए जिलाधिकारी को बताया कि इस खनन की जानकारी नही है। कोई चोरी से खनन किया है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने चोरी से हुए खनन की जानकारी लेने हेतु निरीक्षक कोतवाली देहात को बुलवाकर जानकारी लिया तो निरीक्षक कोतवाली देहात ने बताया कि सर हमारी तैनाती के पूर्व यह खनन हो चुका था।

मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी सदर बाल कृष्ण सिंह को निर्देश दिया कि जितनी जमीन में खनन हुआ है उसकी फर्द बनाकर जिला खनन अधिकारी को नोटिस जारी कर चोरी से मिट्टी खनन करने वाले को चिन्हित कर अविलंब कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, की गई कार्यवाही से अवगत कराएं।

इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर बाल कृष्ण सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# घाघरा नदी के तट पर आपदा से बचाव हेतू मॉक अभ्यास किया गया



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

घाघरा नदी के तट पर स्थित चहलारी घाट पर बाढ़ आपदा से बचाव एवं सुरक्षा के दृष्टिगत मॉक एक्सरसाइज का आयोजन गुरुवार को किया गया। मॉक एक्सरसाइज के दौरान द्वितीय वाहिंनी पी0ए0सी0 के बाढ़ राहत दल द्वारा बाढ़ की सूचना पर खेतो में कार्य कर रहे ग्रामीणों का बचाव किए जाने के मॉक अभ्यास का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ द्वितीय वाहिंनी पी0एस0सी0 के आपदा बचाव दल द्वारा गहरी नदी में डूबते हुये व्यक्तियों को बचानें, चिकित्सकीय जांच एवं प्राथमिक उपचार के उपरान्त एंबुलेंस के माध्यम से चिकित्सालय भेजे जाने के मॉक अभ्यास का भी प्रदर्शन किया गया। नदी के किनारे स्थित मजरा सुंदरनगर में अचानक नदी के जलस्तर बढ़ने से अधिक जलभराव होने की सूचना पर प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों को तत्काल सूचना देते हुए उन्हें पंचायत भवन चहलारी में बनाए गए बाढ़ शरणालय/राहत शिविर में पहुंचाने की भी मॉक अभ्यास का प्रदर्शन किया गया।

मॉक ड्रिल के उपरान्त सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मॉक ड्रिल के संबंध में अपने अनुभव को साझा किया तथा बाढ़ की आपदा से बचाव हेतु विभाग द्वारा की गयी तैयारियो के विषय में बताया गया। मॉक ड्रिल के दौरान उप जिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के आदेशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में इस मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बाढ़ की विभीषिका के दौरान राहत एवं बचाव की गतिविधियों का कुशल एवं त्वरित संचालन किया जा सकेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि नदी के गहरे जल में स्नान आदि हेतु न जायें एवं कोई भी आपदा होने पर तत्काल प्रशासन को अवगत करायें, जिससे त्वरित मदद की जा सके। आपदा बचाव दल के कमाण्डर जयवीर सिंह ने मॉक एक्सरसाइज के दौरान की गयी गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। चिकित्सा टीम द्वारा बाढ़ के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के विषय में लोगों को अवगत कराया गया। मॉक एक्सरसाइज के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार, उपजिलाधिकारी महमूदाबाद शिखा शुक्ला, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विशाल पोरवाल, जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार शुक्ला, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी, नायब तहसीलदार ज्योति वर्मा एवं योगेश बाजपेयी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मौलाना मुफ़्ती के निधन पर शोकसभा हुई आयोजित

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**तंबौर।** प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान और दारुल उलूम देवबंद के पूर्व शिक्षक हजरत मौलाना मुफ्ती शकील अहमद के निधन पर गुरुवार को कस्बे के मदरसा जियाउल उलूम में शोकसभा हुई। जिसमे मदरसे के मोहतमिम मौलाना शाहिद अली ने कहा की मुफ्ती साहेब बहुत अच्छे मुकर्रर और खतीब थे। मुफ्ती मोहम्मद खबीर नदवी ने कहा की मुफ्ती साहेब के रूप में एक इल्मी और अदबी नुकसान हुआ है। दारुल उलूम जैसे शिक्षण संस्थान में बतौर शिक्षक काम करने बाद तम्बौर जैसे ग्रामीण इलाके में शैक्षिक सुधार लाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा की वह अपनी तकरीर में बहुत कम समय बहुत आला बात कहने का हुनर रखते थे। ईदगाह इमाम मौलाना इदरीस ने बताया की वह कस्बे ही नही बल्कि जिले की शान थे। इसके अलावा मौलाना सुहैल नदवी, मौलाना नबीउद्दीन नदवी, मुंशी एहतिशाम, कारी मोईद, मो जियाउल हक, शेख मेराज, मौलाना कमाल अहमद आदि मौजूद रहे।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर ढखेरवा पुलिस चौकी में हुई व्यापारियों की बैठक

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



विद्युत कटौती सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर पुलिस चौकी में गुरुवार को व्यापारियों की एक बैठक चौकी इंचार्ज रविंद्र सोनकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में चौराहे की गंदगी को लेकर कई बार व्यापारियों में बहस हो गई, अंततः चौकी इंचार्ज श्री सोनकर जी के आग्रह पर सफाई व्यवस्था को लेकर हीरालाल को नियुक्त करते हुए सभी व्यापारियों ने कहा कि वह अपनी अपनी दुकानों के सामने डस्टबिन रखेंगे। और चौराहे को पूरी तरह से स्वच्छ बनाने के लिए संकल्प दृढ़ रहेंगे। सफाई व्यवस्था के लिए हीरालाल को प्रति माह 50 रुपए प्रति सटर की दर से मिलेंगे। व्यापारियों ने विद्युत कटौती की समस्या का मुद्दा उठाते हुए कहा कि चौराहे की विद्युत आपूर्ति बड़े-बड़े ग्रामीण फीडरों के सहारे चल रही है जिस कारण अक्सर विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है।

व्यापारियों ने चौराहे की विद्युत आपूर्ति के लिए फीडर अलग करने के लिए आवाज उठाई। जिस पर उपस्थित जेई विकास सिंह ने आश्वासन दिया कि वह चौराहे का फीडर अलग कराने का पूरा प्रयास करेंगे। बैठक में जिपं सदस्य राकेश वर्मा के अलावा, व्यापार मंडल से रामनिवास वर्मा, अटल मनार, कुलदीप बरनवाल, चंद्रिका प्रसाद मौर्य, अखिलेश वर्मा, कपिल गुप्ता, रानू बरनवाल, मुनेश पटवा, कमल वर्मा, बृजेश वर्मा, अमित वर्मा, मनोज वर्मा, सर्वेश वर्मा, सचिन गुप्ता, कुतुबुद्दीन टेलर, विनीत जयसवाल, छत्रपाल जयसवाल, प्रधान पुत्र रमाकांत तथा प्रमोद वर्मा, समेत बड़ी तादाद में व्यापारी बंधु मौजूद रहे।

# शिक्षा प्रेरकों ने डीएम को सोपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

संविदा कर्मचारी शिक्षा प्रेरकों ने जिला अधिकारी को सोपा ज्ञापन भगाया भुगतान व संविदा बहाल करने को लेकर दिया ज्ञापन। जनपद में तैनात संविदा कर्मचारी शिक्षक प्रेरकों ने डीएम ऑफिस पहुंचकर एक ज्ञापन जिला अधिकारी को सोपा । जिसमें उन्होंने 2016 से मार्च 2018 तक बकाया मानदेय भुगतान व सेवा बहाली की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप लगभग सभी जिलों में शिक्षा प्रेरकों ने पूरी ईमानदारी से कार्य किया है चुनाव में भी उनकी ड्यूटी लगाई गई है 2018 में सभी प्रदेशों में तैनात लगभग 5 लाख शिक्षा प्रेरकों को भारत सरकार के द्वारा मार्च 2018 में साक्षरता मिशन बंद कर दिया गया और साक्षर भारत मिशन में कार्य करने वाले सभी प्रेरक को बिना कुछ बताएं बाहर कर दिया गया। साथ ही उनके बकाया भुगतान को भी नहीं दिया गया। शिक्षिका प्रेरकों ने मांग की जो उनका बकाया भुगतान 2016 से मार्च 2018 तक बकाया है वह दिलाया जाए साथ ही संविदा बहाली की भी उन्होंने मांग रखी है। इस मौके पर काफी संख्या में प्रेरक मौजूद रहे।

## गन्ने के खेत में मिला लापता बच्चा, आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर।

मीरानपुर कटरा। क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की शाम अपहृत छह वर्षीय बच्चे को पुलिस ने बुधवार सुबह गांव के बाहर गन्ने के खेत से बरामद कर लिया। पुलिस ने बच्चे को ले जाने वाले को भी गिरफ्तार कर लिया है। गांव निवासी एक व्यक्ति का पुत्र बीती शाम घर के बाहर खेलने निकला था। इस दौरान उसके घर आया रिश्तेदार थोड़ी देर बाद चला गया। उसके जाने के बाद घरवालों ने बच्चे को बाहर जाकर देखा तो वह गायब मिला। मां ने देर रात थाने में पुत्र को अपहृत कर लिए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप लगाया कि रोजा थाना क्षेत्र के गांव कंजा निवासी रक्षपाल सिंह उनके घर आया था। वह ही पुत्र को बहला फुसलाकर ले गया है। घरवालों समेत ग्रामीणों ने पुलिस के साथ पूरी रात बच्चे की तलाश की। पुलिस ने आरोपी रक्षपाल के ठिकानों पर दबिश दी। लिया। बच्चा काफी डरा-सहमा हुआ है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं समर्थ मां समर्थ भारत संस्था द्वारा वृहद वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



पर्यावरण मित्र समूह एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के संयुक्त तत्वावधान में गढ़ी एवं मिदनिया रोड पर प्राथमिक विद्यालय के समीप एवं अन्य स्थानों पर विभिन्न छायादार, फलदार एवं शोभादार पौधे रोपित कर धरा को सजाने, इसे हरा भरा बनाने के अभियान को गति प्रदान की गई। साथ ही वृक्षारोपण के इस अभियान की जियो टैगिंग भी की गई।इस अवसर पर पर्यावरण मित्र समूह एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा से पूजा चौहान, राम मोहन गुप्त, अनुश्री गुप्ता, मयूरी नागर, सपना कक्कड़, सीमा गुप्ता, संजय गुप्ता, राधा सिंह, रितु सिंह, अविरल चौहान, राज ऋषि नागर, विपिन सचदेव, शैलेंद्र गुप्ता सहित विभिन्न ग्राम वासी सम्मिलित रहे। वृक्षारोपण के इस सुव्यवस्थित एवं पुनीत कार्य में लोकेंद्र बहादुर सिंह जी एवं अभिषेक सिंह चौहान का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।इससे पूर्व पुराने एस पी बंगले के निकट मार्ग पर, समर्थ मां समर्थ भारत संस्था के सहयोग से ट्री गाड्र्स सहित विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर पर्यावरण मित्र समूह कोर कमेटी के विभिन्न सदस्यों सहित समीक्षा गुप्ता, दिलीप गुप्ता, अर्श गुप्ता, अखिलेश वर्मा, उत्कर्ष मिश्रा, अनुज शर्मा नितिन श्रीवास्तव, समर्थ मां समर्थ भारत संस्था एवं स्वनीति सखी संसार के सदस्य सम्मिलित रहे।

# युवक को राह चलते मारी गोली हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सुनौरा के पास जमीनी विवाद मे युवक को राह चलते मारी गोली। लगभग रात्रि आठ बजे के आस पास गांव सुनौरा से पसगवां आते समय रास्ते में हुई घटना।घायल को पहले पसगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां से डाक्टरों ने जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। घायल के परिजन घायल को लेकर शाहजहांपुर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें बरेली रेफर कर दिया। बरेली के राममूर्ति हॉस्पिटल घायल का इलाज चल रहा है।इधर घटना की सूचना पाकर देर रात ही एसपी खीरी गणेश प्रसाद साहा, एडिशनल एसपी नैपाल सिंह, सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह, अंडर ट्रेनिंग सीओ स्वर्णिमा, इंस्पेक्टर उचौलिया मनीष कुमार सिंह, पसगवां एसओ दीपक राठौर, मैगलगंज इंस्पेक्टर आदि भारी पुलिस बल तैनात रहा, मामले में चार आरोपी पुलिस की पकड़ में है और पुलिस अग्रिम जांच में जुटी हुई है। उक्त प्रकरण की प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीओ ने कड़े शब्दो में निंदा करते हुए दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की है।

# भ्रष्टाचारियों के लूट खसोट का सर्वोत्तम साधन बनी मनरेगा योजना, जिम्मेदार मौन

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




जिले के फरेंदा तहसील अंतर्गत विकासखंड धानी में मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा का मामला निरंतर प्रकाश में आ रहा हैं जहां योजना के विभागीय साइट पर अपलोड फोटो में जिन कार्यों को दर्शाते हुए मजदूरों की उपस्थिति विभागीय साइट पर दर्ज कराई गई हैं वह कार्य मौके पर नहीं हो रहे है जबकि विभागीय साइट पर फोटो अपलोड में इंटरलॉकिंग साफ सुथरी हैं परंतु मौके पर इंटरलॉकिंग पर घास उग चुके हैं।

बिना कार्य कराए धड्डुले से लगाईं जा रही है फर्जी हाजिरी

मामला विकासखंड धानी ग्राम पंचायत सिकंदरा जीतपुर का हैं जहां इंटरलॉकिंग के कार्य हेतु बुधवार को मस्टरोल संख्या 1907 में छ मजदूर और 1906 में दस मजदूरों की उपस्थित मनरेगा की साइट पर दिखाई गयी है । हिन्दी दैनिक जन एक्सप्रेस टीम ने जब मौके का पड़ताल किया तो वहां एक भी मजदूर कार्यरत नहीं मिले।

ग्रामीणों ने बताया की कुछ महिने पहले इंटरलॉकिंग कार्य कराया गया हैं यहां इस सप्ताह में कोई काम नहीं किया गया है।

जांच कराकर संबंधित जिम्मेदारों पर की जाएगी कार्रवाई - बीडीओ

मनरेगा योजना में हो भ्रष्टाचार के संबंध में पूछे जाने पर खण्ड विकास अधिकारी धानी ने बताया कि जिस साइट पर कार्य किया जाता है वहीं की फोटो अपलोड की जानी है यदि ऐसा नहीं है तो उक्त शिकायत की जांच कराकर संबंधित जिम्मेदारों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे को न्योता दे रहा स्कूल का जर्जर भवन

# टूटी छत के नीचे भविष्य संवारने को मजबूर हैं मासूम

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद में शिक्षा विभाग और स्कूल की इमारतें पूरी तरह से बदहाली का शिकार हो चुकी है बांसगांव क्षेत्र के कनइल में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बने कमरों की छत पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है छत कब ज़मीन पर आ जाए कुछ कहा नहीं जा सकता, परंतु इसी जर्जर छत के नीचे बैठकर सैकड़ो की संख्या में मासूम पढ़ाई कर रहे हैं । मासूमो की जिंदगी की पर मौत का संकट मंडरा रहा है, लेकिन शिक्षा विभाग के अफसरों पर इस ओर कोई ध्यान नहीं है । इस सरकारी स्कूल में शिक्षा के नाम पर मासूमों को मौत के मुंह में ढ़केलने का काम किया जा रहा है, लेकिन शिक्षा विभाग नींद की आगोश में है । बांसगांव क्षेत्र स्थित इस स्कूल के छात्रों से जब जन एक्सप्रेस टीम द्वारा जर्जर छत के नीचे बैठकर पढ़ने के बारे में पूछा तो बच्चों ने सहम कर जवाब दिया डर तो खूब लगता है लेकिन क्या करें बहुत सारे बच्चे इस स्कूल में पढ़ते हैं सब इसी बिल्डिंग और छत के नीचे पढ़ते हैं । उधर स्कूल के टीचरों की मानें तो शिक्षा विभाग के अफसरों को बार बार जर्जर बिल्डिंग के बारे में लिखित में अवगत कराया जा चुका है लेकिन आज तक विभाग ने सुध नहीं ली , जिससे आज भी मासूम बच्चे जर्जर अवस्था में बनी बिल्डिंग में पढ़ने को मजबूर हैं।

**विभागीय अनदेखी से हो सकता है बड़ा हादसा**

पूर्व माध्यमिक विद्यालय की जर्जर इमारत होने की वजह से कभी भी हादसा हो सकता है जिसका खामियाजा जर्जर इमारत की छत के नीचे पढ़ रहे मासूम छात्रों को भुगतना पड़ सकता है । लेकिन गोरखपुर जिले के भ्रष्ट शिक्षा विभाग के अफसरों को इसकी कोई परवाह नहीं इसी वजह से जर्जर छत के नीचे मासूम छात्रों के जीवन पर मौत का साया लगातार मंडरा रहा है।

**मौत के साए में भविष्य संवारने को मजबूर हैं मासूम**

स्कूल की बिल्डिंग और छत जर्जर अवस्था में है ऐसे में कभी और किसी वक्त भी हादसा हो सकता है , लेकिन स्कूल के मासूम छात्र भ्रष्ट शिक्षा विभाग के आगे बेबस होकर मौत के साए में भविष्य संभाल रहे हैं। यदि समय रहते शासन ने इस विद्यालय पर ध्यान नहीं दिया तो भविष्य में बड़ी घटना हो सकती है जिसका खामियाजा मासूम नौनिहालों को भुगतना पड़ेगा ।

**शीघ्र कराया जाएगा विद्यालय भवन का नवीनीकरण**

इस सम्बंध में पूछे जाने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बांसगांव ने कहा कि अध्यापकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जर्जर भवन से अलग जो भवन सुरक्षित है उसमें बच्चों का पठन-पाठन कराया जाए ,इसे संज्ञान में लेकर कायाकल्प के माध्यम से विद्यालय का नवीनीकरण जल्द कराया जाएगा।

### फास्ट फॉरवर्ड

## पुलिस ने 210 बोरी नेपाली लहसुन के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस/निचलौल/ महराजगंज।** जनपद की सिंदुरिया पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध तरीके से भारतीय क्षेत्र में भेजी जा रही दो पिकअप पर लदी कुल 210 बोरी नेपाली लहसुन के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक मिथिलेश कुमार, कांस्टेबल आनंद यादव व पंकज यादव के साथ क्षेत्र में गस्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर जरिए मिली सूचना के आधार पर देउरवा से दो पिकअप पर क्रमशः यूपी 56 एटी 2352 पर 95 बोरी व यूपी 56 एटी 1685 पर 115 बोरी नेपाली लहसुन के साथ दो चालको को गिरफ्तार किया।लहसुन के संबंध में दोनो चालक कोई वैध कागजात प्रस्तुत नही कर सके, तत्पश्चात बरामद नेपाली लहसुन मय पिकअप को जब्त करते हुए धारा 11 कस्टम अधिनियम के तहत दाखिल कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की पुछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने अपना नाम क्रमशः मोनू पुत्र चंद्रबली निवासी रेंगहिया थाना निचलौल व बल्ली पुत्र स्वामीनाथ यादव निवासी तुरकहिया थाना ठूठीबारी बताया है।

**पगडंडियों के रास्ते की जाती है तस्करी**-बता दें की नेपाल में लहसुन भारतीय क्षेत्र के मुकाबले सस्ती होने के नाते इंडो नेपाल सीमा पर नेपाली लहसुन की तस्करी में काफी इजाफा हो गया है। तस्करों का सिंडिकेट ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द व निचलौल थाना क्षेत्र के शीतलापुर व बहुआर के पगडंडी रास्तों से अवैध तरीके से नेपाली लहसुन की खेप मंगाकर भारतीय क्षेत्र के बड़ी मंडियों तक भेजकर मोटा मुनाफा कमाते है।

## स्वच्छता अभियान की खिल्ली उड़ाते, सामुदायिक शौचालयों पर लटकते ताले






**जन एक्सप्रेस/निचलौल/ महराजगंज।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर से लेकर गांव तक शासन द्वारा ग्रामीणों को व्यक्तिगत शौचालय का लाभ देने के साथ ही साथ सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया था, ताकि व्यक्तिगत शौचालय से वंचित ग्रामीण खुले में शौच के लिए न जाएं और बाहर से आने वाले लोग भी सामुदायिक शौचालयों का उपयोग कर सकें।

लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए कई ग्राम पंचायतों में स्थित सामुदायिक शौचालय के केयर टेकर स्वयं सहायता समूहों की निष्क्रियता से शौचालयों में ताले लटक रहे है। ऐसा ही एक मामला दिन गुरुवार की जन एक्सप्रेस संवाददाता के स्थलीय पड़ताल में सामने आया कि जहां मिठौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहड़वल व पिपरिया गुरु गोविंद राय में लाखों की लागत से बने ग्रामीणों के उपयोग हेतु सामुदायिक शौचालय पर ताला लटकता मिला। शासन का मकसद था शौचालय बनेंगे तो जिनके पास सुविधा नहीं है, वह लोग इनका उपयोग कर सकेंगे। इसके लिए भारी भरकम धनराशि खर्च कर शौचालयों का निर्माण कराया गया था। इनमें महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। लेकिन जिम्मेदारों की उपेक्षा से शौचालय निर्माण सार्थक नहीं हो रहा। शासन द्वारा जारी चार्ट के अनुसार प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 10 बजे व सायंकालीन 04 बजे से 8 बजे रात तक खोलना अनिवार्य है लेकिन ग्राम प्रधान प्रतिनिधियों की अनदेखी से स्वयं सहायता समूह मनमानी पर उतारू है। ग्रामीणों का कहना है की सामुदायिक शौचालय पर ताला बंद रहने की स्थिति में लोगों को खुले में जाने पर मजबूर होना पड़ता है।उन्होंने अधिकारियो से समस्या के निस्तारण की मांग की है।

## अपहृत किशोरी की बरामदगी के लिए मां से बुक कराया हवाई जहाज का टिकट

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** उत्तर प्रदेश के %खाकी% ने एक बार फिर शर्मसार कर दिया है। अपहृत किशोरी को बरामद करने के लिए देवरिया पुलिस ने पीड़ित मां से रुपये लिए। मुंबई जाने के लिए मां से ही फ्लाइट के टिकट बुक कराए, इसके बाद वापस लौटने के लिए ट्रेन के टिकट भी मां से ही बुक कराए। देवरिया से गजब का मामला सामने आया है। अपहृत किशोरी की बरामदगी के मुंबई जाने के लिए किशोरी की मां से फ्लाइट का टिकट बुक कराया। इसके अलावा लौटने के लिए भी मां से ट्रेन का टिकट बनवाया था। इसके साथ ही खर्चे के लिए छह हजार रुपये भी लिए थे। तीन पुलिसकर्मी मुंबई से किशोरी को बरामद कर लाए, बरामदगी के बाद युवती फिर से गायब हो गई। अब फिर पीड़ित मां तलाश में थाने का चक्कर काट रही है।

दरअसल, देवरिया में कुछ समय पहले गांव का ही एक युवक प्रेम जाल में फंसा कर किशोरी को भगा ले गया। इसकी जानकारी हुई तो मां ने थाने पहुंचकर बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस ने जब मामले की जांच की तो उसकी लोकेशन मुंबई में मिली। पुलिस की तीन सदस्यीय टीम उसे मुंबई से लाने के लिए तैयार हुई। स्थानीय पुलिस ने मां से करीब 22,200 रुपये का लखनऊ से फ्लाइट के टिकट बुक कराए। इसके बाद वापसी के लिए करीब सात हजार रुपये के ट्रेन के टिकट भी मां से बनवाए। यही नहीं वहां आने-जाने में होने वाले खर्च के लिए भी पीड़िता की मां से करीब छह हजार रुपये की नगदी भी ली। इसके बाद युवती को बरामद कर मां को सौंप दिया, लेकिन युवती फिर से गायब हो गई। इसके बाद से मां अपनी बेटी की बरामदगी के लिए अब फिर पुलिस से गुहार लगा रही है। बघौचघाट थाना इलाके के एक गांव में रहने वाली गरीब महिला की बेटी को कुछ दिन पहले गांव का ही एक युवक प्रेम जाल में फंसाकर भगा ले गया। मां ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं भी सुराग नहीं मिला। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस से गुहार लगाई।

# पंचायत सहायक घर बैठे पा रहे मानदेय ग्राम सचिवालय पर लटक रहे ताले

**प्राथमिक सुविधाओं के लिए ब्लॉक का चक्कर काट रहे ग्रामीण, जिम्मेदार मौन**

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**




जनपद के गोला ब्लॉक क्षेत्र में पंचायत भवनों की स्थिति बद से बद्तर है। विभागीय जिम्मेदारों की उदासीनता से अधिकतर पंचायत भवन बंद ही रहते हैं। पंचायत सहायक बैठते नहीं हैं। जिसके चलते ग्रामीणों का प्राथमिक स्तर की अधिकांश समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। ऐसे में उन्हें कोसों दूरी तय कर ब्लॉक के चक्कर लगाना मजबूरी बन गया है। ब्लॉक के लोगों का कहना है कि पंचायत भवन पर हमेशा ताला लटका रहता है। पंचायत भवन पर न तो विकास कार्यों को लेकर कभी बैठक की जाती है, न ही ग्रामीणों को प्राथमिक स्तर की सुविधाएं मिल पाती है। ऐसे में ग्रामीणों को दूरी तय कर ब्लॉक कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है।आपको बता दें सरकार पंचायतो को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेक पहल कर रही है ।लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से पहल धरातल पर नहीं उतर पा रहा है।जिसकी वजह से ग्रामीणों को योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है । विकास खण्ड गोला के आदर्श ग्रामपंचायत पटौहां बरईपुरा उर्फ पड़ौली व गाजेगड़हा का है जहाँ पंचायत भवन पर ताला लटका ही रहता है ।पंचायत भवन परिसर में सफाई की व्यवस्था नदारद है जिससे आये दिन गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है । कर्मचारियों के बैठने के बजाय ताले लटके हुए मिलते है । इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

**जांच कराकर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई- बीडीओ**

इस संबंध में पूछे जाने पर खण्ड विकास अधिकारी गोला दिवाकर सिंह ने कहा कि मामले की जांच कराकर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाई की जाएगी।

## क्षेत्राधिकारी कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी ने किया कार्यभार ग्रहण



जन एक्सप्रेस/गोरखपुर। नवागत क्षेत्राधिकारी कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। बताते चलें कि श्री तिवारी 2018 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं वे मूल रूप से बनारस के रहने वाले हैं। एसएसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने उन्हें क्षेत्राधिकारी खजनी से क्षेत्राधिकारी कोतवाली प्रभार सौंपा है। मीडिया से मुखातिब होते हुए नवागत क्षेत्राधिकारी कोतवाली ओंकार तिवारी ने कहा कि शासन की मंशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस द्वारा समय-समय पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली सर्कल के सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में सतर्क और सजग रहे तथा थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण किया जाए।, उन्होंने कहा कि एसएसपी के दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

## कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर पूर्व विधायक के नेतृत्व में निकला मशाल जुलूस



**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**

कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस निकाला गया। 26 जुलाई 1999 में पाकिस्तान को पराजित कर भारतीय सेना के जांबाज सैनिकों ने पाकिस्तानी सेना को मौत के घाट उतार कर भारतीय सेना ने विजय प्राप्त किया था। देश की रक्षा करने वाले वीर योद्धाओं के याद में नगर के विभिन्न चौराहों पर मशाल जुलूस निकाला कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।वृहस्पतिवार को भाजपा के पूर्व विधायक चौधरी शिवेंद्र सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत आनन्दनगर में मशाल जुलूस निकालकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और उनकी वीर गाथाओं को याद किया। तहसील चौराहे पर स्थित शहीद पंकज त्रिपाठी के स्मारक पर फूल माला चढ़ाकर मशाल जुलूस निकालकर उनकी वीरता और बलिदान को नमन किया।तत्पश्चात पूर्व विधायक ने कहा कि देश की आजादी के आलावा कारगिल युद्ध में बलिदान हुए इस देश के जांबाजों ने सर्वोच्च बलिदान किया था, आज उन्हें पूरा देश गर्व महसूस कर उनकी वीरता और बहादुरी को हमेशा याद कर श्रद्धांजलि अर्पित करता है।मशाल जुलूस नगर पंचायत आनन्दनगर के विभिन्न चौराहों से गुजरी।इस दौरान चेयरमैन प्रत्याशी , एनसीसी कैडेट्स के लेफ्टिनेंट कर्नल एसके गौड़,राकेश विश्वकर्मा, अम्बरीश राव लल्लन ,शिवम जयसवाल,विकास चौरसिया, आशीष जायसवाल, संजय, विक्रांत, अभय सिंह, भरत भाई, विक्रम, रजनीश व एनसीसी कैडेट्स सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

# निषाद पार्टी ने वीरांगना फूलन देवी के शहादत दिवस पर किया याद

**जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा ,गोरखपुर**



निषाद पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में वीरांगना फूलन देवी का शहादत चौरी चौरा विधायक ई .सरवन निषाद के नेतृत्व में मनाया गया। विधायक ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विधायक श्री निषाद ने कहा कि महिलाओं के लिए वह आईकान हैं। उन्होंने कहा कि फूलन देवी के ऊपर जितना जुल्म, ज्यादती, बर्बरता उस समय सामंतवादी लोगों द्वारा किया गया उसे सुनने मात्र से हम आप सिहर उठते हैं। परंतु मछुआ समाज में जन्मी फूलन देवी बहुत ही निडर, साहसी, बहादुर, और दृढनिश्चयी महिला थी। उन्होंने हार नहीं मानी और अपने ऊपर हुए बर्बरता का जुल्म, अत्याचार, बलात्कार का बदला लेने का काम किया। उनका कई सालों तक जंगल का सफर रहा। लेकिन उन्होंने सरकार को अपनी शर्त मनवा कर सरेंडर करने का काम किया लेकिन दुर्भाग्य से सामंतवादी लोगों का फूलन का आगे बढ़ना रास नहीं आया और 25 जुलाई 2001 को देश की सबसे बड़ी सुरक्षित जगह पार्लियामेंट से अपने आवास जाते समय गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। कार्यक्रम में निषाद पार्टी ज़िलाध्यक्ष संतोष निषाद, संगठन अध्यक्ष जगदीश निषाद , ज़िला प्रभारी महेंद्र निषाद , अजय निषाद , युवा मोर्चा ज़िलाध्यक्ष सूरज निषाद सहित तमाम नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## झंगहा थाना क्षेत्र के लालापुर में हुई लाखों रुपए गहने सहित नकदी की चोरी

जन एक्सप्रेस/चौरी चौरा। जनपद के झंगहा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्रामसभा लालापुर में बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने रीना देवी, पत्नी पवन कुमार के घर से कीमती जेवरात सहित 45 हजार रुपये नकद उड़ा ले गए। पीड़ित रीना देवी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 卐रात के समय अचानक घर में चोर घुस आए और कीमती जेवरात एवं नकदी चुराकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने आस-पास के इलाकों में छानबीन तेज कर दी है और चोरों की तलाश में जुट गई है। ग्रामवासियों में इस घटना के बाद भय और चिंता का माहौल है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत जानकारी देने की अपील की है। रीना देवी और उनके परिवार ने पुलिस से इस मामले को जल्द सुलझाने की उम्मीद जताई है।

# बाढ पीडितों व ग्रामवासियों ने बांध निर्माण हेतु शासन से की मांग

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



जनपद के राप्ती नदी किनारे बसे गांव इस समय बाढ़ से ग्रसित हैं इस संबंध में पीड़ित ग्राम वासियों ने ग्राम मंझरिया बडगो थाना तारामण्डल ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि हम सब पूर्वजों के जमाने से बाशिन्दा है। समस्त पीड़ित ग्रामवासियों का गाँव राप्ती नदी के सटे स्थित है एवं बरसात के समय हम पीड़ित का गाँव चारों तरफ से पानी से घिर जाता है जो लगभग चार माह तक बाढ की चपेट में रहता है, उक्त अवधि में ग्रामवासियों के आने जाने का एक मात्र साधन नाव ही है। यदि हमारी बहू-बेटी बीमार पड़ गयी तो अस्पताल पहुंचाना असंभव हो जाया करता है। जिससे गम्भीर एवं घातक रोग के कारण बिमार ग्रामवासियों की समय पर इलाज नहीं मिल पाने के कारण मृत्यु हो जाया करती है और बाढ की स्थिति में छोटे-छोटे बच्चों का विद्यालय आने-जाने का मार्ग अवरूद्ध हो जाया करता है, जिससे उनका पठन-पाठन बाधित हो जाया करता है, गाँव मे आने-जाने हेतु कोई लिंक मार्ग उपलब्ध नहीं है, उक्त समस्या सम्पूर्ण ग्रामवासियों के लिये एक गम्भीर समस्या है जिसके समधान हेतु कई बार ग्रामवासी सिंचाई विभाग एवं अन्य उच्चाधिकारियों से एवं जनप्रधिनिधियों से कई बार अनुनय विनय किये परन्तु उक्त समस्या का कोई भी समाधान आज तक निकल नहीं पाया, उक्त समस्या के समाधान हेतु समस्त ग्रामवासियों की तरफ से शासन प्रशासन यह प्रार्थना है कि यदि अमरूद मण्डी से लहसडी मुक्तिधाम तक लगभग 4 किमी0 का बांध बनवा दिया जाय या यदि किसी कारणवश बांध बनाना सम्भव न हो तो हम सभी गाँववासियों को अन्यत्र कहीं ऊँची जमीन पर बसा कर व्यवस्थित किया जाय। जिससे ग्राम अमरूद मण्डी चकरा अव्वल, मंझरिया विस्टील, चकरा दोयम व सेन्दुली-वेन्दुली आदि के निवासियों की समस्या का समाधान हो जायेगा।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे आलमबाग लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51245330 | Supply and Application of Anti-Graffiti coating over exterior surfaces of side walls (including doors) on the LHB coaches as per RDSO specification no. M&C/PCN/127/ 2020 (Rev-2.0). Note-(1) Qty. 02 ltr. is applicable for one complete coach. (2) Warranty Period upto 36 months from the date of supply. (3) The bidder shall mention the breakup of material cost and application cost separately for anti graffiti coating on each coach. | 2112 Nos | 02.09.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस संख्या : 51245330 दिनांक : 24.07.2024 2256/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सवर्ण आर्मी ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

सवर्ण आर्मी जिलाध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल के नेतृत्व में सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों ने आईपीएस जुगुल किशोर तिवारी के निलंबन के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर आईपीएस जुगुल किशोर तिवारी को तत्काल प्रभाव से बहाल करने की मांग किया। जिलाध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल ने कहा कि श्री तिवारी विगत 30 वर्षो से अति सम्मानीय राष्ट्रीय पदक प्राप्त कर चुके हैं और बहुत ही कर्तव्यनिष्ठ , ईमानदार, तेजतर्रार श्रेष्ठ अधिकारी है। ऐसे अधिकारी को निलंबित करना जनमानस व संपूर्ण भारत को असहज करने वाला कृत्य है। श्री शुक्ल ने कहा कि अगर एक हफ्ते के अन्दर श्री जुगुल किशोर तिवारी को पुनः बहाल नही किया गया तो सवर्ण आर्मी सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी सारी जिमेदारी जिला व प्रदेश प्रशासन की होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

**मैं राम सिंह पुत्र राजदेव सिंह , पचगावां पोस्ट फरदहनी जिला गोरखपुर उत्तर प्रदेश का निवासी हूं, । मैं सशपथ बयान करता हूं कि मैं अपने नाबालिग पुत्र राज सिंह उम्र 12 साल का नाम बदलकर प्रिन्स सिंह कर दिया है। भविष्य में राज सिंह को प्रिन्स सिंह के नाम से जाना पहचाना जाए।**

राम सिंह पुत्र. राजदेव सिंह
ग्राम - पचगावां पोस्ट फरदहनी
जिला - गोरखपुर उत्तर प्रदेश - 273165

# कच्ची शराब कारोबारियों पर स्थानीय पुलिस पढ़ी भारी, आबकारी का अता-पता नहीं

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**



अवैध कच्ची शराब पर स्थानीय पुलिस दिखीं सक्रिय, आबकारी विभाग की टीम की निष्क्रियता पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने कई कुंतल लहन नष्ट कर प्रतिबंधित शराब की बिक्री करने वालों पर की बड़ी कार्यवाही।फरेंदा में कच्ची शराब का बिक्री रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इधर आबकारी विभाग की निष्क्रियता पर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कच्ची शराब का धंधा जोरों पर चल रहा है और आबकारी विभाग की कार्रवाई केवल कागजों में चल रही हैं। वहीं फरेंदा कोतवाली की संयुक्त टीम अवैध कच्ची शराब कारोबारियों पर कार्रवाई करने के लिए अभियान चलाकर नकेल कस रही हैं।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिन जगहों पर अवैध कच्ची शराब की भाट्टिया धधक रही हैं वहां से आबकारी विभाग द्वारा महीने का शुकराना भत्ता वसूला जा रहा है जिससे क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब की बिक्री धड़ल्ले से तथा बड़े पैमाने पर कारोबार फल-फूल रहा हैं। फरेंदा क्षेत्र के निरनाम पश्चिमि में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी फरेंदा अनिरुद्ध कुमार के दिशा निर्देश में फरेंदा थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कुल चार टीमें गठित कर दबिश दी गई और मौके पर 20 कुंतल लहन तथा शराब बनाने वाला उपकरण नष्ट किया। गुरुवार तड़के सुबह फरेंदा पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध व कोतवाल अभिषेक सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के ग्राम निरनाम पश्चिमि में छापेमारी का अवैध कच्ची शराब निर्माण के लिए लगाए गए लहन नष्ट कर भट्ठी नष्ट कर मौके से अवैध कच्ची शराब बरामद किया।जबकि छापेमारी की भनक लगते ही अवैध शराब निर्माता व विक्रेता मौके से फरार होने में कामयाब रहें। आखिरी इन कारोबारियों को भगाने में किसका का सहयोग रहा या कारोबारियों द्वारा आबकारी विभाग को शुकराना भत्ता देने के कारण इन्हें गोपनीय तरीके से सूचनाएं प्राप्त होते ही मौके से भागने में कामयाब हो गए।इस दौरान उपनिरीक्षक मधुकर सिंह, गंगोत्री यादव,मनीष कुमार राम, अरुण कुमार, कलीमुल्लाह खान ,आशुतोष पाठक, अतुल कुमार महिला उप निरीक्षक प्रिया गिरी ,अंजली राय हेड कांस्टेबल हिमांशु राय, कांस्टेबल शिवाकांत सिंह,अनिल यादव, अनिल खरवार, नंदलाल यादव, राहुल सिंह ,राजेश चौहान, दिवाकर राव व महिला कांस्टेबल प्रतिमा चौधरी सहित अन्य रहें।

# पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य ने किया विभिन्न स्थलों का सघन निरीक्षण, व्यवस्थाएं मिली ऑल इज वेल

**सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड, उ.प्र.सरकार ने किया जिला महिला चिकित्सालय, सीएचसी जयसिंहपुर, मोतिगरपुर व ब्लाक मोतिगरपुर का औचक निरीक्षण तथा की समीक्षा बैठक**

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**



सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड, उ.प्र. सरकार, बौद्ध सिंह पटेल ने जनपद भ्रमण के दौरान जिला महिला चिकित्सालय, सामुदायिक केन्द्र जयसिंहपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतिगरपुर, ब्लाक मोतिगरपुर के विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड, उ.प्र. सरकार ने जिला चिकित्सालय सहित अन्य सीएचसी के निरीक्षण के दौरान महिला वार्ड, ओपीडी रूम, दवाओं की उपलब्धता, इमरजेन्सी वार्ड, साफ-सफाई, चिकित्सकों का विजिटिंग रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया गया। सदस्य श्री पटेल का विभिन्न निरीक्षण स्थलों पर पुष्पगुच्छ भेंटकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएमएस आर.के.यादव को निर्देशित किया कि परिसर की साफ-सफाई व दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। उन्होंने साफ-सफाई हेतु सीएमएस की सराहना की। उन्होंने निर्देशित किया कि सरकार द्वारा संचालित प्रसूता महिलाओं के लिये मिलने वाली धनराशि का समय से हस्तान्तरण कर दिया जाय। उन्होंने स्वच्छ पेयजल व मरीजों को उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उपलब्ध दवाओं की एक्सपायरी डेट आदि को चेक किया, जो सही पायी गयी। उन्होंने सभी मरीजों से वृक्षारोपण करने की अपील किया। इसी प्रकार उन्होंने अन्य सीएचसी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। तत्पश्चात विकास खंड जयसिंहपुर का निरीक्षण/बैठक कार्यक्रम सम्पन्न हुई। सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड, उ.प्र. सरकार की अध्यक्षता में विकास खंड जयसिंहपुर के सभागार में ब्लाक स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। सदस्य श्री पटेल ने समस्त निरीक्षण स्थलों पर पर्यावरण को बचाने हेतु पौधरोपण भी किया गया। तत्पश्चात पी.डब्ल्यू.डी. गेस्ट में सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड, उ.प्र. सरकार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, जिला कृषि अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला अग्निशमन अधिकारी, ए.एम.ओ. (अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत) लघु सिंचाई के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाय। उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट का भी अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### पैसे लेकर सीएचसी में कराया गया प्रसव, पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य ने लगाया फोन तो खुली पोल

**सुल्तानपुर।** पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य बौद्ध अरविंद सिंह पटेल ने महिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ केंद्र जयसिंहपुर का निरीक्षण किया। सीएचसी में प्रसव के दौरान तीमारदार से पैसा वसूले जाने का मामला प्रकाश में आने पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने जयसिंहपुर ब्लॉक कार्यालय में भी विकास कार्यों का जायजा लिया। गुरुवार को पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य अरविंद सिंह पटेल ने पहले महिला अस्पताल सुल्तानपुर का निरीक्षण किया। यहां से वे सीएचसी जयसिंहपुर पहुंचे और लेबर रूम का निरीक्षण किया। यहां रजिस्टर देखते हुए एक प्रसव करवा चुकी महिला कुसुम पत्नी अनिल निवासी भीटी के पास उन्होंने फोन लगाया। जिस पर महिला द्वारा बताया गया कि उसने प्रसव के दौरान अस्पताल के अंदर दो हजार रुपया दिया। एक हजार की दवा बाहर से लिखी गई। जिस पर पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य ने फटकार लगाते हुए अधीक्षक सुरेंद्र कुमार पटेल को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

## एन ग्रामीण निधि लिमिटेड पर जमाकर्ताओं का पैसा गबन का आरोप, महिला जमाकर्ता से मारपीट

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

एन ग्रामीण निधि लिमिटेड पर जमाकर्ताओं ने पैसा गबन करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में जमाकर्ता दुकानदारों ने कार्रवाई की मांग की है। वहीं कंपनी के एमडी सुलह समझौते से मामले को सुलझाने की बात कह रहे हैं। बरौंसा बाजार में एन ग्रामीण निधि लिमिटेड के एजेंट तमन्ना दुबे से महिला दुकानदार गुड्डी पत्नी शाहिद के बीच जमा पैसा मांगने पर मारपीट हो गई। बाजार में मारपीट की सूचना पर दुकानदारों की भीड़ इकट्ठा हो गई। जिसके बाद दर्जनों की संख्या में आक्रोशित जमाकर्ता दुकानदार जयसिंहपुर कोतवाली पहुंच गए। जहां एक तरफ एजेंट तमन्ना ने मारपीट का आरोप लगाते हुए बताया कि वह एजेंट की नौकरी छोड़ चुकी है। वहीं दुकानदार गुड्डी का कहना था कि एजेंट ने अभद्रता करते हुए मारपीट की। सुरेश वर्मा, अरविंद कुमार, दिलीप कुमार सहित दर्जनों

**✳ कंपनी के जिम्मेदार सुलह समझौते के प्रयास में जुटे**

दुकानदारों ने कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद्र सिंह को दी तहरीर में बताया है कि जमा पैसा वापस मांगने पर एजेंट गाली गलौज करती है। इसलिए उनका जमा पैसा वापस दिलाया जाय। फोन पर एमडी द्वारा सुलह समझौते की बात पर मामला शांत हुआ। बुधवार को एक बार फिर जयसिंहपुर थाने में जमाकर्ताओं का जमावड़ा हुआ। एमडी विनीत शुक्ला और जमाकर्ताओं ने बीच बातचीत हुई। जिसमें एमडी ने कहा कि मेरा पैसा लोन में फस गया है। इसलिए जमाकर्ताओं का पैसा धीरे-धीरे वापस किया जाएगा।

जमाकर्ता धर्मेंद्र वर्मा व सन्तोष पटेल का कहना है कि अगर जल्द पैसा नही मिला तो कंपनी एमडी, मैनेजर और एजेंट के खिलाफ कार्रवाई को लेकर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

## ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान का साक्षात्कार 27 को

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**



प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना जिसमें गरीबों एवं हुनर मंद लोगों को प्रशिक्षण देकर टूलकिट प्रदान कर रोजगार के लिए आत्मनिर्भर किया जाता है जिसमें ओडी ओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रशिक्षण एवं टूलकिट के लिए जनपद के जिन अभ्यर्थियों ने इन योजनाओं के तहत आनलाइन आवेदन किया है उनका साक्षात्कार 27 जुलाई को सुबह 11 बजे सेआयोजित किया गया है

वही उपायुक्त उद्योग एस सिद्दीकी ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने इन योजनाओं के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आवेदन किया है उनका? साक्षात्कार कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र अम्बेडकर नगर में आयोजित किया गया है ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर अपने चयन हेतु गठित समिति के सामने उपस्थित हो।

## कोटेदार गटक गया 170 कुंतल गरीबों का राशन जिलाधिकारी के आदेश पर हुई है एफआईआर

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**



कुड़वार ब्लॉक के बहमरपुर में पात्र गृहस्थी और अंत्योदय राशन कार्ड के अनाज वितरण में बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला सामने आया है। 170 कुंतल राशन में मध्यान्ह भोजन योजना में भी बड़े पैमाने पर सेंधमारी करने का प्रकरण खुला है। कोटेदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियमएक्ट में कार्रवाई की जा रही है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में बड़े पैमाने पर गोलमाल से कार्ड धारकों में हड़कंप मचा हुआ है। वही सरकारी दुकानदारों को भी शक की निगाह से देखा जा रहा है। पूरा मामला कुड़वार थाना क्षेत्र अंतर्गत बहमरपुर ग्राम पंचायत से जुड़ा हुआ है। कोटेदार द्वारा वित्तीय अनियमितता किए जाने की जानकारी मिलने पर पूर्ति निरीक्षक नन्हे सिंह को जांच के लिए भेजा गया था। कोटेदार द्वारा राशन वितरण में अनियमितता करने की पुष्टि हुई। जिस पर अग्रिम कार्रवाई करते हुए कुड़वार थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। जिलाधिकारी के अनुमोदन के साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम एक्ट के तहत कार्रवाई का प्रावधान किया गया। साथ ही दुकान को लंबित कर दिया गया है। निरस्त यानी बर्खास्त की कार्रवाई संबंधी जांच कराई जा रही है। सभी कोटेदारों को हिदायत दी जाती है कि किसी भी दशा में राशन वितरण में सतर्कता एवं प्रदर्शित करते हैं। अनियमितता पाए जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी ऐसे दोषी को बक्शा नहीं जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य ने बताया कि बहमरपुर के कोटेदार के विरुद्ध गंभीर शिकायत प्राप्त हुई थी। पूर्ति निरीक्षक से मौके पर जांच कराई गई जिसमें अनीमियतता की पुष्टि हुई है। जिस पर कोटेदार के विरुद्ध कुड़वार थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। जांच के बाद अनुबंध को निरस्त की कार्रवाई की जाएगी।

## डीजे के रूपयों के वापस मांगने पर मारपीट के बाद हुआ पथराव

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

कस्बा पुलिस चौकी के अंतर्गत मोहल्ला सराय चूहर में डीजे के रूपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज मारपीट के बाद जमकर पथराव हुआ जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों के नौ व्यक्ति व 10 से 15 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दविश के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। कस्बा चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार ने बताया कि डीजे के रुपयों के लेनदेन को लेकर मारपीट गाली गलौज के बाद जमकर पथराव में ग्राम दुल्हारा निवासी सुरेश पुत्र गुलाब सिंह, सत्येंद्र पुत्र सुखवीर ,राहुल पुत्र वीरेंद्र ,विष्णु पुत्र भारत सिंह ,दीनू पुत्र हिम्मत, रिंकू पुत्र शिव सिंह समेत 8 से 10 व्यक्ति साथ दूसरे पक्ष के राशिद पुत्र जाहिद, जाहिद पुत्र मेंहदी हसन के खिलाफ भी संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है । पुलिस की तरफ से मुकदमा अपराध संख्या 143 / 2024 धारा 191 (2 )191 (3) 190, 115 ,152 352 , 125, 251( 2 ) और 7ष्द्य के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बताते चलें कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दुलारा निवासी युवक विगत सोमवार को गंगा जी से डाक कांवर लेकर आए थे जिसमें राशिद का डीजे साउंड बुक किया गया था जो बाद मैं कैंसल कर दिया गया ,विगत दिवस बुधवार को डीजे साउंड के हिसाब किताब के दौरान कहासुनी के बाद मारपीट व पथराव हुआ।

## वकीलों की हड़ताल के चलते माननीय द्वय के मामले में सुनवाई टली



**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

एमपीएमएलए मजिस्ट्रेट के न्यायालय मे नियत सांसद संजय सिंह व पूर्व विधायक चन्द्रभद्र सिंह सोनू के मुकदमे मे वकीलों की हड़ताल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडे ने बताया कि 13 अप्रैल 2021 को थानाध्यक्ष प्रवीन कुमार सिंह ने एफआईआर लिखाई थी. आरोप लगाया कि दिन साढ़े तीन बजे हसनपुर गांव में सांसद सिंह अपनी पार्टी की जिपं सदस्य सलमा बेगम के पक्ष में सभा कर रहे थे. जिसकी अनुमति उनके पास नहीं थे. उनके साथ 50- 60 लोग और थे। उनके इस कृत्य से महामारी अधिनियम व अन्य कानूनों का उल्लंघन हुआ है. विवेचना के बाद पुलिस ने मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी जगदीश यादव, मकसूद, सुकई, धर्मराज, जीशान, सहबान, सिकंदर, जलील व अजय सभी निवासी हसनपुर को आरोपी बनाकर आरोप पत्र न्यायालय भेजा जिसपर मुकदमा चल रहा है। अगली पेशी 5 अगस्त है। पूर्व विधायक सोनू सिंह पर कूरेभार थाने मे पुलिस दबिश के समय कार्य मे अवरोध उत्पन्न करने का मुकदमा लिखा गया था. इसमें अभियोजन का साक्ष्य समाप्त हो गया है. बचाव पक्ष का साक्ष्य नहीं हो सका इसमें 3 अगस्त क़ी तारीख नियत क़ी गई है।

### पूर्व मंत्री के मुकदमे मे नहीं हुई बहस



**सुलतानपुर।** बसपा सरकार मे मंत्री रहे पूर्व ओम प्रकाश सिंह के मुकदमे मे बचाव पक्ष की ओर से गुरुवार को भी बहस नहीं हुई। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने उन्हें निर्णय से पहले जमानतनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। वकीलों क़ी हड़ताल के चलते कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। अभियोजन के अनुसार मंत्री सहित छ लोगों पर मोतिगरपुर थाने के उप-निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की एफआईआर लिखाई थी. आरोप है कि ढेमा बाजार मे उन्होने बिना अनुमति जन सभा की थी। इसमें सारे साक्ष्य हो चुके है बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडे ने अगली पेशी पर बहस व जमानत दाखिल करने का अवसर माँगा जिसे बिशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने स्वीकार कर 1 अगस्त क़ी तिथि नियत क़ी है।

## युवक की हत्या के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

बीती 11 जुलाई को मक्के के खेत में नव युवक का शव बरामद हुआ था। उस घटना का खुलासा हो गया था। पुलिस द्वारा उक्त में संलिप्त दो लोगों को हिरासत में लेकर जेल भी भेज दिया गया। लेकिन मुख्य आरोपी पुलिस की पहुंच से अभी दूर था। पुलिस को उसकी तलाश थी। इसी बीच करीब 15 दिन बाद घटना में संलिप्त मुख्य आरोपी को, सूचना के आधार पर महुअर दक्षिणा बाई पास के पास से धर-दबोचा। हालाँकि पुलिस को देख आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। बता दें कि, थाना क्षेत्र के गाँव सकतपुर के नव युवक विनोद कुमार का शव गाँव से एक किलोमीटर दूर हाई वे किनारे स्थित लेदर पार्क में मक्के के खेत में मिला था। परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने की तहरीर देकर जल्द खुलासे की मांग की। पुलिस ने युवक के दो हत्यारों को सबूत के साथ पकड़ कर, जेल भी भेज दिया था। वहीं इस बड़ी घटना का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर था।

## पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने जेई की पिटाई को लेकर किया प्रदर्शन, तीन पर हुई है एफआईआर




**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

कावड़ यात्रा के मद्देनजर सड़क दुरुस्त करा रहे जेई को दबंगो ने बीते दिनों धुन डाला। एफआईआर दर्ज हुई तो पुलिस को आरोपी ढूंढे नहीं मिल रहे। इससे नाराज लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता व अन्य कर्मचारियो ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। साथ ही कार्यालय पर ही प्रदर्शन किया। दरअस्ल कावड़ यात्रा के मद्देनजर जयसिंहपुर ब्लॉक क्षेत्र में 20 जुलाई को बरौसा स्थित बिरसिंहपुर मार्ग पर गड्ढा मुक्ति एवं पटरी मरम्मत का कार्य कराया जा रहा था। उसी दौरान दोपहर 2꞉20 पर आर्मी कलर के बुलेट बाइक पर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों जो कि अपना चेहरा ढके हुए थे उनके द्वारा अचानक पहुंचकर श्रवण कुमार अवर अभियंता सिविल के साथ गाली-गलौज किया गया। उन्हें दबंगो द्वारा मारपीट की गई। जिससे अवर अभियंता को काफी गंभीर आंतरिक चोट आई। श्रवण कुमार अवर अभियंता द्वारा इस घटित घटना के क्रम में तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध जयसिंहपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। लेकिन 4 दिन बीत जाने के बाद भी संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई। इसलिए अवर अभियंताओं में उक्त घटना को लेकर भारी रोष है। इस क्रम में गुरुवार को 11꞉00 से 5꞉00 तक अभियुक्तों के तत्काल गिरफ्तारी के लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सुल्तानपुर के प्रांगण में आयोजित कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

## मोबाइल छीन कर भागे तीन चोरों को किरावली पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना किरावली पर पीड़ित द्वारा तहरीर दी गई कि, तीन बाइक सवार उसका मोबाइल छीनकर भाग गए हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के अंदर तीनों चोरों को दबोच लिया। पीड़ित की शिकायत के आधार पर बताया गया कि, आगरा-जयपुर हाई वे स्थित विशाल हाइवे रेस्टोरेन्ट के सामने टहल रहा था। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लड़के आए और देखते ही देखते मोबाइल छीन कर भाग गए। उनका दौड़कर पीछा भी किया लेकिन वे निकल गए। इसके बाद आनन-फानन में अपने साथ हुई घटना की तहरीर दी। इसी क्रम में थाना किरावली पुलिस को सूचना मिली कि, मोबाइल चोर महुअर पुल के पास खड़े हुए हैं। तत्काल प्रभाव से मौके पर पहुंचकर पुलिस ने तीनों चोरों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक मोबाइल, एक मोटरसाइकिल व 320 रुपये बरामद हुये। पकड़े गए चोरों ने बताया कि, तीनों ने मिलकर ही एक राहगीर से मोबाइल छीना था। पकड़े गए चोरों की पहचान अंकित कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी ठारदर्शी फेंड कॉलोनी नंदलालपुर खंदौली, पंकज पुत्र प्रेम सिंह निवासी अंबेडकर बस्ती नंदलालपुर खंदौली के रूप में हुई है।

## जुलाई महीने में महिंद्रा ट्रक और बसों की 5 नई डीलरशिप का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस। आगरा**




वित्त वर्ष 24 में बिजनेस वॉल्यूम में 46 प्रतिशत की मजबूत 4 साल की सीएजीआर वृद्धि के बाद, महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन (एमटीबीडी) ने जुलाई के महीने में भारत के चार राज्यों में वाशु राज ऑटोमोबाइल्स, झांसी, (उत्तर प्रदेश) अग्रवाल एलीट मोटर्स, गाजियाबाद, (उत्तर प्रदेश) बाथवाल सर्विसेज, रायपुर (छत्तीसगढ) के.पी. ट्रकिंग, भरूच (गुजरात) और नवाता ऑटोमोटिव्स, कडप्पा (आंध्र प्रदेश) में खोली गई हैं 5 अत्याधुनिक डीलरशिप का उद्घाटन किया। इनमें 37 सर्विस बे शामिल हैं जो प्रतिदिन 75 से अधिक वाहनों की सर्विस कर सकते हैं, साथ ही ड्राइवर लॉजिंग, 24 घंटे ब्रेकडाउन सहायता और एडब्लू उपलब्धता भी प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के बिजनेस हेड - कमर्शियल व्हीकल्स श्री जलज गुप्ता ने कहा, भारत के कमर्शियल व्हीकल्स के बाजार में महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन (एमटीबीडी) की मजबूत उपस्थिति है, जिसने पहले ही कई क्षेत्रों और बाजारों में नंबर 3 स्थान हासिल कर लिया है। हमें विश्वास है कि हमारे नेटवर्क में इन 5 नई डीलरशिप के जुड़ने से हमारी पहुंच का विस्तार करने में मदद मिलेगी। नई डीलरशिप हमारे ग्राहकों को वाहनों की सर्विसिंग में मदद करेगी और उनके बेड़े को देखभाल के लिए अधिक समय प्रदान करेगी। हम आगे के अवसरों को लेकर उत्साहित हैं और अपने सम्मानित ग्राहकों को इनोवेटिव और बेहतर परिवहन समाधान प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

श्री गुप्ता ने महिंद्रा के वाहनों की बेहतर तकनीकी क्षमता के बारे में जोर देते हुए नई रेंज के ट्रकों के लिए नई माइलेज गारंटी ज्यादा माइलेज नहीं तो ट्रक वापस को भी लॉन्च किया, जो ट्रांसपोर्टरों के लिए लाभ के अवसरों को बढ़ाती है। उन्होंने आगे कहा कि मजबूत डीलर भागीदारों के साथ मिलकर ये अत्याधुनिक 3एस सुविधाएं उच्च ग्राहक सेवा मानक स्थापित करेंगी और महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन कारोबार का विस्तार करेंगी।

महिंद्रा ब्लेजो एक्स, फुरिओ, ऑप्टिमो और जयो भारत में एकमात्र सीवी ट्रक रेंज हैं जो श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता सहित डबल सर्विस गारंटी देते हैं। महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन ने 48 घंटों में ट्रक को सड़क पर वापस लाकर अपनी ब्रेकडाउन सेवा पर अपटाइम की भी गारंटी दी है, अन्यथा कंपनी ग्राहक को प्रतिदिन 1000/- रुपये का भुगतान करेगी। इसके अतिरिक्त, डीलर वर्कशॉप या कंपनी में 36 घंटों में वाहन के गारंटीकृत टर्नअराउंड के लिए प्रतिदिन 3000/- का भुगतान किया जाएगा। महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन ने दोहराया है कि अपने प्रॉडक्ट्स को लेकर निरंतर इनोवेशन और अपने ग्राहकों को केंद्र में रखने की प्रतिबद्धता ने ही इन गारंटियों को संभव बनाया है।

## मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फ़रीदाबाद ने सभी प्रकार के ऑर्थोपेडिक रोगों के लिए आगरा में ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की

**जन एक्सप्रेस। आगरा**



मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फ़रीदाबाद ने ऑर्थोपेडिक्स से संबंधित हर तरह के रोगों के इलाज के लिए आगरा के हनुमान नगर में स्थित एस.पी. हॉस्पिटल में बड़े गर्व के साथ ओपीडी सुविधाओं का शुभारंभ किया। 26 जुलाई, 2024 को दोपहर 12꞉00 बजे से 2꞉00 बजे के दौरान एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर के साथ इस पहल की शुरुआत की जाएगी। शुरू की गई इस नई सुविधा का उद्देश्य हड्डियों से संबंधित विभिन्न प्रकार के रोगों के लिए विस्तृत और अव्वल दर्जे की गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करना है, ताकि आगरा के लोगों के लिए डायग्नोस्टिक एवं इलाज के अत्याधुनिक विकल्प सहज तरीके से उपलब्ध हो सकें। डॉ. अनुराग अग्रवाल, क्लिनिकल डायरेक्टर एवं एचओडी-ऑर्थोपेडिक्स विभाग, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फ़रीदाबाद इस ऑर्थोपेडिक टीम की कमान संभालेंगे। इस निऱ्शुल्क चिकित्सा शिविर में ब्लड प्रेशर तथा ब्लड शुगर के साथ-साथ हड्डियों एवं जोड़ों की सभी बीमारियों का इलाज किया जाएगा और शिविर में आने वाले मरीजों को कोई शुल्क नहीं देना होगा। डॉ. अनुराग घुटनों के जोड़ों में दर्द, जोड़ों में सूजन, सीढ़ियाँ चढ़ते या उतरते समय असुविधा एवं दर्द, लंबे समय तक बैठने की वजह से घुटनों के जोड़ों में दर्द और इसी तरह के अन्य रोगों का इलाज करेंगे। इस तरह के रोगों से जूझ रहे मरीज एस.पी. हॉस्पिटल, 44 हनुमान नगर, मारुति स्टेट क्रॉसिंग, बोदला, आगरा में मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फ़रीदाबाद के डॉ. अनुराग अग्रवाल से परामर्श ले सकते हैं। डॉक्टर के मोबाइल नंबर- 8532911916 पर कॉल करके भी मरीज उनसे अपॉइंटमेंट ले सकते हैं। ओपीडी का संचालन करने वाले डॉ. अनुराग को विभिन्न प्रकार के मस्कुलोस्केलेटल रोगों के इलाज में महारत हासिल है, जिनमें फ्रैक्चर, मोच, अर्थराइटिस, पीठ एवं गर्दन में दर्द, जोड़ों की समस्याएँ, खेल से जुड़ी चोटें आदि शामिल हैं। वह प्रत्येक मरीज की जरूरतों के अनुरूप निजी तौर पर चिकित्सा प्रदान करते हैं। मरीजों को नवीनतम मेडिकल टेक्नोलॉजी तथा डायग्नोस्टिक टूल्स के बारे में भी जानकारी दी जाएगी, ताकि आर्थोपेडिक रोगों का सटीक तरीके से और सही समय पर पता लगाया जा सके। डॉक्टरों द्वारा रोबोट की मदद से अत्याधुनिक तरीके से इलाज किया जाता है, जिसे देखते हुए मरीज अव्वल दर्जे की चिकित्सा सेवाओं में की उम्मीद कर सकते हैं। डॉ. अनुराग का अनुभव और उनकी विशेषज्ञता सही मायने में समुदाय के लिए एक खजाने की तरह है। वे चिकित्सा के क्षेत्र में हुई प्रगति में सबसे आगे रहने और मरीजों के लिए सबसे उम्दा परिणामों के लिए प्रमाणों पर आधारित उपचार प्रदान करने के लिए इरादे पर अटल हैं।

# सरकार की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं को शीघ्रता से हो निराकरण: संजय सिंह गंगवार

* राज्यमंत्री ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जनसमस्यायें, अफसरों को दिये निस्तारण के निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज गुरूवार को जनता दर्शन के दौरान जनसमस्यायें सुनी और उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दियें। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही किसी भी स्तर पर वर्दाश्त नही की जायेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता से किये जाने के निर्देश है ऐसे में सरकार की मंशा जनसमस्याओं के त्वरित गति से निस्तारित की है और इसके लिए अधिकारी कर्मचारियों को पूरी तरह से सजग रहना होगा। जनता दर्शन के दौरान क्षेत्र से आये लोगो ने किसी ने पुलिस सम्बन्धी तो किसी ने राजस्व सम्बन्धी तो किसी ने स्वास्थ्य सम्बन्धी आदि अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं को रखा।

ज्ञात रहे की गत दिवस प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने लखनऊ स्थित आवास पर विधायकों की बैठक करके एक ओर जहा उन्होंने समस्यायें जानी वही जन समस्याओं के निस्तारण के भी निर्देश जनता दर्शन के माध्यम से विधायकगणों को दिये। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने आज अपने जन सहयोग कार्योलय पर पूर्व के भाति जनता दर्शन के दौरान जनसमस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। ग्राम भिखारीपुर निवासी राजीव कुमार, प्रेमचन्द,वृहमस्वरूप आदि ने भिखारीपुर में लगे नलकूप का कनैक्शन न्यूरिया विधुत केन्द्र से हटाकर भिखारीपुर फीडर से किये जाने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया। छत्रपति शिवाजी कालोनी निवासी लक्ष्मी देवी ने काशीराम आवासीय कालोनी में आवास आवंटित कराये जाने मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया। अमरिया रामलीला कमेटी के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश गुप्ता ने ग्राम पंचायत अमरिया में स्थित घन्नई का तालाब का साफ सफाई एवं सौन्दर्यकरण कराये जाने की मांग की। इसके अलावा उन्होंनें रामलीला ग्राउन्ड के पास जलभराव से होने वाली समस्या से निजाद दिलाने को नाला निर्माण की मांग की। ग्राम सिमरिया गौसू निवासी विजयपाल, अमर सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, पप्पू, प्रेमपाल, ओमशंकर, आनन्द प्रकाश आदि ने गांव में शराव की भट्टी से पातीराम के घर तक पक्की सड़क का निर्माण कराये जाने मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया। इसके अलावा कई शिकायतकर्ताओं ने पुलिस सम्बन्धी एवं खेत जमीनों पर अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने दूरदराज क्षेत्रों से आये लोगो की समस्यायें सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिये।

वही जनपद के ग्राम चांद दांडी निवासी प्रेमपाल गंगवार के निर्विरोध बीडीसी सदस्य चुने जाने पर राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार में अपने जन सहयोग कार्यालय पर उनका फूल माला पहनकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत अभिनंदन किया इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ता एवं अधिकारी गण मौजूद रहें।

# जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुसार करने का दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने जौनपुर आजमगढ़ मार्ग पर मेंटेनेंस की कार्यवाही हेतु टेंडर लंबे समय से प्रक्रियाधीन होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एनएचएआई के अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुसार सही करने के निर्देश दिए। जौनपुर वाराणसी मार्ग पर वृक्षारोपण कराने, क्षतिग्रस्त डिवाइडर का मरम्मत कराने, जौनपुर रायबरेली राजमार्ग पर खराब कैटआई को बदलने सहित जौनपुर सुल्तानपुर मार्ग, जौनपुर केराकत चंदवक मार्ग, जौनपुर रामपुर भदोही मार्ग पर हुए सुधारात्मक कार्यवाही के संदर्भ में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एनएच के किनारे पौधरोपण कराने, सड़कों की मरम्मत, नालों की साफ-सफाई के सन्दर्भ में 10 दिन के अन्दर कार्य पूर्ण होने का प्रमाण-पत्र देने के निर्देश दिये। उन्होंने सख्त निर्देशित किया कि कार्य में शिथिलता बरते जाने पर कार्यवाही की जायेगी। ब्लैक स्पॉट की सूची के सत्यापन के उपरांत जहां कहीं भी कार्य अभी नही हुए हैं वहां पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। स्कूली वाहनों को संबंध में जानकारी लेते हुए एआरटीओ को निर्देश दिया कि वाहनो का नियमित फिटनेस जांच की जाए। बिना ग्रिल वाली बस नही चलनी चाहिए। उन्होंने सेन्ट पैट्रिक स्कूल तथा प्रसाद स्कूल तिराहे के पास सांकेतिक बोर्ड लगाने तथा रम्बल स्ट्रीप बनवाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एसीएमओ को निर्देशित किया कि एंबुलेंस, फर्स्ट एड किट सहित दुर्घटना की स्थिति में अधिक रक्तस्राव को रोकने हेतु इंजेक्शन भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहने चाहिए। इस अवसर पर एक्सईएन लोक निर्माण विभाग, बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीओ सदर, यातायात निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल के निकट सड़क हादसा, दो की मौत एक गम्भीर घायल



* किसी अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर दोनो युवको की मौके पर दर्दनाक मौत चालक वाहन सहित फरार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बरखेड़ा।** पीलीभीत बीसलपुर हाईवे के निकट बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल के पास एक सड़क हादसे मे दो युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई तो वही तीसरा साथी गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतक दोनो युवको के शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और घायल तीसरे साथी को बरखेड़ा सीएचसी से ईलाज के उपरांत जिला अस्पताल रेफर दिया गया।सड़क हादसे की सूचना मिलते ही मृतको के परिवार के लोग भी बरखेडा सरकारी अस्पताल पहुंच गए थे।वही बताया जा रहा है की घटना बुधवार रात की है।मृतक ने परिजनो ने बताया है गाव की जनपद बरेली के थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव वहापुर निवासी अर्जुन सिंह ने बताया है बडा भाई गुडडू 26 वर्षीय पुत्र अहिवहरन सिंह गुड़गांव मे फर्नीचर की ठेकेदारी करता है।और उसके साथ बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सकुटिया पवन भी बड़े भाई के साथ काम करता था।और तीन दिन पहले दोनो लोग घर पर आए हुए थे।बुधवार की शाम को गुड्डु ने गुड़गांव जाने की बात कहे रहा था तो पवन ने अपने घर जाकर लौटने की बात गुड्डु से कही थी और बुधवार की शाम को ही बीसलपुर जाने के लिए तैयार हुआ था।मगर गुडडू के परिवार के लोगो ने शाम को जाने से मना किया और सुबह जाने को कहा।इसके बाद भाई गुड्डु गांव के ही तेजराम 20 वर्षीय पुत्र सुन्दर लाल और पवन 18 वर्षीय पुत्र पातीराम के साथ कस्बा बहेड़ी जाने की बात कह कर घर से निकला था।वही.करीब रात साढ़े सात बजे फोन से बातचीत हुई तो गुड्डु ने बताया की वह.बहेड़ी मे है।और थोड़ी देर बाद घर लौट आएगे।उसके बाद नही आए थोड़ी देर बाद फोन लगाया तो सम्पर्क नही हुआ है।रात करीब नौ बजे उसके साथी तेजराम के फोन पर बात की तो घटना के बारे जानकारी हुई।तथा जानकारी होने के बाद परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे जो गुड्डु और तेजराम की मौत हो चूकी थी।जबकी पवन गम्भीर रूप से घायल हो गया था।इधर घटना की सूचना मिलने पर बरखेड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ पहुंच कर घायल को तत्काल घायल को सरकारी अस्पताल मे ले जाकर भर्ती करया जहा उपचार के उपरांत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।वही थाना पुलिस ने दोनो मृतक युवको के शव कब्जे लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।प्रभारी निरीक्षक ने बताया है की मृतक के परिजनो की ओर से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल बरखेड़ा पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

# नगर पंचायत बरखेड़ा के लेखाकार पर लगा पांच सौ रुपए जन्म प्रमाण पत्र पर मांगने का आरोप

* बीस साल से अधिक समय से एक ही नगर पंचायत पर जमा बैठा बाबू दे रहा भ्रष्टाचार को अंजाम

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बरखेड़ा।** योगी सरकार चाहे कितना भी सरकारी कर्मियो को दिन रात ईमानदारी का पढ़ाए लेकिन बाबजूद इसके भ्रष्टाचार का दीमक कम नही हो रहा है।बरखेड़ा नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार निवासी रोशनलाल पुत्र रेवती प्रसाद ने अधिशासी अधिकारी को लिखे प्रार्थना पत्र मे बताया है की चार महीने हो है कागज दिए हुए और अभी तक नही प्रमाण पत्र। वह अपने बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र लेने गया तो वहा बैठे बाबू लेखाकार नफीस अहमद ने पांच सौ रुपए मांगे।और रुपए नही देने से मना करने पर नगर पंचायत कार्यालय के लेखाकार नफीस अहमद ने गाली-गलौज करते हुए वहा से भगा दिया है।पीड़ित ने बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र दिलवाए जाने की गुहार लगाई है।और पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया है की लेखाकार पिछले 20 वर्षे से अधिक समय से एक ही नगर पंचायत मे जमा बैठा है जिससे भ्रष्टाचार और पनप रहा है।वही आय से अधिक करोड़ो रुपए की सम्पत्ति बना रखी है। वहीं इस सबंध में इस पूर्ण वार्तालाप की जानकारी फोन पर करना चाहि लेकिन ईओ लाल चन्द भारती का फोन नही उठा।

# सेवानिवृत्त डाक कर्मी लापता खेत देखने निकले थे घर से

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव नारायनपुर निवासी मोहन स्वरूप ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया है की उनके पिता डाक कर्मी के पद से सेवानिवृत्त हुए है।इसके बाद वह.घर पर ही रहते है।रोज शाम को खाना खाने के बाद खेत देखने के जाते थे।बुधवार की रात को भी खाना खाने के बाद खेत देखने की बात कह कर घर से निकले जब वह काफी देर से घर नही पहुंचे तो उनकी तलाश करना शुरु की गई। मगर उनका कही पता नही चला।गुरुवार की सुबह उनकी तलाश फिर की गई और रिस्तेदारो मे जानकारी की फिर उनका कोई सुराग नही मिला।

# पालिका अध्यक्ष ने सफाई व्यवस्था के लिए प्रत्येक वार्ड को दिए ठेले





* शहर में विभिन्न स्थानों पर लगेंगे 80 डस्टबिन: आस्था अग्रवाल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शहर में सफाई व्यवस्था और अच्छी करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद की ओर से पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने गुरुवार को सफाई कर्मियों को ठेले वितरित किए। इस अवसर पर पालिका द्वारा मंगवाए गए 80 डस्टबिन को भी शहर के विभिन्न स्थानों पर रखवाने के निर्देश दिए। मोहल्ला भूरे खां स्थित एमआरएफ सेंटर पर आयोजित कार्यक्रम में शहर के वार्डों के सफाई कर्मियों को बुलाकर नए ठेले वितरित किए गए। पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने ठेला वितरण के मौके पर पालिका कर्मियों से कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था अच्छी करने के लिए पालिका सभी संसाधनों को उपलब्ध करा रही है। पिछले दिनों फावड़े आदि भी उपलब्ध कराए गए थे। पालिका कर्मी मेहनत और लगन से काम करके शहर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर मौजूद सफाई नायकों को सफाई व्यवस्था की निगरानी करने के भी निर्देश दिए गए। पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था ने बताया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर कूड़ा डंप किया जाता है। जिससे कूड़ा उठने के बाद भी दोबारा से कूड़ा फैला हुआ नजर आता है। इसके लिए नगर पालिका द्वारा 80 डस्टबिन मंगवाए गए हैं। एक-दो दिन में जगह चिन्हित कर ली जाएगी। ये डस्टबिन शहर के ऐसे विभिन्न स्थानों पर रखे जाएंगे, जहां लोग पहले से कूड़ा फेंकते आ रहे हैं। उन्होंने अपील की, कि कूड़ा या तो कर्मचारी की गाड़ी में डालें या फिर डस्टबिन में डालें। शहर वासियों के सहयोग से अपना शहर स्वच्छ रहेगा और सुंदर नजर आएगा।

# 'तहसील में आने वालों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े'

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ द्वारा तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होने खतौनी कक्ष में जाकर देखा कि निर्धारित रेट पर खतौनी वितरित की जा रही है कि नही। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर पवन सिंह को निर्देश दिया कि राजस्व वादों को ससमय निस्तारित किया जाए इसके अलावा उन्हाने न्यायालय तहसीलदार का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ताओं से अच्छा व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। तहसील में आने वालो को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

# जानवर चराने गए बुजुर्ग देवहा नदी में डूबा गोताखोरों की मदद से निकला गया शव

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बरखेड़ा।** गुरुवार की सुबह जानवर चराने गए बुजुर्ग देवहा नदी मे डूबे।वही जानकारी मिलने पर थाना पुलिस ने गोताखोरो की मदद से बुजुर्ग की तलाश शुरु कर दी है।दोपहर तक बुजुर्ग का कोई पता नही चल सका।इधर बुजुर्ग की घटना की खबर परिवार के लोगो को मिली को चीख पुकार मच गई। जैसे ही घटना जानकारी हुई तो देवहा नदी किनारे रहागीर सहित तमाम ग्रामीणो की भीड़ एकत्रित हो गई। थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी प्रेमराज 53 वर्षीय रोज की तरह गुरुवार को सुबह करीब नौ बजे जानवर ले कर गांव के किनारे वह रही देवहा नदी के किनारे चराने के लिए गए थे।प्रत्यक्षदर्शियो के मुताबिक देवहा नदी के पास गए जानवरो को वह भगाने के लिए गए थे।इसी बीच उनका पैर नदी मे फिसल गया और ज्यादा पानी होने के कारण गहरे पानी मे चले गए। वही लोगो ने डूबता देख बचाने का प्रयास किया और असफल रहे।और आनन-फानन मे उनके परिवार के लोगो को जानकारी दी गई। घटना की सूचना बरखेडा पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुचकर गोताखोरो की मदद से बुजुर्ग की तलाश शुरु कर दी और काफी देर तलाश करने के बाद बुजुर्ग प्रेमराज का कोई सुराग नही लगा।घटना के बाद काफी भीड़ एकत्रित हो गई। बरखेड़ा पुलिस ने बहुत दूर तक गोताखोरो की मदद से तलाश करवाया और दो बजे के बाद बुजुर्ग का शव बरामद हुआ।जिसे पुलिस ने बुजुर्ग प्रेमराज के शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।वही इस घटना से मृतक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गरीबों की सेवा करना सबसे पुनीत कार्य: रमेश सिंह

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे कृपाशंकर सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय पलिया में आरोग्य शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 280 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाओं का वितरण हुआ। शिविर में 70 मरीजों का शुगर, 85 की आंख तथा शेष मरीजों के अन्य रोगों का परीक्षण कर उपचार की सलाह दी गई। शिविर का शुभारंभ करते विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे पुनीत कार्य है। गांव में स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से सभी को लाभ होगा। सीएमओ डा. लक्ष्मी सिंह ने शिविर में उपलब्ध सुविधाओं के प्रति विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान राम प्रकाश दुबे अध्यक्ष प्रधान संघ सुईथाकला बृजेश शुक्ला, खुशीराम मिश्र अमन बर्मा राजेश सिंह संजय सिंह विकास सिंह, डा. हरिओम मौर्य, डा. विक्रांत गुप्ता, डा. राघवेंद्र शुक्ला, हृदयपाल यादव सहित तमाम चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्य स्टॉप उपस्थित रहे।



### धनंजय सिंह ने वृक्षारोपण कर लोगों को दिया संदेश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। पूर्व सांसद धनंजय सिंह तथा विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) प्रियांशु सिंह ने सुईथाकलां ब्लॉक के कई स्थानों पर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर धनंजय सिंह ने उपस्थित सभी लोगों से पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दोनों नेताओं ने बासुपुर स्थित एसडीबी स्कूल ,अढनपुर के निर्माणाधीन हनुमान मंदिर परिसर तथा वरिष्ठ पत्रकार मुन्ना त्रिपाठी के आवास पर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान विजय प्रकाश तिवारी ऊर्फ साधु तिवारी, पूर्व प्रधान उमेश वर्मा, भोला सिंह, इंद्रमणि तिवारी, कमलेश तिवारी, सतीश तिवारी ,क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल गिरी, प्रमोद तिवारी, नवीन सिंह, देवेंद्र तिवारी समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।



### रामपुर पुलिस ने 1 वारन्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष रामपुर मनोज कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन मे उपनिरीक्षक इन्द्रदेव सिंह मय हमराह कर्म0गण द्वारा जांच प्रा0पत्र, पेंडिग विवेचना, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति /वाहन व रात्रि गश्त व तलाश वांछित / वारन्टी के दौरान मु0नं0-158/22 धारा 323/504/506/332/353 भादवि से संबंधित वारन्टी विनोद कुमार गौतम पुत्र राम किशुन गौतम ग्राम देवनाथपुर पचौली थाना रामपुर जौनपुर को दबिश के दौरान उसके घर से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय मे भेज दिया गया।



# केंद्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की नवगठित कार्यकारिणी को दी बधाई

* उन्होंने जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह सहित नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियो को शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की जिला नवगठित कमेटी को भारत सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने पत्र प्रेषित कर जिलाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों एव कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी । साथ ही पीलीभीत के सांसद एव भारत सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि जनपद पीलीभीत की नवगठित जिला कार्यकारिणी के गठित होने पर सभी को शुभकामनाए और अनेकों बधाई देता हूं। मुझे आशा है कि आप सभी पूर्व की भांति पत्रकारिता के कर्तव्यों के प्रति निष्ठा रखते हुए पत्रकारिता जगत में उच्च मापदंड स्थापित करेंगे । आपको बतादे 13 जुलाई को उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की जिला इकाई सहित सात कमेटी जिसमे पीलीभीत, बीसलपुर, बरखेड़ा, अमरिया, गजरौला, पूरनपुर समेत बिलसंडा के पदाधिकारियों एव कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ जिसमें जिले के लगभग दो सौ पत्रकारों ने पद एव गोपनीयता की शपथ ली । उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की सातों इकाई के नवगठित कार्यकारिणी को केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पत्र के माध्यम से यूनियन के सभी इकाइयों के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं, बधाई दी ।

### केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के पत्र पर जिलाध्यक्ष हरि पाल सिंह ने आभार व्यक्त किया



केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के पत्र का उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष एव सभी पदाधिकारियों की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं । उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन जिला इकाई पीलीभीत हमेशा पत्रकारिता के कर्तव्यों के प्रति निष्ठा के साथ पत्रकारिता जगत में मापदंड स्थापित करेंगा साथ ही पत्रकारों के हितों में सतत प्रत्यनशील रहेगा।

# गन्ना सट्टे से सम्बंधित 63 कॉलम की सभी सूचनायें ठीक से देख लें किसी प्रकार की आपत्ति होने पर तुरन्त गन्ना पर्यवेक्षक को शिकायत दर्ज करायें: खुशीराम भार्गव

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना विकास परिषद पीलीभीत के गाँव चिडियादाह, सन्तोषपुरा एवं सिरसा सरदहा तथा गन्ना विकास परिषद मझोला के ग्राम पकड़िया विजयपुर एवं फुलैया में ग्राम स्तरीय सर्वे-सट्टा प्रदर्शन कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक एवं चीनी मिल कर्मचारी प्रदर्शन करते हुये मिले। कृषकों को बताया गया कि वे अपने गन्ना सट्टे से सम्बंधित 63 कॉलम की सभी सूचनायें ठीक से देख लें और किसी प्रकार की आपत्ति होने पर तुरन्त गन्ना पर्यवेक्षक को शिकायत दर्ज करायें। प्रदर्शन के दौरान मिलने वाली आपत्तियों को रजिस्टर में दर्ज कर उनका समाधान किया जा रहा है। प्रदर्शन कार्य के साथ ही समिति सदस्यता के लिये विशेष जागरूकता अभियान भी चल रहा है। जिन कृषकों के पास गन्ना की फसल है और वे समिति के सदस्य नहीं हैं, उनसे अपील की गई कि वे 30 सितम्बर से पहले समिति की सदस्यता प्राप्त कर लें। वर्तमान में जिले में 20,170 कृषकों का लगभग 18587 हे. क्षेत्रफल का गन्ना अनबोंडेड है।

# नगर के मुख्य नाले को भू माफियाओं ने जेसीबी लगाकर पाटा

* राजस्व प्रशासन की मौजूदगी में पाटा गया नाला
* भाजपाइयों ने लगाया लेखपाल पर रिश्वत लेकर पटवाने का आरोप

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



मछलीशहर कस्बे के बेहद पुराने मुख्य नाले को भू माफिया प्लॉटर ने दो दिन पूर्व जेसीबी लगवा कर पूरी तरह से पाट दिया है जिसके कारण आगामी बरसात में कई मोहल्लो में भारी जल भराव हो जायेगा और घरों में भी लोगों के पानी घुसना तय है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने आरोप लगाया की कस्बा लेखपाल ने भारी रिश्वत लेकर मौके पर खुद खड़े होकर नाले को पटवा दिया है। वायरल वीडियो में और मौके पर जाकर देखने से पता चलता है कि इस बेहद पुराने नाले को जिससे पूरे कस्बे का पानी निकलता था उसे पूरी तरह पाट दिया गया है। हालांकि उप जिलाधिकारी श्रीकेश राय ने कहा की नाले को आज ही खुदवाया जाएगा। उन्होंने बताया की कस्बा लेखपाल नगर पंचायत से संपर्क में है लेकिन बाद में पता चला की नगर पंचायत ने नाले पर लोगों के पुराने कब्जे को लेकर पहले नोटिस देने और सीमांकन की बात कहते हुए आज नाला खुदवाने से इनकार कर दिया। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल और पार्टी के पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष जायसवाल में आरोप लगाया कि लेखपाल ने दो दिन पूर्व और ऐन बरसात के मौके पर जेसीबी लगवा कर नाले को पटवा दिया है । मंडल अध्यक्ष ने कहा कि लेखपाल ने भू माफिया प्लाटरों से सांठगांठ करके नगर के बचे खुचे मुख्य नाले को अपनी मौजूदगी में पटवा दिया ।जबकि लेखपाल परमानंद मिश्रा ने कहा की मौके पर कोई नाला नहीं पाटा गया है।कुछ मौर्या बिरादरी और दूसरे लोगों ने इस पर काफी पहले से कब्जा कर रखा है। लेकिन वायरल वीडियो और मौके की स्थिति लेखपाल के बयान से मेल नहीं खा रही है। नाले को पाटे जाने से स्थानीय जनता में बेहद आक्रोश है और लोग प्लाटरो को कोश रहे हैं जो नगर से निकलने वाले हर जल भराव के रास्ते को खत्म करने पर आमदा है। ऐसे मौके पर जब बरसात बिल्कुल सर पर है ऐसे में मुख्य नाले का ही पाट दिया जाना बेहद गंभीर विषय है। एसडीएम श्रीकेश राय ने कहा की नाला जहां था जितना था उतना अति शीघ्र खुदवा कर स्थिति बहाल की जाएगी। कहा कि जनता की समस्याओं से कोई समझौता नहीं किया जाएगा चाहे जितना तगड़ा एक्शन लेना पड़े।

# जिला स्वास्थ्य समिति और ग्रामीण आजीविका मिशन के बीच हुआ एमओयू

**✻ अब सभी स्वास्थ्य इकाइयों में कैंटीन चलाएंगे स्वय सहायता समूह**

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




राज्यमंत्री (स्व0प्र0) समाज कल्याण विभाग, असीम अरूण एंव जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की उपस्थिति में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति व आजीविका महिला संकुल समिति फगुहा कन्नौज के मध्य एमओयू हस्तातरण कार्यक्रम हर्षवर्धन सभागार विकास भवन में सम्पन्न हुआ। मंत्री एंव जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की मूर्ति पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी व आजीविका महिला संकुल समिति फगुहा कन्नौज, के मध्य एमओयू सम्पादित हुआ। दुर्गा महिला समूह की दीदी मनीषा द्वारा जिला अस्पताल में संचालित कैंटीन संचालन का अनुभव साझा किया गया। संगठन से समृद्धि की ओर संबंधित वीडियो क्लिप भी चलाई गई तथा समूह की महिलाओं द्वारा बनाई गई वस्तुओं की प्रर्दशनी का अवलोकन करते हुये सराहना की।

इस अवसर पर मंत्री ने समूह की दीदीओं को बधाई देते हुये कहा कि सरकार की प्राथमिकता स्वस्थ्य शिशु, सुरक्षित मातृत्व है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत मरीजों/ प्रसूता महिलाओं को कन्नौज की विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में पौष्टिक व निशुल्क भोजन मिलेगा। उन्होनें कहा कि स्वंय सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार करना एंव उन्हे आत्मनिर्भर बनाना हमारी सरकार का उद्देश है। कहा कि स्वास्थ्य विभाग व समूह के बीच आज जो एमओयू हुआ है। इससे जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रेरणा कैंटीन का संचालन किया जायेगा। कहा कि हमारे जनपद से 22 दीदीओं को ड्रोन दीदी बनाने के लिये चिन्हित किया गया है। ड्रोन एक ऐसी तकनीक है जिससे कई हेक्टेयर पर छिड़काव बहुत ही कम समय में किया जा सकता है। ड्रोन की तकनीकी आने वाले समय में बदलाव की तस्वीर दिखेगी।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय अजीविका मिशन के तहत एक मिशन मोड पर अभियान चल रहा है जहां हम अपनी समूह की बहनों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बना रहे है। जनपद स्तर पर ब्लाक स्तर पर ग्राम स्तर पर दीदीओं को जोड़कर उनका समूह बना रहे है, और विभिन्न क्रियाकलापों से जोड़ रहे है ताकि वह स्वावलंबी बने और अपने लिये रोजगार स्वयं स्थापित कर सके। इसी कड़ी में आज बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। हमने पिछले वर्ष जिला चिकित्सालय में कैंटीन का कार्य समूह को दिया था, जो बहुत ही अच्छे तरीके से समूह की दीदीओं के द्वारा किया जा रहा है। इसी को देखते हुये मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त सरकारी चिकित्सालयों में समूह को भोजन/ नाश्ता देने का कार्य दिया गया है। हमारा यह उद्देश्य है कि हम केन्द्र एंव राज्य सरकार की योजनाओं को चलायें। जब योजनाऐं चलेगी, तब परिवर्तन दिखायी देगा। जो भी बहने आज इस कार्य में जुड़ी है उनको ढेर सारी बधाई। उन्होनें कहा कि जिस लगन से आपने जिला अस्पताल में कार्य किया। उसी लगन से आप आगे भी कार्य करें। मरीजों एवं प्रसूताओं को शुद्ध, पौष्टिक गुणवत्तायुक्त भोजन दिया जाये। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे।

जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया ने दीदीओं को शुभ कामनाऐं देते हुये कहा कि जब पुरूष कमाता था तब कार्य एक व्यक्ति करता था और खाने वाले ज्यादा होते थे, परन्तु आज कमाई करने वाले 2 है हमारी दीदीओं की कमाई भी अब उस परिवार में जुडेगी, जिससे परिवार सशक्त होगा, आत्म निर्भर होगा। यह कार्यक्रम महिला सशक्तीकरण का कार्यक्रम है। मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने समूह की दीदीओं को बधाई देते हुये कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन उत्तर प्रदेश में 2013 से संचालित है इसका उद्देश्य गरीब महिलाओं को समूह से जोड़ना उनकी क्षमतावर्धन करते हुये उनकी आर्थिक एंव सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है। जनपद में लक्षित 1.13 लाख परिवारों के सापेक्ष 1.04 लाख परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ते हुये 9129 समूह का गठन किया गया है। जनपद में वित्तीय वर्ष 2023 में लखपति सर्वे करते हुये लखपति महिला कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। 2025 तक जनपद में 26105 समूह सदस्यों की वार्षिक आय 1 लाख या अधिक करने का हमारा लक्ष्य है।

कार्यक्रम का संचालन खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.विनोद कुमार, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, उपायुक्त एनआरएलएम राजकुमार लोधी, उपायुक्त मनरेगा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण व समूह की महिलायें उपस्थित रही।

# महिला डिग्री कालेज में हुआ दीक्षारम्भ कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




आज राजकीय महिला महाविद्यालय, बांगर, कन्नौज के तत्वावधान में बीए प्रथम वर्ष की नव प्रवेशित छात्राओं हेतु महाविद्यालय की प्राचार्या रीतू सिंह के संरक्षण एवं अध्यक्षता में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया।

सभी विषयों के प्रवक्ताओं ने अपने विषय से संबंधित तथा अन्य संबंधित जानकारी भी प्रदान की। इस दौरान छात्राओं को छात्रवृत्ति, प्रवेश, पाठ्य सहगामी क्रियाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई।

प्राचार्या ने छात्राओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उन्हें समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित होने को कहा एवं अनुशासन बनाए रखने एवं नियमित अपनी कक्षाएं लेने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान प्रवक्ता अम्बरीन फातिमा ने किया एवं प्रेसिडेंट के रूप में विभिन्न प्रकार के स्टार्टअप प्रोग्राम्स के बारे में बताया एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी के रूप में छात्रवृत्ति के लिए किन-किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए इसके बारे में बताया।

कार्यक्रम में प्रवक्ता इतिहास डॉ. नीलम सोनी ने रेंजर्स प्रभारी के रूप में समय-समय पर लगने वाले शिविरों की जानकारी दी।, प्रवक्ता हिंदी शैलेंद्र कुमार ने समारोहक के रूप में वर्ष भर की जाने वाली गतिविधियों के बारे में चर्चा की।

एवं प्रवक्ता शिक्षाशास्त्र डॉ.नेहा मिश्रा ने एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी के रूप में इसकी विस्तृत रूपरेखा एवं सेवा भाव के बारे में बताया। पी.पी. यादव ने प्रवक्ता पुस्तकालय ने ई लाइब्रेरी एवं पुस्तकों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। नूपुर, अजीत, किरण आदि उपस्थित रहे।

## एडीएम और एडिशनल एसपी ने कराया बाढ़ आपदा बचाव का मॉक ड्रिल



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह एंव अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह की उपस्थिति में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बाढ़ आपदा से बचाव हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने कहा कि आपदा प्रतिक्रिया क्षमताओ को बेहतर बनाने एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिये इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया । मॉक ड्रिल का उद्देश्य बाढ़ स्थिति/व्यक्ति के नदी, झील, नहर, पोखरा, कुआँ, तालाब, नाला गड्ढा, जल प्रपात में डूबने आदि के दृष्टिगत तैयारी और प्रक्रिया कार्यवाही को तत्पर्य करना है। मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ टीम द्वारा खोज और बचाव अभियान, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के लिये निकासी प्रक्रिया, प्राथमिक चिकित्सा और चिकित्सा प्रतिक्रिया अभ्यास तथा पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम के बीच समन्वय आदि के संबंध में मॉक ड्रिल की गई है। मॉक ड्रिल के दौरान उपजिलाधिकारी सदर रामकेश सिंह, प्रभारी तहसीलदार सदर हिमांशू प्रभाकर, जिला होमागार्ड कमांडेट, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहित उपस्थित रहे।

# आयुष समिति की बैठक में बोले एडीएम




**✻ रोगियों की जांच समय से हो, योग भी नियमित कराएं**

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला आयुष समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुष विभाग के अन्तर्गत संचालित आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्सालयों, हेल्थ वेलनेस सेन्टरों, आयुष मिशन के अन्तर्गत आवंटित वित्तीय धनराशि के प्रगति, चिकित्सालयों हेतु भूमि की उपलब्धता, मूलभूत सुविधाओं आदि विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गयी।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मन्दिर(हेल्थ वेलनेस सेन्टर) में नियमित रूप से योग प्रशिक्षक द्वारा योग कराया जाए। ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, मूत्र, मलेरिया, डेंगू एवं गर्भावस्था की निशुल्क जांच समय से होना चाहिए, इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत योग प्रशिक्षको का मासिक पारिश्रमिक का भुगतान समय- समय से किया जाए। सभी पांच आयुर्वेद आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर मुफ्त निधि कंटीन्जेंसी मद के अंतर्गत आवश्यकतानुसार सामग्री जैन पोर्टल के माध्यम से ही क्रय की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आयुष्मान/आयुर्वेदिक आरोग्य मन्दिर में सभी डॉक्टर्स/वर्कर्स निर्धारित समयानुसार अपनी सेवायें दें, यदि डाक्टर अनुपस्थित पाये जाये तो उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाये।

माह अप्रैल से जून 2024 में हीमोग्लोबिन, प्रेगनेंसी किट, मलेरिया टेस्ट कार्ड, थायराइड, यूरिन, आदि टेस्टिंग के प्रयोग में लाई गई कीटों की संख्या को समय समय से फीड किया जाए और समय से रोगियों की जांच की जाए।

सीसीटीवी सभी सेंटरो में संचालित रहना चाहिए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विनोद कुमार सहित संबंधित डॉक्टर अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पति की मौत के पांचवें दिन पत्नी की सर्पदंश से चली गई जान

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



उन्नाव जिले के बेहटामुजावर में पांच दिन पहले गांव के ही एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए वृद्ध की गंगा में डूबकर मौत हो गई। पांचवें दिन पत्नी की सर्पदंश से मौत हो गई। थानाक्षेत्र के आसायस गांव निवासी गयावती (55) घर में परिवार के साथ सो रही थी। रात करीब 11:30 उसे सांप ने डस लिया। परिजन पहले झाड़ फूंक के चक्कर में पड़े रहे और उसे पड़ोस के गांव में लेकर गए।

हालत लगातार बिगड़ने पर रात करीब दो बजे बांगरमऊ सीएचसी लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया, जहां मृत घोषित कर दिया गया। परिजन पोस्टमार्टम कराए बिना ही शव लेकर चले गए। मृतका गयावती के पति कन्हैयालाल गुप्ता 20 जुलाई को एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने गंगाघाट गए थे। इसी दौरान उन्होंने नदी में छलांग लगाई थी। अगले दिन 21 जुलाई को उनका शव मिला था। दिल्ली में रहने वाले मृतक के बेटे मनोज, ललित, गुल्लन, विवाहित बेटी नीरज व भोली के आने के बाद कन्हैयालाल का संस्कार कर रहे थे। बुधवार को दसवां हुआ था।

# मां ने पांच साल के बेटे को फंदे से लटकाया, फिर खुद कर ली आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव जिले के अजगैन कोतवाली क्षेत्र में पारिवारिक कलह से परेशान महिला ने पांच साल के बच्चे को फंदे से लटकाने के खुद भी आत्महत्या कर ली। मृतका के मायके वालों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। अजगैन कोतवाली के मलांव गांव निवासी देशराज की पत्नी शांति (30) ने गुरुवार सुबह करीब छह बजे पारिवारिक कलह में पहले बेटे देवराज (5) को फंदे पर लटका कर मार डाला। फिर खुद साड़ी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पति देशराज साड़ी के दोनों छोर में पहले बच्चे और फिर पत्नी का शव लटका देख बेहाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की है। पुलिस को देशराज ने बताया कि पहले वह मुंबई में रहकर मजदूरी करता था। पांच महीने पहले वह घर आ गया था।

### पति-पत्नी में अक्सर होता था विवाद

तब से यहीं मजदूरी कर पालन पोषण करता था। मोहल्लेवासियों के मुताबिक, शांति का अक्सर सास गुड्डी की सेवा न करने पर पति से विवाद होता था। देशराज तीन भाई है। सब अलग-अलग रहते हैं। मां के साथ पत्नी का व्यवहार देख देशराज अक्सर पत्नी को पीटता था।

### मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया

इससे दोनों में जमकर विवाद होता था। पुलिस ने पति और मोहल्ले वालों के बयान दर्ज किए हैं। सूचना पर दही थानाक्षेत्र के शिवदीनखेड़ा निवासी मृतका के मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगा हंगामा किया।

### शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे

कोतवाल ने परिजनों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई का शासन दिया, तब परिजन शांत हुए। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि पारिवारिक विवाद में मां ने बेटे को फंदे से लटकाने के बाद खुद भी आत्महत्या की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट कराया जा रहा है।

# मदरसों को मिल रही नोटिस पर कहा सामूहिक रूप से हस्ताक्षर कर लगाएं जवाब

जन एक्सप्रेस । कानपुर



राब्ता मदारिस इस्लामिया दारूल उलूम देवबन्द मश्रिक़ी यू0पी0 जोन-1 का उमूमी व इनामी इज्लास मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर में ज़ोन के अध्यक्ष मुफ्ती इक़बाल अहमद क़ासमी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आये दारूल उलूम देवबन्द के उस्ताद मौलाना मुहम्मद मुज़म्मिल बदायूंनी ने मुख्य सम्बोधन में मदरसों को मिलने वाली नोटिसों पर कहा कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत मदरसों, पाठशालाओं और गुरूकुलों को बिल्कुल अलग किया गया है। भारतीय संविधान ने हमें धार्मिक संस्थान स्थापित करने का अधिकार दिया है। जहां भी नोटिसें पहुंच रही हैं, वहां के मदरसों के ज़िम्मेदार सामूहिक रूप से हस्ताक्षर करके ज़िला के शिक्षा अधिकारी के पास इसका लिखित जवाब भेज सकते हैं। मौलाना ने मदरसों के ज़िम्मेदारों को यह भी बताया कि संयुक्त राष्ट्र में देश के विकसित कहलाने के लिये ज़रूरी है कि वहां की सम्पूर्ण जनसंख्या साक्षर हो, और हमारे देश के सरकार मदरसों में दी जाने वाली शिक्षा को शिक्षा मानती ही नहीं, ऐसे में जो बच्चे मदरसों में पढ़ते हैं, उन्हें निरक्षर मानती है जिस कारण से ही आगे परेशानी आती है। उन्होंने बताया कि दुनिया भर में उदारवाद के नाम पर अधार्मिकता को बढ़ावा देकर आपकी तहज़ीब, संस्कृति और पहचान को मिटाने का दौर चल रहा है, उन्हांने कई उदाहरणों से बताया कि यह उदारवादी वर्ग जिस स्थिति में हमारे समाज और देश को पहुंचाना चाहता है वह जानता है कि अधार्मिकता और पहचान खत्म करने में कोई सबसे बड़ी रूकावट है वह दीनी मदरसे हैं जिनकी वजह से आज भी समाज में कुछ तहज़ीब और संस्कृति बची हुई है। मौलाना ने कहा कि अगर हमारी ईमानदारी और अल्लाह से जुड़ाव में कमी आयेगी तो अल्लाह की मदद भी रूक जायेगी और जब अल्लाह की मदद रूक जायेगी तो परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

ज़ोन के अध्यक्ष मुफ्ती इक़बाल अहमद क़ासमी ने कहा के असल समस्या स्वयं हमें अपनी ज़िम्मेदारियों को अदा करने की है, हम समस्याओं से प्रभावित होकर अपने रास्ते से बिल्कुल ना हटें, समस्याओं का हल तलाश करें। मदरसों का भविष्य बहुत अच्छा है।

उपाध्यक्ष मौलाना इस्लामुल हक़ अस्जद क़ासमी ने मदरसों में तालीम व तर्बियत की गुणवत्ता में बेहतरी लाने की बात कही। उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी ने कहा कि दीन का पैग़ाम पहुचाने के लिये समसामयिक विषयों के अध्ययन की भी ज़रूरत है। सहायक अध्यक्ष हाफिज़ अब्दुल कुद्दूस हादी ने कहा कि मुसलमानों पर हमेशा हालात आते रहे हैं, अल्लाह के सिवा किसी से डरने की ज़रूरत नहीं है, अपने मामलात साफ रखने चाहिए। फरूखाबाद के मुफ्ती ज़फर अहमद क़ासमी ने बताया कि हमें मदरसे चलाने का कानूनी अधिकार प्राप्त है, यह हमें संविधान ने दिया है, ऐसे में हमें संविधान की रक्षा की भी चिंता करनी चाहिए।

इसके अलावा गोन्डा के मौलाना मुहम्मद इब्राहीम क़ासमी, इटावा के मौलाना मुहम्मद तारिक़ शम्सी, बस्ती के मौलाना अख्तर हुसैन क़ासमी, बहराइच के मौलाना मुहम्मद फारूक़ क़ासमी, सन्त कबीर नगर के मौलाना मुहम्मद शाहिद क़ासमी, शाहजहांपुर के मौलाना अज़ीमुद्दीन, मुफ्ती मसूद ने अपनी राय रखी। जमीयत स्टडी सेंटर के समन्वयक मौलाना तन्ज़ीम नदवी ने जमीयत ओपेन स्कूल से जुड़ने के तरीक़ा बताया।

संचालन कर रहे ज़ोन के महासचिव मुफ्ती अब्दुर्रशीद क़ासमी ने पिछले इज्लास और संयुक्त परीक्षा की कार्यवाही रिपोर्ट पेश की जिस पर सभी संतुष्ट नज़र आये। उमूमी इज्लास के बाद संयुक्त परीक्षा में अरबी अव्वल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सनाउल्लाह निवासी सन्त कबीर नगर, अबू हुज़ैफा निवासी बहराइच, द्विवतीय स्थान प्राप्त करने वाले मुहम्मद अली निवासी औरैया, अब्दुर्रक़ीब निवासी सन्त कबीर नगर, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मुजीबुर्रहमान निवासी बाराबन्की, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले उबैदुर्रहमान निवासी सन्त कबीर नगर, अबु ज़ैद निवासी गोन्डा, अब्दुल्लाह निवासी सन्त कबीर नगर, मुहम्मद माज़ निवासी बस्ती और पंचम स्थान प्राप्त करने वाले अबु मुअज्ज़म निवासी सीतापुर, अन्सारूल हक़ निवासी पूर्णिया, अरबी दोम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले फज़्लुर्रहमान निवासी गोंडा, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मुहम्मद अन्सब कानपुर, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अब्दुल मन्नान लखीमपुर, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले उसैद अहमद, पंचम स्थान प्राप्त करने वाले यहया अब्दुल्लाह लखीमपुर, मुहम्मद ज़ैद क़न्नौज के बाद हिफ्ज़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मुहम्मद हमज़ा कासगंज, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मुहम्मद अबूज़र औरैया, अबू हुज़ैफा श्रावस्ती, अबू हुज़ैफा गोंडा, मुहम्मद तनवीर सीतापुर, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मुहम्मद नियाज़ दरभंगा, मुहम्मद तैयब गोन्डा को मुख्य अतिथि मौलाना मुहम्मद मुज़म्मिल बदायूंनी ने इनाम और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इज्लास का शुभारम्भ क़ारी उबैदुल हई फुरक़ानी और क़ारी इनामुल हक़ फरीदी ने कुरआन की तिलावत से किया। हाफिज मसूद ने नात पाक का नज़राना अक़ीदत पेश किया। गोंडा से तशरीफ लाये मुफ्ती नेमतुल्लाह क़ासमी की दुआ पर इज्लास सम्पन्न हुआ।

# कक्षा एक में किसी ने नहीं लिया दाखिला



जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद

मुरादाबाद मंडल के परिषदीय स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के तमाम दावे किए जा रहे हैं, लेकिन स्थिति यह है कि मंडल के 1241 स्कूलों में कक्षा एक अभी तक एक भी दाखिला नहीं हुआ है। एडी बेसिक का कहना है कि प्रेरणा पोर्टल पर नामांकन अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं।

परिषदीय स्कूलों में शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने शिक्षकों को गर्मियों की छुट्टियों के बाद सभी परिवारों का सर्वेक्षण कर 6 से 14 आयु वर्ष के बच्चों के नामांकन करवाने के निर्देश दिए गए थे।

इसके अलावा दूसरे चरण में 28 जून से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान चलाने के भी निर्देश थे। बीएसए, बीईओ, शिक्षकों को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार के अलावा बच्चों की रैली निकालकर नामांकन और नियमित उपस्थिति के लिए जागरूक करने को कहा था।

इसके बावजूद पिछले दिनों नए नामांकन को लेकर हुई मंडलीय समीक्षा में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। बताया जाता है कि मंडल में 1241 ऐसे विद्यालय हैं, जहां पर प्रेरणा पोर्टल पर कक्षा एक में कोई दाखिला नहीं दर्ज है। इसमें मुरादाबाद जनपद के 202 विद्यालय हैं।

इसके अलावा मुरादाबाद जनपद के ही 60 ऐसे स्कूल भी हैं, जहां पर कक्षा छह में भी कोई नया नामांकन नहीं हुआ है। मुरादाबाद जनपद में कुल 1408 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें लगभग एक लाख 80 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

### उम्र में भी मिल गई तीन महीने की सहूलियत

- शिक्षकों का कहना है कि नए नियमों के अनुसार नए शैक्षिक सत्र 2024-25 में कक्षा एक में उन बच्चों का ही नामांकन किया जा सकेगा, जिनकी आयु एक अप्रैल 2024 को छह साल पूरी हो चुकी है। शिक्षकों ने नामांकन प्रभावित होने का एक कारण यह भी बताया है।
- इसको देखते हुए विभाग ने कक्षा एक में प्रवेश के मामले में बच्चों को तीन माह की राहत दी है। निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बीएसए को निर्देश दिया कि सत्र 2024-25 में कक्षा एक में ऐसे छात्रों का नामांकन किया जा सकता है, जिनकी आयु 31 जुलाई को छह साल पूरी हो रही हो।
- यह शिथिलता सिर्फ इसी सत्र के लिए है। बता दें कि विभाग 28 जुलाई से स्कूल चलो अभियान शुरू करेगा। इसमें अधिकाधिक बच्चों के नामांकन कराने का लक्ष्य रखा गया है।

### मंडल के परिषदीय स्कूल, जिनमें कक्षा एक में नहीं हुआ कोई नामांकन

| जनपद | स्कूल |
|---|---|
| मुरादाबाद | 368 |
| रामपुर | 253 |
| अमरोहा | 221 |
| मुरादाबाद | 202 |
| संभल | 197 |

*नोट....* जूनियर में मुरादाबाद के 60 स्कूलों में कक्षा छह में कोई नामांकन नहीं हुआ है।

# परिवार वाले शव दफनाने जा रहे थे तभी सामने आ गया बेटा सरफराज

जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद

मुरादाबाद में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां लापता हुए एक युवक के परिजन नदी में मिले शव को दफनाने जा रहे थे। इस बीच वह सकुशल घर पहुंच गया। उसे देखकर लोग सन्न रह गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। अब मामले की जांच हो रही है कि वह शव किसका था। छजलैट के खुशहालपुर गांव में चौंकाने वाला मामला सामने आया। एक दिन पहले लापता हुए सरफराज उर्फ नन्हे के परिजन और ग्रामीण करूला नदी में मिले शव को उसका समझकर दफनाने जा रहे थे।

इसी दौरान सरफराज घर लौट आया। उसे देखकर परिजन खुशियां मनाने लगे।

मामले की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। साथ ही सरफराज व उसके परिजनों से पूछताछ की। छजलैट थाना क्षेत्र के खुशहालपुर निवासी सरफराज उर्फ नन्हे (35) का मंगलवार को पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।

इसके बाद सरफराज नाराज होकर घर से कहीं निकल गया। देर रात तक परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार सुबह परिजन और ग्रामीण फिर तलाश में जुट गए। इसी दौरान गांव से करीब 700 मीटर दूर अमरोहा जनपद के सिहाली नारायणपुर गांव के पास करूला नदी में पुल के पास एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया।

जानकारी मिलने पर सरफराज के परिजन भी पहुंच गए। उन्होंने अंगोछे और कपड़ों से शव की पहचान सरफराज के रूप में कर ली और शव को उठाकर घर ले आए। परिजन शव दफनाने जा रहे थे तभी सरफराज घर पहुंच गया। उसे सही सलामत देखकर परिजन व ग्रामीण हैरान रह गए।

मामले की जानकारी मिलने पर छजलैट थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों से लिखित में लिया कि सरफराज जिंदा है। वह अपनी पत्नी से नाराज होकर कहीं चला गया था। इसके बाद पुलिस ने नदी में मिले शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मृतक की नहीं हो पाई शिनाख्त

सरफराज उर्फ नन्हे के घर लौटने के बाद नदी में मिले शव की पहचान कराने में पुलिस दोबारा जुट गई। पुलिस ने आसपास के जनपदों में सूचना भेजने के साथ ही सोशल मीडिया पर भी मृतक के फोटो शेयर किए हैं, जिससे पहचान कराने में मदद मिल सके। सीओ कांठ अपेक्षा निंबाडिया ने बताया कि शव पर चोट या फिर अन्य किसी प्रकार का कोई निशान नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### सिविल लाइंस क्षेत्र में भी हुई थी ऐसी ही घटना

सिविल लाइंस की हिमगिरी कॉलोनी निवासी अनिल अग्रवाल का बेटा कार्तिक 11वीं कक्षा में पढ़ता था। 22 सितंबर 2014 को वह साइकिल से स्कूल जाने के लिए निकला था, लेकिन घर वापस नहीं आया। तीन दिन बाद हापुड़ में एक किशोर का शव मिला था। परिजन हापुड़ पहुंचे और कार्तिक का शव समझकर घर ले आए थे और अंतिम संस्कार भी कर दिया था। इसके अगले दिन हापुड़ पुलिस ने विक्की नाम के किशोर के लापता होने के मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। तब पता चला था कि उन्होंने विक्की की हत्या कर दी। कार्तिक के परिजनों ने जिस शव का अंतिम संस्कार किया था वो विक्की का था। 10 साल बाद भी पुलिस कार्तिक को नहीं ढूंढ पाई है।

# महाराष्ट्र हुआ पानी-पानी

## कहीं सड़कें तो कहीं घर डूबे, भारी बारिश के बीच चार लोगों की मौत



✻ भारी बारिश के कारण मुंबई आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं: एयर इंडिया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के कई शहरों में लगातार बारिश का कहर जारी है। मुंबई, पुणे, पालघर समेत कई अन्य जगहों पर हालात बद से बदतर हो गए हैं। राज्य की राजधानी की सार्वजनिक परिवहन सेवाएं काफी प्रभावित हुई हैं। लगातार बारिश के कारण सड़कों, रेलवे पटरियों और लोगों के घरों में पानी भर गया है। कुछ जगहों पर तो लोगों को बचाने के लिए विभाग को नाव तक की जरूरत पड़ गई है। भारी बारिश से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कुछ जगहों पर स्कूल-कॉलेजों की छुट्टी कर दी गई है। एयर इंडिया ने मुंबई में बारिश को देखते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर ताजा जानकारी साझा की। बताया, भारी बारिश के कारण मुंबई आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। धीमे यातायात और जलभराव को देखते हुए हवाईअड्डों पर आने के लिए थोड़ा पहले निकलने की सलाह दी जाती है।

### इन लोगों की हुई मौत

पुलिस ने बताया कि घटना डेक्कन जिमखाना इलाके में हुई। तीनों मृतक बाबा भिड़े पुल के पास सड़क किनारे ठेले पर अंडे बेच रहे थे। डेक्कन जिमखाना पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि भारी बारिश के कारण उनका ठेला पानी में डूब गया था। उसे पानी से निकालते समय बिजली का करंट लग गया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद तीन लोगों- अभिषेक घाणेकर, आकाश माने और शिव परिहार को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### पुणे में स्थिति बहुत खराब: एकनाथ शिंदे

राज्य में वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, पुणे में स्थिति बहुत खराब है। लोगों के घरों में पानी भर गया है रोड पर पानी है। बांध में बारिश का पानी भर गया है। वहां एनडीआरएफ सहित सभी अधिकारियों को मैंने सूचित किया है। टीमें वहां काम रही है। मैंने आर्मी के मेजर जनरल अनुराग विज से भी बातचीत की है। कर्नल संदीप से बात की है और उन्हें अपनी टीम को अलर्ट पर रखने को कहा है। लोगों को एयरलिफ्ट करने की भी तैयारी की गई है। प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है और उनके खाने पीने की व्यवस्था करने को कहा है।

### जनजीवन अस्त-व्यस्त

पुणे में बुधवार रात से लगातार बारिश हो रही है। भारी बारिश के कारण शहर के कुछ हिस्सों में जलभराव हो गया है। तस्वीरों से साफ समझ आ रहा है कि यहां के हालात कितने खराब हैं। लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आवासीय क्षेत्रों में बारिश का पानी घुसने के बाद पुणे अग्निशमन विभाग को लोगों को बचाने के लिए इन्फ्लेटेबल रबर बोट की मदद लेनी पड़ी।

### अंधेरी सबवे करना पड़ा बंद

वहीं, मुंबई के अंधेरी में जलभराव हो गया है। यहां का सबवे भारी बारिश के चलते वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। पालघर के कलेक्टर कार्यालय ने बताया कि आईएमडी ने आज के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसे देखते हुए जिले के सभी स्कूल और कॉलेज बंद करने का फैसला लिया है। वहीं, पुणे शहर में भारी बारिश के कारण अग्निशमन विभाग ने आज सुबह शहर के निंबजनगर इलाके में फंसे 70 लोगों को बचाया।

### करंट लगने से मौत

बिगड़े मौसम के मिजाज का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि यहां चार लोगों की मौत की खबर सामने आई है। भारी बारिश के कारण पुणे ग्रामीण के अधरवाड़ी गांव में चट्टानें खिसकने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि हादसे में एक अन्य घायल भी हो गया। वहीं, गुरुवार तड़के तीन लोगों की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। वे भारी बारिश के कारण डूबे अपने ठेले को हटाने की कोशिश कर रहे थे।

# कर्नाटक विधानसभा में परिसीमन, एक देश-एक चुनाव और नीट के खिलाफ प्रस्तावों को मंजूरी

✻ देशभर में हो रही अनियमितताओं को देखते हुए नीट प्रणाली को रद्द किया जाए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू



कर्नाटक विधानसभा ने गुरुवार को आगामी जनगणना के आधार पर लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन, एक देश-एक चुनाव और राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट) के खिलाफ प्रस्तावों को मंजूरी दी। दूसरे प्रस्ताव में कहा गया है कि एक देश-एक चुनाव का प्रस्ताव भारत की लोकतांत्रिक और संघीय व्यवस्था के लिए खतरा है। इसमें आगे कहा गया, विभिन्न राज्य विधानसभाओं की अपनी शर्तें होती हैं और एक समान चुनाव कार्यक्रम राष्ट्रीय मुद्दों पर बहुत अधिक फोकस करके और स्थानीय चिंताओं की उपेक्षा करके राज्यों की स्वायत्ता को कमजोर कर सकता है। पर्यास सुरक्षा सुनिश्चित करना, चुनाव कर्मचारियों का प्रबंधन, मतदाताओं के बीच निराशा, कम सरकारी जवाबदेही और आर्थिक व सामाजिक बाधाएं एक साथ चुनाव कराने से जुड़ी गंभीर चिंताएं हैं। राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच. के. पाटिल की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव में कहा गया, यह सदन केंद्र सरकार से आग्रह करता है कि वह भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और एकता की रक्षा के लिए इस कड़े कानून को लागू न करे।

### जनगणना के आधार पर नहीं होना चाहिए परिसीमन

एक प्रस्ताव में विधानसभा ने मांग की है कि केंद्र सरकार को 2026 की जनगणना या उसके बाद होने वाली जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन नहीं करना चाहिए। जनसंख्या के आधार पर सीटों की संख्या में इजाफे की स्थिति में उसे किसी राज्य में लोकसभा सीटों और वहां के विधानसभा क्षेत्रों की संख्या तय करने के लिए 1971 की जनगणना को ध्यान में रखना चाहिए।

### नीट प्रणाली को समाप्त करने की मांग

राज्य की कांग्रेस सरकार ने कहा कि नीट परीक्षा प्रणाली ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब बच्चों के लिए चिकित्सा शिक्षा के अवसरों को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। यह न केवल स्कूली शिक्षा प्रणाली को अप्रभावी बनाता है। बल्कि राज्य सरकार द्वारा प्रबंधित मेडिकल कॉलोजों में छात्रों को प्रवेश देने के राज्य के अधिकार को भी छीन लेता है। इसलिए यह अनुरोध किया जाता है कि इस प्रणाली समाप्त किया जाए। तीसरे प्रस्ताव में कहा गया, यह सदन केंद्र से मांग करता है कि कर्नाटक को इस परीक्षा से छूट दी जाए और राज्य सरकार द्वारा आयोजित सामान्य प्रवेश परीक्षा के आधार पर स्कूली छात्रों को मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश की अनुमति दी जाए। देशभर में हो रही अनियमितताओं को देखते हुए नीट प्रणाली को रद्द किया जाए।

# कमला हैरिस शासन करने के योग्य नहीं: डोनाल्ड ट्रंप



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासी गलियारों में लगातार हलचल मची हुई है। रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट्स की तरफ से कमला हैरिस मैदान में हैं। यहां आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उपराष्ट्रपति शासन करने के योग्य नहीं हैं। साथ ही उन्हें उग्र तौर पर वामपंथ का समर्थन करने वाली पागल भी बताया। गौरतलब है, रविवार को 81 साल के जो बाइडन ने अचानक से एलान किया था कि वह राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने भारतवंशी कमला हैरिस के नाम का समर्थन किया था। 59 वर्षीय उपराष्ट्रपति अब डेमोक्रेटिक की संभावित उम्मीदवार हैं और उन्हें अगस्त में आधिकारिक रूप से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया जाएगा।

### साढ़े तीन साल से झूठ बोल रहीं कमला हैरिस

78 साल के ट्रंप ने डेमोक्रेटिक की ओर से हैरिस के संभावित उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जमकर तीखा हमला बोला। कहा, साढ़े तीन साल से झूठ बोलने वाली कमला हैरिस बाइडन के हर गलत फैसले के पीछे रही हैं। वह उग्र तौर पर वामपंथ का समर्थन करने वाली पागल हैं। अगर उन्हें कभी पद पर आने का मौका मिला तो वह देश को तबाह कर देगी। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

### देश को तेजी से बर्बाद कर देंगी हैरिस

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, कमला हैरिस अमेरिकी इतिहास में सबसे उदार निर्वाचित राजनेता हैं। वह एक अति-उदारवादी राजनीतिज्ञ हैं। वह भयानक है। वह बर्नी सैंडर्स की तुलना में अधिक उदार हैं। अगर वह कभी सत्ता में आईं, तो वह इस देश को तेजी से बर्बाद कर देगी। वह सीमा की रखवाली करने वाली थीं, लेकिन वह कभी सीमा पर नहीं गईं।

### बाइडन पर भी हमला

डोनाल्ड ट्रंप इतने पर ही नहीं रुके। उन्होंने कमला हैरिस पर हमला बोलते हुए जो बाइडन को भी घेर लिया। कहा, उन्हें भयानक राष्ट्रपति ने नियुक्त किया था। यह आदमी अपने तहखाने में राष्ट्रपति कैसे बन गया। वह अपने तहखाने में ही रहे। हमने पहली बार की तुलना में दूसरी बार बहुत बेहतर प्रदर्शन किया। यह शख्स राष्ट्रपति कैसे बन गया। उन्होंने साढ़े तीन साल में इस देश के साथ क्या किया है। हम इसे बदलने जा रहे हैं। लेकिन उन्होंने हमारे देश के साथ जो किया है वह अकल्पनीय है।

### मैं अच्छा नहीं बनने वाला

उन्होंने तालियों के बीच अपने समर्थकों से पूछा, मुझे अच्छा व्यवहार करना चाहिए था। वे कहते हैं कि जब मुझे गोली लगी तो मेरे साथ कुछ हुआ। मैं अच्छा व्यवहार करने लगा। जब आप इन लोगों से निपट रहे होते हैं, तो वे बहुत खतरनाक लोग होते हैं। जब आप इनके खिलाफ काम कर रहे होते हैं तो आप सच में बहुत अच्छे नहीं बन सकते। आप वाकई अच्छे नहीं हो सकते। इसलिए अगर आपको कोई आपत्ति न हो, तो मैं अच्छा व्यवहार नहीं करने वाला। क्या यह ठीक है?

# भारत-यूके में प्रौद्योगिकी सुरक्षा मजबूत करेगी सेमीकंडक्टर साझेदारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ब्रिटेन में नई सरकार के गठन के पहले ही महीने में यूके के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने भारत का दौरा किया। यह यात्रा भारत और ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने तथा विविधता लाने के लिए दोनों पक्षों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद यूके-भारत प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल का अनावरण किया गया। यह पहल आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन, कौशल विकास और हार्डवेयर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में भी यह कहा गया कि हम एक व्यापक यूके-भारत सेमीकंडक्टर साझेदारी की दिशा में काम करेंगे। हमारी गतिविधियां देशों की व्यक्तिगत शक्तियों और प्रोत्साहनों का लाभ उठाएंगी।

# तेलंगाना की सरकार ने 2.91 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद

तेलंगाना सरकार ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2.91 लाख करोड़ रुपये के कुल व्यय के साथ बजट पेश किया। बजट में राजस्व व्यय 2.21 लाख करोड़ रुपये और पूंजीगत व्यय 33,487 करोड़ रुपये है। कुल राजस्व 2,90,814 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया था, जिसमें 57,000 करोड़ रुपये से अधिक के ओपन मार्केट लोन शामिल थे।

### इस क्षेत्र को इतना मिला

तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने विधानसभा में बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कृषि के लिए 72,659 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा, शिक्षा विभाग के लिए 21,292 करोड़ और सिंचाई के लिए 22,301 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव रखा है।

### तेलंगाना का कर्ज बढ़ा

विक्रमार्क ने कहा कि इस बजट में हमने पंचायती राज और ग्रामीण विकास के लिए 29,816 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि तेलंगाना का कर्ज 6.71 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंच गया है। पिछले 10 वर्षों में राज्य सरकार का कर्ज बिना किसी विकास के 10 गुना बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद 35,118 करोड़ रुपये का कर्ज लिया गया, जबकि 42.892 करोड़ रुपये के कर्ज (मूलधन और ब्याज दोनों) चुकाए गए।

# अजित पवार ने की अमित शाह से मुलाकात, अगली बैठक में सीट बंटवारे को लेकर चर्चा की संभावना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री औक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख अजित पवार ने आज दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के साथ बैठक की। पवार से जुड़े सूत्रों ने पुष्टि की कि यह बैठक बुधवार की देर रात को की गई थी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम 28 जुलाई को फिर एक बार दिल्ली का दौरा करेंगे। इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन इस साल अक्तूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर चर्चा करने के लिए तैयार है। बता दें कि इस महायुति गठबंधन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना, अजित पवार की राकांपा और भाजपा शामिल है। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में राकांपा ने चार सीटों से चुनाव लड़ा था, लेकिन केवल एक में ही जीत हासिल कर पाई। अजित पवार ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को बारामती क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतारा था। हालांकि, उन्हें राकांपा-एसपी के प्रमुख शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

# शराब घोटाला: अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और के. कविता को राहत नहीं, कोर्ट ने तीनों की बढ़ाई न्यायिक हिरासत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है। अब आठ अगस्त को सुनवाई होगी। तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केजरीवाल की पेशी हुई। सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल के तिहाड़ जेल से ही गिरफ्तार किया था। सीएम केजरीवाल के अलावा पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता की भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई और के.कविता की भी न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। इससे पहले 12 जुलाई को अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 25 जुलाई तक बढ़ा दी थी, जिसकी जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है। केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया था। वह अपनी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मामलों के सिलसिले में पेश हुए थे। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली उच्च न्यायालय ने 17 जुलाई को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दायर उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें आबकारी नीति मामले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया है। वहीं सीबीआई ने कहा कि पूरे साक्ष्य आने पर ही कानून के तहत गिरफ्तारी की। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर भी आदेश सुरक्षित रखा है।

# राष्ट्रपति भवन के 'दरबार हॉल' और 'अशोक हॉल' का नाम बदला



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति भवन के प्रतिष्ठित दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदलकर गुरुवार को गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप किया गया। ये हॉल विभिन्न औचारिक समारोहों के आयोजन स्थल हैं। राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति कार्यालय और निवास राष्ट्र के प्रतीक हैं और जनता की एक अमूल्य विरासत हैं। राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, इन्हें जनता के लिए अधिक सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति भवन के माहौल को भारतीय सांस्कृति मूल्यों और लोकाचार के अनुरूप बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए गए। इसी क्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन के दो प्रतिष्ठित हॉल दरबार हॉल का नाम बदलकर गणतंत्र मंडप और अशोक हॉल का नाम बदलकर अशोक मंडप किया है।

# छत्तीसगढ़ में छात्राओं को मिलेगी पीरियड्स लीव



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रायपुर

छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी अब छात्राओं को मेंस्ट्रुअल लीव देगी। यूनिवर्सिटी ने यह पॉलिसी 1 जुलाई 2024 से लागू कर दी है। मेंस्ट्रुअल लीव पॉलिसी लागू करने वाला यह संस्थान प्रदेश का पहला और देश का 6वां गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट है। यूनिवर्सिटी की ओर से बताया गया है कि, यह अवकाश नीति एचएनएलयू 'हेल्थ शील्ड' पहल का हिस्सा है। पॉलिसी के मुताबिक छात्राएं पीरियड्स के दौरान महीने के एक दिन और 1 सेमेस्टर में 6 दिनों की छुट्टी ले सकेंगी। यह लीव उनके अटेंडेंस में भी काउंट होगी। विश्वविद्यालय ने योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक नोडल अधिकारी को भी नियुक्त किया है। कुलपति कुलपति विवेकानंदन ने कहा मेंस्ट्रुअल लीव पॉलिसी का उद्देश्य पीरियड के दौरान छात्रों को उपस्थिति में छूट के रूप में विशेष सहायता प्रदान करना है। यह लीव छात्राओं के स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों को कम करने में मदद करेगी। छात्रा माह में पढ़ाई के दिनों के दौरान एक दिन की छुट्टी ले सकती हैं और परीक्षा के दिनों में बेड रेस्ट की आवश्यकता के सत्यापन पर छुट्टी के दिनों को बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा, अनियमित पीरियड, सिंड्रोम या पीसीओएस जैसी समस्या से पीड़ित छात्रा भी एक सेमेस्टर में 6 छुट्टी ले पाएगी।

### अब तक देश के 6 विश्वविद्यलयों में ही यह सुविधा

इससे पहले जनवरी 2023 में केरल की कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी देशी की पहली यूनिवर्सिटी थी, जिसने मेंसुरेशन लीव देने की शुरुआत की। इसके बाद चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी, असम की गुवाहाटी यूनिवर्सिटी, नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ हैदराबाद और असम की तेजपुर यूनिवर्सिटी भी छुट्टी देती हैं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि यह लीव औरतों को काम करने के लिए कैसे प्रोत्साहित करेगी। ऐसी लीव मंजूर होने से महिलाओं को काम से अलग कर दिया जाएगा। हम नहीं चाहते महिलाओं के साथ ऐसा हो। क्योंकि यह मामला अन्य राज्यों की नीतियों से संबंधित समस्याएं उठाता है। इसलिए कोर्ट के पास इस मामले में दखल देने की कोई वजह ही नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्यों को दिए हैं निर्देश

सुप्रीम कोर्ट में 8 जुलाई को पीरियड लीव की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई थी। इसमें कोर्ट ने कहा था कि यह मामला अदालत में तय करने के लिए नहीं है, बल्कि सरकारी नीति से जुड़ा है। हमारी तरफ से महिलाओं को पीरियड लीव देने का फैसला महिलाओं के लिए हानिकारक होगा क्योंकि कंपनियां महिलाओं को नौकरी देने से बचेंगीं। इसके साथ ही सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्राकोर्ट की बेंच ने केंद्र को निर्देश दिया कि वे राज्यों और इस मामले से जुड़े सभी लोगों की सलाह लेकर एक मॉडल पॉलिसी तैयार करें। यह याचिका वकील शैलेंद्र तिवारी ने लगाई थी। उनकी तरफ से वकील राकेश खन्ना ने सुप्रीम कोर्ट में दलीलें पेश की थीं।

# जैश से जुड़े आतंकियों के 2 मददगार गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 8 जुलाई को आतंकियों के हमले में जूनियर कमीशंड ऑफिसर समेत 5 जवान शहीद हुए थे। इस हमले में आतंकियों की मदद करने वाले दो ओवर ग्राउंड वर्कर गुरुवार को गिरफ्तार किए गए हैं। दोनों ओजीडब्लू आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हुए थे। दोनों आतंकियों को खाने-पीने की चीजों के साथ ही वाई-फाई मुहैया कराते थे, ताकि आतंकी सीमा पार बैठे अपने हैंडल्स से बातचीत कर सकें। इन इलाकों के स्थानीय लोग आतंकियों की मदद करते हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान लियाकत और राज के रूप में हुई है। 8 जुलाई के बाद से आतंकियों को ढूंढने के लिए पुलिस ने 100 लोगों से पूछताछ की थी। इस पूछताछ के आधार पर दोनों ओजीडब्लू वर्कर्स का पता चला था।

### सेना के ट्रक पर आंकियों ने गोलीबारी की थी

8 जुलाई को सुरक्षाबल दो ट्रकों में कठुआ से करीब 123 किलोमीटर दूर लोहाई मल्हार ब्लॉक के माछेड़ी इलाके के बडनोटा में दोपहर 3.30 बजे पहाड़ी इलाके में पेट्रोलिंग के लिए निकले थे। रास्ता कच्चा था, गाड़ी की रफ्तार भी धीमी थी। एक तरफ ऊंची पहाड़ी और दूसरी तरफ खाई थी। आतंकियों ने पहाड़ी से घात लगाकर सेना के ट्रक पर पहले ग्रेनेड फेंका, फिर स्नाइपर गन से फायरिंग की थी। सेना ने भी काउंटर फायरिंग की, लेकिन आतंकी जंगल में भाग गए थे। हमले में 3 से 4 आतंकियों के शामिल होने की बात सामने आई थी। वे एडवांस हथियारों से लैस थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)